ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 11:35 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 10 जून 2025
वर्ष 35, अंक 134, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



केरल तट के पास जहाज में आग लगी 14

एसबीआई चेयरमैन ने वित्तमंत्री को सौंपा लाभांश चेक 12

## पत्नी सोनम ने ही कराई थी भाड़े के हत्यारों से राजा रघुवंशी की हत्या

### हनीमून के लिए मेघालय गए थे इंदौर के दंपती, पति की मिली थी लाश

शिलांग/इंदौर/लखनऊ/झांसी, एजेंसी

मेघालय में हनीमून के दौरान इंदौर के पर्यटक राजा रघुवंशी की हत्या में कथित रूप से उसकी पत्नी शामिल थी, जिसने भाड़े के हत्यारे बुलाए थे। मेघालय की डीजीपी आई नोंगरांग ने सोमवार को यह जानकारी दी। हालांकि, सोनम के पिता ने अपनी बेटी के बेगुनाह होने का दावा किया है जबकि राजा के भाई ने कहा कि अगर सोनम दोषी पाई जाती है तो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

डीजीपी ने बताया कि राजा की पत्नी सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि रातभर की छापेमारी के बाद तीन अन्य हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीन लोगों में से दो मध्यप्रदेश के इंदौर और एक उत्तर प्रदेश के ललितपुर का निवासी है। पूर्वी खासी हिल्स के पुलिस अधीक्षक विवेक सायम ने बताया कि सोमवार को मध्यप्रदेश के सागर जिले से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। राजा (29) और उनकी पत्नी सोनम 23 मई को सोहरा इलाके के नोंगरियात गांव में एक होमस्टे से निकलने के कुछ घंटे बाद ही लापता हो गए थे। राजा का शव दो जून को गांव से 20 किलोमीटर दूर एक खाई में मिला था। उन्होंने बताया कि एक आरोपी को उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया और दो अन्य को एसआईटी ने इंदौर से पकड़ा।

डीजीपी नोंगरांग ने बताया कि सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के नंदगंज थाने में आत्मसमर्पण कर दिया, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों ने खुलासा किया है कि सोनम ने रघुवंशी की हत्या के लिए उन्हें भाड़े पर बुलाया था। गिरफ्तार किया गया पहला व्यक्ति आकाश राजपूत (19) उत्तर प्रदेश के ललितपुर से था। दूसरा विशाल सिंह चौहान (22) और तीसरा राज सिंह कुशवाहा (21) मध्यप्रदेश के इंदौर से था। सोमवार को अपराह्न मध्यप्रदेश के सागर जिले से आनंद कुर्मी (23) को गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच के लिए पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड के लिए अदालत में पेश करेगी। इस बीच, उत्तर प्रदेश के एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने कहा कि इंदौर के गोविंदनगर खारचा की निवासी सोनम रघुवंशी रात में वाराणसी-गाजीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित काशी ढाबा पर मिली। उसे प्रारंभिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया और फिर वन स्टॉप सेंटर में रखा गया।



- पांच आरोपी गिरफ्तार, सोनम को उप्र के गाजीपुर जिले से दबोचा गया

### सोनम के पिता ने कहा-मेरी बेटी बेगुनाह

वहीं, इंदौर में सोनम के पिता देवी सिंह रघुवंशी ने कहा कि मेरी बेटी 100 प्रतिशत बेगुनाह है। हम इस मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि मेघालय पुलिस मेरी बेटी के बारे में गलत बयान दे रही है क्योंकि राजा रघुवंशी की हत्या के मामले के कारण राज्य सरकार की छवि खराब हो रही है। फर्नीचर में इस्तेमाल होने वाली सनमाइका शीट के कारोबारी देवी सिंह ने दावा किया कि उनकी बेटी के खिलाफ मेघालय पुलिस के पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उसने सुपारी देकर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या कराई थी। कहा कि राज कुशवाह उनके प्रतिष्ठान से जुड़ा है, परसों तक वह उनके गोदाम पर काम कर रहा था। मेरी बेटी के साथ उसका नाम गलत तरीके से जोड़ा जा रहा है।

## आरोपी का जबरन नार्को परीक्षण नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-यह कानून के तहत स्वीकार्य नहीं
- अनैच्छिक परीक्षण रिपोर्ट भी सबूत के तौर पर अमान्य

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी आरोपी पर जबरन नार्को-विश्लेषण परीक्षण कराना कानून के तहत स्वीकार्य नहीं है और ऐसा परीक्षण उसके मौलिक अधिकारों पर गंभीर सवाल उठाता है।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने कहा कि आधुनिक जांच तकनीकों की आवश्यकता सच हो सकती है, लेकिन ऐसी जांच तकनीकों को अनुच्छेद 20(3) और 21 के तहत प्राप्त संवैधानिक गारंटी की कीमत पर नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट है कि किसी भी परिस्थिति में कानून के तहत अनैच्छिक या जबरन नार्को-विश्लेषण परीक्षण की अनुमति नहीं है। इस तरह के अनैच्छिक परीक्षण की रिपोर्ट आपराधिक या अन्य कार्यवाही में सबूत के तौर पर स्वीकार्य नहीं है। शीर्ष अदालत ने पटना हाईकोर्ट द्वारा एक मामले में नार्को परीक्षण की अनुमति को खारिज कर दिया।

## भारत सबसे तेज अर्थव्यवस्था और बड़े मुद्दों पर वैश्विक आवाज : मोदी

### तीसरे कार्यकाल का 1 वर्ष पूरा होने पर कहा- सुशासन से विविध क्षेत्रों में आया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे मुद्दों पर प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। सोमवार को अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा होने के अवसर पर मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है।

एक्स पर पोस्ट में प्रधानमंत्री द्वारा साझा एक लिंक में कहा गया है कि वर्तमान केंद्रीय मंत्रियों में से 60 प्रतिशत एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों से हैं। इस संदेश का उद्देश्य कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर एससी, एसटी और ओबीसी के हितों के खिलाफ काम करने के आरोपों के बीच उनकी सरकार की सामाजिक न्याय संबंधी साख को उजागर करना है। एक्स पर अपने पोस्ट में मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेज गति से, उचित अनुपात में और संवेदनशीलता के साथ पथ-प्रदर्शक परिवर्तन किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। 'उज्ज्वला' हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या जनऔषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधि, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं।



### स्वर्णाक्षरों में लिखे जाएंगे मोदी सरकार के कार्य : नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 11 साल के कार्यकाल को 'स्वर्ण अक्षरों' में लिखा जाएगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 'गैर-जिम्मेदार' नेता करार दिया। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर यहां भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया और एक जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार प्रदान करके सुशासन की राजनीति शुरू की, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संप्रग सरकार भ्रष्टाचार, घोटाले और तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त रही। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्र सरकार की विदेश नीति की आलोचनाओं और ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष में भारत के लड़ाकू विमानों के मार गिराए जाने की आशंका जताए जाने के बारे में पूछे जाने पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वह बेबुनियाद सवाल पूछकर गैर-जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं, भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे।

## एक नजर

### एसीबी के समक्ष पेश नहीं हुए सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में सोमवार को पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। एसीबी ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं मनीष सिसोदिया और लोक निर्माण विभाग के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को पूछताछ के लिए बुलाया था।

### मणिपुर में 55.52 करोड़ के नशीले पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), सीमा शुल्क, 37 बीएन असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में ऑपरेशन व्हाइट वेल विशेष अभियान में लगभग 55.52 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ और नकदी जब्त करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि पांच से सात जून के बीच अभियान चलाया गया था।

### ट्रेनिंग पूरी, नौसेना को मिले 18 पायलट

**अरक्कोणम।** आईएनएस राजाली स्थित हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण स्कूल से एक महिला समेत नौसेना के 18 अधिकारियों ने पायलट का प्रशिक्षण पूरा किया। इन अधिकारियों ने भारतीय नौसेना के एयर स्क्वाड्रन-561 में प्रशिक्षण स्कूल में अपने 22 सप्ताह लंबे गहन उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के सफल समापन पर एक प्रभावशाली 'पासिंग आउट परेड' में हिस्सा लिया। सब-लेफ्टिनेंट सिद्धि हेमंत दुबे ने प्रशिक्षण के सफल समापन पर भारतीय नौसेना की दूसरी महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनकर इतिहास रच दिया।

### वैष्णो देवी में सुरक्षा को बना एकीकृत कमांड सेंटर

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणाली वाले 'एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र' का उद्घाटन किया। उपराज्यपाल ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सही समय की निगरानी और भीड़ प्रबंधन को सक्षम करेगी।

### ठाणे में दो ट्रेनों की पासिंग के समय हुआ हादसा, पायदान पर खड़े हो कर रहे थे यात्रा

## महाराष्ट्र में भीड़ से भरी लोकल ट्रेन से गिरकर 4 की मौत, 9 घायल

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार की सुबह बेहद व्यस्त समय के दौरान भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास उस समय घटी जब ट्रेन तीखे मोड़ पर एक-दूसरे को पार कर रही थीं।

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि हादसे में मारे गए लोग दो ट्रेनों के पायदान पर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी और दूसरी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई की ओर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि हादसा दो ट्रेन के पायदान से लटके यात्रियों और उनके बैग के एक-दूसरे से टकराने के कारण हुई।

पुलिस ने बताया कि ट्रेन से गिरे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में ले जाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि रेलवे प्रशासन घटना के कारण की जांच कर रहा है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान केतन सरोज, राहुल गुप्ता, मयूर शाह और ठाणे जीआरपी कांस्टेबल विकी मुखीयाद के रूप में हुई है। वहीं, कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इस्तीफा दे देना चाहिए।



परिजन को खोने पर बिलखती महिला।

### मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार ठाणे जिले में मुंब्रा के निकट उपनगरीय रेल से जुड़े हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देगी। महाजन ने यह भी कहा कि राज्य सरकार घायलों का सभी चिकित्सा खर्च वहन करेगी।

### अब मुंबई में लोकल ट्रेनों के दरवाजे होंगे स्वचालित

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए सभी मौजूदा और नई लोकल ट्रेनों के डिब्बों में स्वचालित दरवाजे की सुविधा देने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में घटी भयावह घटना के बाद मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन सभी लोकल ट्रेन में स्वचालित दरवाजों की सुविधा देने का फैसला किया है।

## छत्तीसगढ़ में बारूदी सुरंग में विस्फोट से एएसपी की मौत

सुकमा, एजेंसी

- नक्सलियों के हमले में डीएसपी और थाना प्रभारी घायल

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई तथा दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक राज्य में पिछले 14 वर्ष में यह पहली बार है जब किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की मौत नक्सली घटना में हुई है।

अधिकारियों के मुताबिक, एएसपी आकाश राव गिरपुंजे और कोंटा के उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) भानुप्रताप चंद्राकर तथा निरीक्षक (थाना प्रभारी कोंटा) सोनल ग्वाला, जिले के कोंटा क्षेत्र में मिट्टी हटाने की एक मशीन को नक्सलियों द्वारा आग लगाने की सूचना पर आज सुबह जवानों के साथ पैदल मौके पर जा रहे थे। इसी दौरान कोंटा-एर्राबोर मार्ग पर डोंड्रा गांव के पास नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम (बारूदी सुरंग) में विस्फोट हुआ, जिससे एएसपी आकाश राव गिरपुंजे, चंद्राकर और ग्वाला घायल हो गए। तीनों को प्रारंभिक उपचार के लिए कोंटा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गिरपुंजे ने दम तोड़ दिया।

## घूस लेते सीजीएसटी अधीक्षक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उप्र के अमरोहा से सीजीएसटी अधीक्षक समेत दो लोगों को एक निजी कंपनी पर जुर्माना माफ करने के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया दूसरा व्यक्ति एक कर वकील है। सीजीएसटी अधीक्षक निशान सिंह मल्ली ने एक व्यवसायी को जीएसटी रिटर्न दाखिल न करने के कारण जुर्माना नोटिस जारी किया था। अधिकारियों ने बताया कि गजरौला में तैनात मल्ली ने कर वकील अमित खंडेलवाल के साथ मिलीभगत कर व्यवसायी से जुर्माना माफ करने के लिए चार लाख रुपये मांगे। मल्ली के पास अमरोहा का अतिरिक्त प्रभार है।

## स्वास्थ्य योजनाओं में 9.94 करोड़ का फर्जी भुगतान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में इलाज के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इसका खुलासा विभागीय जांच में हुआ। 1 से 22 मई के बीच 39 अस्पतालों को फर्जी तरीके से 9,94,13,386 रुपये का भुगतान किया गया। यह भुगतान 6239 दावों के संबंध में किया गया है।

जांच में सामने आया कि यह सारे भुगतान इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी और कम्प्रीहेन्सिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) के अधिकारियों के लॉगिन से किया गया है। हकीकत सामने आने पर संबंधित योजनाओं के स्टेट नोडल अधिकारी डा. बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

डॉ. बृजेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक इन योजनाओं के लाभार्थियों के उपचार के दावे प्रस्तुत करने के बाद भुगतान किए जाने की राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा विकसित एवं प्रबंधित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन व्यवस्था है। जो दावे पोर्टल पर आते हैं, उनकी शुरुआती स्तर पर स्टेट एजेंसी साचीज द्वारा निविदा के माध्यम से चयनित इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आईएसए) द्वारा ऑन लाइन संस्तुति पोर्टल पर ही साचीज को भेजा जाता है। इसकी जांच मेडिकल ऑडिटर लॉगिन पर करने के बाद लेखाधिकारी व प्रबंधक वित्त को भेजे जाने की व्यवस्था है। लेखाधिकारी व प्रबंधक वित्त की संस्तुति के बाद साचीज के सीईओ द्वारा अनुमोदन कर संबंधित बैंक के जरिए अस्पताल को ऑनलाइन भुगतान के लिए भेजा जाता है।



- 22 दिन में 39 अस्पतालों को किया गया यह भुगतान
- आयुष्मान भारत, पीएम व सीएम जन आरोग्य योजना में गड़बड़ी

### आधी रात को 6239 मामलों में भेजे गए पैसे

दावों की ऑन लाइन प्रोसेसिंग कई स्तरों पर जांची गई तो पता चला कि इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी, लेखाधिकारी, प्रबंधक वित्त साचीज और मुख्य कार्यपालक अधिकारी साचीज की लॉगिन से आधी रात को भुगतान की प्रक्रिया पूरी की गई। नोडल अधिकारी के मुताबिक 1 से 22 मई के बीच 39 अस्पतालों को 9.94 करोड़ रुपये का अनियमित भुगतान किया गया। इन अस्पतालों ने 6239 दावे भुगतान के लिए प्रस्तुत किए थे। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक स्टेट नोडल अधिकारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। साइबर क्राइम सेल की टीम के साथ मिलकर मामले की जांच की जा रही है।

## गर्मी ने किया बेहाल, पारा 45° पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सोमवार को भीषण गर्मी से लोग बेहाल रहे। झुलसा देने वाली धूप ने खूब परेशान किया। लखनऊ में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आगरा और झांसी सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ी गर्मी के कारण बिजली की मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई। 8 जून की रात बिजली की मांग 30,161 मेगावाट रही।

बुंदेलखंड, आगरा मंडल और दिल्ली एनसीआर के जिले प्रचंड गर्मी के साथ लू की भी चपेट में रहे। मौसम विभाग ने 10 जून के लिए प्रदेश के आगरा, झांसी, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा व ललितपुर में भीषण गर्मी के साथ लू चलने का 'आरेंज अलर्ट' जारी किया है। दक्षिणी व पश्चिमी यूपी के लगभग 14 जिलों में रातें सामान्य से ज्यादा गर्म रहने के आसार हैं। पश्चिमी यूपी और एनसीआर के लगभग 25 जिलों के लिए लू का 'यलो अलर्ट' जारी किया गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार राजधानी में मौसम शुष्क होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है।



- बिजली की मांग भी 30 हजार मेगावाट के पार पहुंची
- प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रहे झांसी और आगरा जिले

### और बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार 10 जून तक मौसम शुष्क बने रहने, गर्म सतही पछुआ हवा चलने और ऊपरी क्षोभमंडल के प्रतिचक्रवात के संयुक्त प्रभाव से तापमान में 2-3 डिग्री की और बढ़ोतरी होने के आसार हैं। ऐसे में 11 जून तक बुंदेलखंड, विंध्य आदि क्षेत्रों में लू चलने की संभावना है। 11 जून के बाद बंगाल की खाड़ी से उठी नमी से पूर्वांचल व अन्य हिस्सों में बूंदाबांदी का दौर शुरू होने की संभावना है।

## 22 हजार करोड़ से गांवों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

### 10.5 हजार करोड़ की केंद्रीय और 11.5 हजार करोड़ की राज्य की योजनाओं से संवारे जाएंगे गांव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार केंद्र और राज्य की योजनाओं से 22 हजार करोड़ रुपये खर्च करके गांवों का कायाकल्प करेगी। इस अभियान में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ स्वच्छता, रोजगार, आवास और जलनिकासी जैसी जरूरी सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कार्ययोजना में कोई भी गांव अछूता न रहने का सख्त निर्देश दिया है।

योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के चहुंमुखी विकास के लिए बड़े अभियान पर काम कर रही है। इसमें 10 हजार 500 करोड़ रुपये की केंद्रीय योजनाएं और लगभग 11 हजार 500 करोड़ रुपये की राज्य योजनाएं शामिल हैं। इनके माध्यम से गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी ग्रामीण क्षेत्र विकास के लिहाज से अछूता न रहने पाए।

स्वच्छता सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, जिसके लिए 2 हजार करोड़ रुपये विशेष रूप से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत खर्च किए जाएंगे। इस धनराशि से शौचालय निर्माण, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ग्राम स्वच्छता समितियों का सशक्तिकरण और जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।



- 2 हजार करोड़ से स्वच्छ भारत मिशन को मिलेगी रफ्तार, सीएम का निर्देश कोई भी गांव अछूता न रहे

### 1 हजार करोड़ से अधिक की वित्तीय स्वीकृति

ग्रामीण विकास योजना के तहत अब तक 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके अलावा शुरुआती चरण में लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत भी कर दी गई है। इसमें सड़क निर्माण, जलनिकासी, पंचायत भवनों का निर्माण, सामुदायिक शौचालय और पेयजल आपूर्ति जैसी परियोजनाएं शामिल हैं।

### ग्रामीणों को मिले हर आवश्यक सुविधा: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक-एक गांव को विकसित किया जाए, जहां ग्रामीणों को हर आवश्यक सुविधा सुलभ हो। उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी है।

## एक नजर

### कीट नियंत्रण योजनाओं के लिए 20 करोड़ 96 लाख जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि क्षेत्र में कीट व रोग नियंत्रण योजनाओं के लिए राज्य सरकार ने 20 करोड़ 96 लाख रुपये का बजट जारी किया है। विशेष सचिव ओम प्रकाश वर्मा ने बजट जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि इस बजट में न केवल आउट सोर्सिंग सेवाओं में आवश्यकतानुसार कर्मियों को वेतन दिया जा सकेगा, बल्कि विभिन्न मदों के लिए प्रावधानित बजट के अनुसार व्यय किया जाएगा।

### शाहजहांपुर की 14 सीएचसी में लगेंगे अग्निशमन संयंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** शाहजहांपुर के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) पर नए अग्निशमन संयंत्र स्थापित करने की स्वीकृति दी गयी है। स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त सचिव आनन्द कुमार राय ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि 14 सीएचसी में न केवल अग्निशमन संसाधन जुटाने को तीन करोड़ 41 लाख 60 हजार रुपये स्वीकृत किए, बल्कि सोमवार को एक करोड़ 33 लाख 61 हजार रुपये की दूसरी किश्त जारी कर शीघ्र क्रियान्यवन करने के निर्देश दिए हैं। इन 14 सीएचसी में भावलखेड़ा, ददरौल, कांट, मदनापुर, पुवायां, बंडा, सिधौली, तिलहर, निगोही, मिरानपुर कटरा, जयतीपुर, जलालाबाद, अल्हागंज एवं जरियनपुर शामिल हैं।

### हाथरस के परिवहन निरीक्षक भेजे गए कानपुर

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाथरस में सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय के संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) संतोष कुमार को संभागीय परिवहन कार्यालय कानपुर नगर भेज दिया गया है। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह द्वारा सोमवार को स्थानांतरण आदेश जारी कर दिया गया है, जिसमें तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थल पर योगदान न करने की स्थिति में वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

### राजकीय निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक बने रामनाथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकनिर्माण विभाग के मुख्य अभियंता राम नाथ सिंह, उप्र. राजकीय निर्माण निगम लि. लखनऊ में प्रबंध निदेशक का काम भी देखेंगे। उन्हें बतौर प्रतिनियुक्ति यह अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली है। संबन्धित आदेश लोक निर्माण विभाग के विशेष सचिव ने सोमवार को जारी कर दिया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि अतिरिक्त कार्य भार के लिए राम नाथ सिंह को अतिरिक्त वेतन-भत्ता आदि देय नहीं है।

## महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा का अनावरण आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार मंगलवार को महाराजा सुहेलदेव का विजयोत्सव मनाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहराइच में रहेंगे। वे यहां चित्तौरा के समीप स्थापित की गई महाराजा सुहेलदेव की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण करेंगे। साथ ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे। राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची कांस्य यह प्रतिमा पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित की गई थी। इसका निर्माण उप्र संस्कृति विभाग के राज्य ललित कला अकादमी द्वारा कराया गया है। इसे सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पद्मश्री रामसुतार, रामसुतार आर्ट क्रिएशन्स प्रालि. द्वारा बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 फरवरी 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऐतिहासिक चित्तौरा झील परियोजना की शुरुआत की थी। इसमें पर्यटन विकास के साथ ही महाराजा सुहेलदेव की अश्वारोही प्रतिमा की स्थापना भी शामिल थी।



# शाह से मिले योगी, जल्द घोषित होगा नया प्रदेश अध्यक्ष

## मुलाकात के दौरान सरकार और संगठन में फेरबदल को लेकर हुई चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृहमंत्री के साथ पुलिस भर्ती नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर बनी रणनीति

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के अचानक सोमवार को दोपहर बाद दिल्ली दौरे से सरकार और संगठन में फेरबदल को लेकर राजनीतिक अटकलें शुरू हो गईं। गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक में पुलिस भर्ती नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाने के साथ नए प्रदेश अध्यक्ष के नामों पर भी चर्चा हुई। शाह के 15 जून के दौरे के साथ संगठन के मुखिया का एलान भी हो सकता है। बैठक के बाद योगी लखनऊ लौटने के लिए हिंडन एयरपोर्ट रवाना हो गए।

दिल्ली दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह के बीच सोमवार को तकरीबन 35 मिनट तक बैठक चली। गृहमंत्री 15 जून को लखनऊ आएंगे, वे यहां समारोहपूर्वक 60 हजार से अधिक नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इस कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा के साथ यूपी में प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर भी चर्चा हुई। योगी और अमित शाह की इस बैठक में यूपी भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। सहमति बनी कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव और 2026 के पंचायत चुनावों को देखते हुए प्रदेश में नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान जल्द करेगी।



दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी।

### प्रदेश अध्यक्ष के लिए इन नामों पर चर्चा

राज्य में भाजपा अध्यक्ष के लिए जहां ओबीसी वर्ग पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह और केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा का नाम चर्चा में है, वहीं दलित वर्ग से विद्यासागर सोनकर, और विनोद सोनकर के साथ सपा का जोरदार जवाब देने और युवाओं में बेहद लोकप्रिय समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण का नाम भी काफी चर्चा में है। ब्राह्मण चेहरे में पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी का नाम सामने आ रहा है।

### नए प्रदेश अध्यक्ष के एलान में देरी से संगठन सुस्त

हाल यह है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में देरी से युवा मोर्चा, दलित मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, महिला मोर्चा समेत अनुषांगिक संगठन सुस्त दिख रहे हैं। ऐसे में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी पर भी असर पड़ रहा है। अभी 28 जिलाध्यक्षों के नाम भी घोषित नहीं हो पाए हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष भी अपनी टीम नहीं बना सके हैं।

# दिव्यांगों को आरक्षण के लिए पद चिन्हित

## विभिन्न विभागों में श्रेणियों के साथ किया गया पदों का पुनर्चिन्हांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** दिव्यांगों को अब नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, न्याय विभाग, सचिवालय प्रशासन और ग्राम्य विकास विभाग में भी चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। इन विभागों द्वारा किए गए पदों के चिन्हांकन में श्रेणियां चिन्हित न करने ये यह लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब इनमें श्रेणियों सहित पदों का पुनर्चिन्हांकन कर दिया गया है।

प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजन के लिए लोक सेवाओं में चार प्रतिशत पदों के क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था कर रखी है। इसमें रिक्तियों का एक-एक प्रतिशत खंड क, ख व ग में और एक प्रतिशत खंड घ व ड में आरक्षित किया गया है। अब विशेषज्ञ समिति द्वारा किए पुनर्चिन्हांकन में नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग (लघु सिंचाई विभाग) में समूह के तहत अधिशासी अभियंता, समूह ख में सहायक अभियंता और समूह ग में अवर अभियंता, बोरिंग टेक्नीशियन, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन और अमीन के पद चिन्हित किए गए हैं।

पंचायती राज विभाग (राज्य निर्वाचन आयोग) में समूह ग के तहत कनिष्ठ सहायक व समूह घ के पद, न्याय विभाग (डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज) में समूह ग के तहत सहायक लेखाकार, आशुलिपिक, कनिष्ठ सहायक व कंप्यूटर सहायक (ग्रेड ए) के पद चिन्हित किए गए हैं। सचिवालय प्रशासन विभाग में समूह ख के तहत अनुभाग अधिकारी (लेखा) और ग्राम विकास विभाग (दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान लखनऊ) में समूह ग के तहत शोध सहयुक्त के पद का पुनर्चिन्हांकन किया गया है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से इन पदों पर नियुक्तियों की कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### इन श्रेणियों के दिव्यांग आएंगे पात्रता में

दृष्टिहीनता और कम दृष्टि, बधिर और श्रवण शक्ति हास, प्रमस्तिष्कीय अंग घात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण, बौद्धिक निशक्तता, विशिष्ट अधिगम निशक्तता और मानसिक निशक्तता।

## औद्योगिक क्षेत्रों में भी शुरू होगी दीदी की रसोई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत गठित एसएलसीसी की हुई पहली बैठक

**अमृत विचार :** स्कूलों के साथ अब औद्योगिक क्षेत्रों में भी 'दीदी की रसोई' शुरू होगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इसके विस्तार के लिए निर्देश दिये। मुख्य सचिव सोमवार को लोकभवन में लखपति दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति (एसएलसीसी) की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 'दीदी की रसोई' के समान प्रेरणा कैंटीन को स्कूलों के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। बैठक में यूपीएसआरएलएम की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि अब तक 17.09 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। 7 लाख 17 हजार स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड दिया गया है। 5 लाख 74 हजार एसएचजी को सामुदायिक निवेश निधि दी गई। 7 लाख 26 हजार को बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया। 49,800 दीदियों को एकीकृत कृषि क्लस्टर (आईएफसी) से जोड़ा जा रहा है। 5,000 दीदियों को मधुमक्खी पालन, 2,500 को रेशम पालन, और 2,000 को मत्स्य पालन से जोड़ा गया। 20,000 दीदियों को एक लाख महिला उद्यमी (डीए) के लिए चयनित किया गया।

बैठक में बताया गया कि 2026-27 तक 28.92 लाख स्वयं सहायता समूह सदस्यों की वार्षिक पारिवारिक आय को एक लाख रुपये से अधिक करने की योजना है।

# 14 वर्ष बाद प्रदेश में होगी होमगार्ड विभाग में भर्ती

## 44 हजार होमगार्ड भर्ती करने का कार्यक्रम घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 14 वर्ष बाद होमगार्ड विभाग में बड़े पैमाने पर भर्ती शुरू होने जा रही है। जुलाई से प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके तहत 44 हजार होमगार्ड की भर्ती की जाएगी। इस बार होमगार्ड भर्ती परीक्षा भी सिपाही की तर्ज पर संचालित की जाएगी। इसमें लिखित परीक्षा व साक्षात्कार दोनों होंगे। विभाग में 2011 में अंतिम भर्ती हुई थी। भर्ती प्रक्रिया में लगभग 15 लाख तक आवेदन आने की उम्मीद जताई जा रही है।

**पात्रता और आरक्षण व्यवस्था :** इस बार की भर्ती में 10वीं पास युवा आवेदन कर सकेंगे। साथ ही अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष निर्धारित की गई है। यानी 18 वर्ष से लेकर 45 वर्ष तक के अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। महिलाओं के लिए 20% आरक्षण का प्रावधान किया गया है ताकि अधिक से अधिक महिला अभ्यर्थियों को अवसर मिल सके।

### भर्ती कार्यक्रम

जुलाई 2025 : भर्ती के लिए विज्ञापन जारी होगा।

जुलाई-अगस्त 2025 : ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे।

सितंबर 2025 : लिखित परीक्षा कराई जाएगी।

अक्टूबर 2025 : शारीरिक दक्षता परीक्षा।

नवंबर 2025 : साक्षात्कार व दस्तावेज सत्यापन।

दिसंबर 2025 : अंतिम चयन सूची जारी होगी।

इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग सहित अन्य आरक्षित वर्गों के लिए भी नियमानुसार आरक्षण लागू होगा।

**सिपाही भर्ती की तर्ज पर प्रक्रिया :** विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस बार भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए इसे सिपाही भर्ती के पैटर्न पर आयोजित किया जाएगा। पहले लिखित परीक्षा कराई जाएगी, जिसमें सामान्य ज्ञान, रीजनिंग, गणित आदि विषयों से प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा और अंत में साक्षात्कार होगा। इस पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

**पदों का बंटवारा :** 44 हजार पदों में से कितने पद किस जिलों में होंगे। इसका जिलेवार विवरण तैयार किया जा रहा है। ताकि स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता मिल सके। प्रदेश के 75 जिलों में होमगार्डों की आवश्यकता के अनुरूप यह संख्या तय की जाएगी। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिए अलग-अलग कोटि निर्धारित होगी।

### ऐसे करें आवेदन

अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड या होमगार्ड विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। सभी सूचनाएं विज्ञापन जारी होने के बाद पोर्टल पर उपलब्ध होंगी। अभ्यर्थियों को आवेदन करते समय निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

# मोदी सरकार के विकास के 11 साल की प्रदर्शनी का आज उद्घाटन करेंगे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा प्रदेश मुख्यालय में होगा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री समेत वरिष्ठ नेता लेंगे हिस्सा
- भाजपा ने वर्चुअल बैठक कर बनाई रणनीति, 9 जुलाई तक चलेगी डिजिटल प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भर शक्तिशाली भारत और विकास के साथ ही विरासत को समर्पित 11 वर्षों पर आधारित प्रदर्शनी की शुरुआत प्रदेश भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को सुबह 10:30 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह शामिल रहेंगे। इसके पश्चात सुबह 10:45 बजे मुख्यमंत्री भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता करेंगे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने सोमवार को वर्चुअल प्लेटफार्म पर पार्टी पदाधिकारियों से संवाद करके विस्तार से कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश के साथ ही सभी जिला केंद्रों पर मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही 10 से 11 जून को विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका, सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष तथा सशक्त भारत-सुरक्षित भारत विषयों पर प्रोफेशनल मीट आयोजित की जाएगी। जिनमें विभिन्न प्रोफेशनल वर्गों के साथ संवाद किया जाएगा। बदलता भारत-मेरा अनुभव विषय पर डिजिटल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें शॉर्ट वीडियो, ब्लॉग, क्विज प्रतियोगिता में 9 जून से 9 जुलाई तक सहभागिता सुनिश्चित करना है। धर्मपाल ने कहा कि 12 से 14 जून तक मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का काम करना है। शक्ति केन्द्र पर चौपाल लगाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला से लेकर बूथ तक के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा पार्टी के नेता व जनप्रतिनिधि कार्यक्रमों में सम्मिलित रहेंगे।

## देश के 27 लाख बिजली कर्मी करेंगे एक दिन की सांकेतिक हड़ताल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बिजली के निजीकरण का टेंडर होते ही पूरे देश के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। 2 जुलाई को प्रदेश के बिजली कर्मियों के समर्थन में देश के सभी जिलों में व्यापक विरोध प्रदर्शन होंगे। 9 जुलाई को देश के बिजली कर्मी निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की राष्ट्रीय कोर कमेटी की सोमवार को दिल्ली में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और गरीब उपभोक्ताओं के व्यापक हित में केंद्र सरकार तत्काल हस्तक्षेप कर प्रदेश में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराए।

# सवाल पूछने से रोकती है सरकार : अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिक्षा हमारे अंदर रोशनी पैदा करती है। शिक्षा से ज्ञान मिलता है और ज्ञान से जिज्ञासा और सवाल पैदा होते हैं, लेकिन यह सरकार सवाल करने से रोकती है। शिक्षा को महंगा कर रही है और रूढ़िवादी सरकार के मंत्री आपस में ही खींचतान कर रहे हैं।

ये आरोप सोमवार को पूर्व एमएलसी कांति सिंह के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन करने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लगाए। पूर्व एमएलसी कांति सिंह लखनऊ पब्लिक स्कूल व कॉलेज के संस्थापक और सपा सांसद डॉ. एसपी सिंह की पत्नी हैं। उनके जीवन पर आधारित छूना है आसमां पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम लखनऊ के ताज होटल में आयोजित किया गया था। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि रूढ़िवादी लोग शिक्षा के खिलाफ हैं और इस पर नियंत्रण करना चाहते हैं।



लखनऊ एक होटल में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पूर्व एमएलसी कांति सिंह व सांसद डॉ. एसपी सिंह।

### कांति सिंह का संघर्ष नारी समाज के लिए प्रेरणापुंज

**अमृत विचार, लखनऊ :** 'छूना है आसमान' पुस्तक संघर्षों के बीच विजयी होकर निकलने की अमिट कहानी है। पूर्व विधान परिषद सदस्य कांति सिंह की जीवनी को देश की प्रतिष्ठित लेखिका रेनू सैनी ने लिखा है। पुस्तक में कांति सिंह के संघर्ष, संकल्प और सेवा से भरे जीवन को बखूबी रेखांकित किया गया है। पुस्तक को प्रभात प्रकाशन ने प्रकाशित किया है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने विमोचन करते हुए कहा कि किताब का शीर्षक ही बताता है कि जीवन भर संघर्ष करना होता है, क्योंकि आसमान कभी पूरी तरह छुआ नहीं जा सकता। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस के संस्थापक व सांसद डॉ. एस.पी. सिंह ने कहा कि छूना है आसमान सिर्फ एक पुस्तक नहीं, बल्कि एक संदेश है, उन तमाम महिलाओं के लिए जो जीवन में संघर्ष कर रही हैं। इस मौके पर सांसद आरके चौधरी, प्रबंध निदेशक लखनऊ पब्लिक कॉलेजेज सुशील कुमार, जनरल मैनेजर हर्षित सिंह, शिखर पाल सिंह, गरिमा सिंह, समीक्षक राखी सैनी, पूर्व अपर महाविवक्ता यूपी राकेश चौधरी, मुख्य प्रवक्ता समाजवादी पार्टी राजेन्द्र चौधरी, सपा नेत्री जूही सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जेडीयू अनूप सिंह पटेल समेत अन्य मौजूद रहे।

## बसों में बरसाती पानी टपकेगा तो जिम्मेदार के खिलाफ होगी कार्रवाई : दया शंकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए हैं कि वर्षा ऋतु में बसों की छतों से पानी नहीं टपकना चाहिए और न ही खिड़कियां टूटी हों। इसके लिए बरसात आने से पहले ही समस्त बसों का सर्वे कराकर मरम्मत कार्य करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो जवाबदेही तय करते हुए संबंधित के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन मंत्री ने सोमवार को कहा कि यदि बस की चादर खराब है अथवा जॉइंट ढीले हैं तो उसकी तत्काल मरम्मत करा ली जाए, जिससे यात्रियों को बरसात के समय अपनी यात्रा के दौरान परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम की बसों को पूरी तरह से फिट होने के पश्चात ही सड़कों पर भेजा जाए।

**तैयारी** — सर्वेक्षण के बाद मिलेगी शहरी क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी, कम होंगे भूमि विवाद

# ड्रोन सर्वेक्षण से बनेगा शहरों का नक्शा, बेहतर होगा भू रिकॉर्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्र सरकार की टीम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक
- भूमि खरीद व बिक्री में धोखाधड़ी पर लगेगी रोक

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के बाद अब सभी शहरी क्षेत्रों में ड्रोन सर्वेक्षण से नया नक्शा बनेगा। इससे भू-रिकॉर्ड बेहतर होने के साथ शहरी क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी सामने आएगी, इससे भूमि का मालिकाना अधिकार को लेकर स्पष्टता आएगी। भूमि विवाद कम होंगे और भूमि खरीद व बिक्री में धोखाधड़ी पर रोक लगेगी।

सोमवार को राजस्व परिषद में ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी और संयुक्त सचिव कुनाल सत्यार्थी ने राजस्व विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर ड्रोन सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा की। कहा गया कि वर्तमान में प्रदेश में 22.27 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास कर रही है। वर्ष 2031 तक 40 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास करने लगेगी। इसलिए सटीक व सुलभ भूमि रिकार्ड प्रणाली की जरूरत है। अभी तक शहरी क्षेत्रों के जो भी नक्शे हैं, वह टैक्स प्रणाली के मद्देनजर तैयार किए गए हैं। ड्रोन सर्वेक्षण के बाद सभी शहरों का नक्शा तैयार किया जाएगा, इससे भूमि का मालिकाना अधिकार को लेकर स्पष्टता आएगी।

केंद्रीय टीम ने जिन शहरों में ड्रोन सर्वेक्षण किया जाना है, वहां के नोडल अधिकारियों के साथ भी बैठक की। बैठक में राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद व राहत आयुक्त भानु गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### सर्वेक्षण पूरा करने पर मिलेगी 10 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि

भूमि संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव कुनाल सत्यार्थी ने बताया कि एकीकृत भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के लिए कराए जाने वाले सर्वेक्षण के जरिए सभी शहरों व कालोनियों के नक्शों की जियो-रेफरेंसिंग (वास्तविक दुनिया के भौगोलिक निर्देशांकों को डिजिटल मानचित्र या छवि के साथ जोड़ने की प्रक्रिया) पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य पूरा करने वाले नगरीय निकायों को 10 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। देशभर में 4,912 शहरों में ड्रोन सर्वेक्षण करवाने का लक्ष्य रखा गया है।

### डीआइएलआरएमपी के तहत होंगे सर्वेक्षण

डिजिटल इंडिया भूमि रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआइएलआरएमपी) के तहत होने वाले इस सर्वेक्षण के जरिए शहरी क्षेत्रों का क्षेत्रफल, वर्तमान वास्तविक स्थिति तथा भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी एकत्र की जाएगी। साथ ही शहरी क्षेत्रों में स्थित कालोनियों का भी नक्शा तैयार किया जाएगा। पहले चरण में टांडा, नवाबगंज, अनूपशहर, चित्रकूट धाम, गोरखपुर, हरदोई, झांसी, चुनार, पूरनपुर व तिलहर का ड्रोन सर्वेक्षण किया जाएगा। पिछले साल 2 सितंबर को केंद्रीय भूमि संसाधन विभाग के अधिकारियों की टीम ने लखनऊ में राजस्व विभाग के अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में ड्रोन सर्वेक्षण को लेकर प्रशिक्षण भी दिया था।

## परिवहन विभाग ने 241.53 करोड़ अधिक कमाए

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. परिवहन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई अवधि में राजस्व प्राप्ति में खासी उपलब्धियां दर्ज की हैं। इस दौरान विभाग को 2083.63 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 241.53 करोड़ अधिक है। यह उपलब्धी नीति-संचालित सुधार, तकनीकी एकीकरण तथा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था से मिली है। परिवहन विभाग के प्रवक्ता ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि मई 2025 माह में 1040.48 करोड़ की प्राप्ति दर्ज हुई, जो पिछले वर्ष मई 2024 से 127.96 करोड़ अधिक है यानी 14.02 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा मई 2025 में 3,62,134 गैर-परिवहन वाहन पंजीकृत हुए, जो गत वर्ष की तुलना में 69,803 अधिक हैं।

# स्कूलों में बच्चों के प्रवेश को लेकर शुरू होगी विशेष मुहिम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्यपाल ने प्राथमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** प्रदेश में प्रत्येक गांव में एक सप्ताह के भीतर बच्चों के स्कूल में प्रवेश के लिए विशेष मुहिम शुरू होगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अधिकारियों को मुहिम चलाने के निर्देश दिये। राज्यपाल सोमवार को राजभवन में प्राथमिक शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर रही थीं।

बैठक में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों का उच्चीकरण, प्रदेश में आंगनबाड़ी व प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के नामांकन, ड्रॉपआउट दर को कम करने व लिंगानुपात में सुधार से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में कक्षा एक से पांच तक पढ़ने वाले बच्चों का समय पर प्रवेश सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षा में ड्रॉपआउट दर को कम करने के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जायं। 6 से 10 वर्ष तक के सभी बच्चों का विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित किया जाय।

राज्यपाल ने प्रदेश में घटते लिंगानुपात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि निजी अस्पतालों में हो रही प्रसव प्रक्रियाओं की निगरानी की जाय। अस्पतालों से प्रसव संबंधित डेटा की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित की जाय।




अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।

इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com

व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

तेज धूप होगी तापमान बढ़ने की संभावना है।

42.0° अधिकतम तापमान | 29.4° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- चिनहट स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में समर कैंप का समापन समारोह- 7:00 बजे।
- जल निगम मुख्यालय पर कर्मचारियों व पेंशनरों का प्रदर्शन- 10:00 बजे।
- अंबर होटल में ग्लोबल एक्शन वीक के अंतर्गत परामर्श कार्यशाला का आयोजन- 10:00 बजे।
- गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में अनंत नगर योजना के भूखंडों की लॉटरी- 10:00 बजे।
- गोमती नदी के तट पर झूलेलाल वाटिका में अंतिम बड़े मंगल व पूर्णिमा पर सनातन महासभा की ओर गोमती की महाआरती, सनातन समागम और योग प्रतियोगिता- 6:30 बजे।

# कानूनगो व पांच लेखपाल निलंबित, एसडीएम और तहसीलदार को आरोप पत्र

- बेहसा और कल्ली पश्चिम में भूमि से कब्जा हटाने में ढिलाई पर मंडलायुक्त ने की कार्रवाई
- एसडीएम और तहसीलदार के निलंबन के लिए शासन को पत्र भेजने के दिए निर्देश
- प्रापर्टी डीलर व कब्जेदार पर एफआईआर और भूमि कब्जा मुक्त कराने को भी कहा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर तहसील के गांव बेहसा और कल्ली पश्चिम में सरकारी भूमि से कब्जा हटवाने में लापरवाही बरतने पर मंडलायुक्त ने एक कानूनगो समेत पांच लेखपालों को निलंबित कर दिया है। एसडीएम सरोजनी नगर व नगर निगम के तहसीलदार को आरोप पत्र जारी कर निलंबन के लिए शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिए हैं। प्रापर्टी डीलर और अन्य कब्जेदार पर एफआईआर दर्ज कराकर जमीन कब्जा मुक्त करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सोमवार को सरोजनी नगर तहसील के ग्राम बेहसा और कल्ली पश्चिम का निरीक्षण किया। उन्हें जानकारी मिली कि सरकारी जमीन के गाटा संख्या 1421, 1422 व 1418 पर प्रॉपर्टी डीलर ने कब्जा कर प्लॉटिंग कर दी है। कल्ली पश्चिम में सरकारी भूमि के गाटा संख्या 1459, 1273, 1228 व 1768 पर भी कब्जा कर प्लॉटिंग और अवैध निर्माण करने की जानकारी मिली। मंडलायुक्त ने प्रॉपर्टी डीलर व अन्य कब्जेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और भूमि से कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए।

जमीन को कब्जा मुक्त कराने में उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर डॉ. सचिन वर्मा और नगर निगम तहसीलदार अरविंद पांडेय की लापरवाही व शिथिलता मिली। दोनों अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र जारी करने के साथ निलंबन के लिए शासन को पत्र भेजने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कल्ली पश्चिम की सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करने में शिथिलता बरतने के मामले में ग्राम बेहसा व कल्ली पश्चिम के लेखपाल सुनील तिवारी, दीपक, पाटन दीन तिवारी, कानूनगो अशोक पांडे और नगर निगम के लेखपाल मृदुल मिश्रा व संदीप यादव द्वितीय को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए।


अभिलेखों में भूमि के बारे में जानकारी लेतीं मंडलायुक्त डॉ.रोशन जैकब।

## एक ही तहसील में जमे लेखपालों की मांगी सूची

**अमृत विचार,लखनऊ :** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने एक ही तहसील में बरसों से जमे लेखपालों की सूची तीन दिन में मांगी है। इसके लिए लखनऊ सहित मंडल के जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है। स्थानांतरण नीति 2025-26 के तहत 15 जून तक समूह ग और घ के कर्मचारियों का भी स्थानांतरण कार्य पूरा किया जाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे लेखपाल जो एक ही तहसील में काफी समय से हैं और निर्धारित कार्यकाल पूरा कर चुके हैं, उनमें से 10 प्रतिशत सीमा तक अन्य तहसीलों में स्थानांतरण किया जाए।

# 42 डिग्री पर पारा, गर्मी ने किया बेहाल

## बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग, अस्पतालों में उल्टी-दस्त और त्वचा के रोगी बढ़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी में सोमवार को गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। सुबह से ही तेज धूप रही और दिन चढ़ने के साथ गर्म हवा चलने लगी। अधिकतम तापमान बढ़कर 42.0 पर पहुंच गया। ये सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.8 अधिक 29.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। हालत ये रही कि कुछ दूरी चलने पर राहगीर छांव की तलाश करते देखे गए। मौसम विशेषज्ञ अतुल कुमार सिंह का कहना है कि मंगलवार को तापमान बढ़ने की संभावना है। बंगाल से उठी नमी और अरब सागर की नमी के समागम से 11 जून से मौसम करवट ले सकता है। 11 और 12 जून के बीच बादलों की आवाजाही के साथ छिटपुट बूंदाबांदी के आसार हैं।

गर्मी का प्रकोप बढ़ने से लोग डायरिया की चपेट में आने लगे हैं। इनमें बच्चों की संख्या अधिक है। प्रमुख सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में उल्टी-दस्त के 100 से अधिक पहुंच रहे हैं। गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है, जबकि सामान्य को दवा देकर घर भेज दिया जा रहा है। चिकित्सक गर्मी से बचाव को लेकर जागरूक भी कर रहे हैं। त्वचा के रोगी भी बढ़े हैं, उन्हें चिकित्सक धूप से बचाव को लेकर जागरूक कर रहें हैं। गर्मी से बचाव के लिए अस्पतालों में कोल्ड रूम बनाए गए हैं। बलरामपुर, सिविल और लोक बंधु अस्पताल में 10-10 बेड आरक्षित किये गए हैं। कोल्ड रूम, कोल्ड पैक, ओआरएस के पैकेट, शुद्ध ठंडा पेयजल के इंतजाम किए गए हैं।


गर्मी से बचावे के लिए सिर में पानी डालता रिक्शा चालक।

### छह माह तक शिशु को न दें पानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** यदि आप भी नवजात को इस भीषण गर्मी में पानी पिलाने के बारे में सोंच रहें है तो ऐसा कताई न करें, यह बच्चे की सेहत बिगाड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है छह माह तक के नवजात को सिर्फ मां का दूध ही पर्याप्त है। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान का कहना है कि छह माह तक के शिशु को किसी भी मौसम में पानी की जरूरत नहीं होती। मां का दूध ही शिशु के लिए पर्याप्त होता है क्योंकि उसमें लगभग 90 प्रतिशत पानी के साथ-साथ सभी आवश्यक पोषक तत्व होते हैं जो बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और उसे संक्रमणों से सुरक्षित रखते हैं। यह आसानी से पचने वाला और पूर्ण आहार है। डॉ. सलमान के मुताबिक यदि शिशु को दस्त हो रहे हैं तो डॉक्टर की सलाह पर ओआरएस दिया जा सकता है, लेकिन पानी या अन्य पेय बिल्कुल नहीं देना है। छह माह तक के शिशु को गाय, भैंस, बकरी का दूध,पाउडर/डिब्बा बंद दूध, पैक्ड/डिब्बा बंद जूस या अन्य तरल भी न दें।


डॉ. सलमान।

### डायरिया के लक्षण

- पेट में मरोड़, लगातार उल्टी-दस्त
- अत्यधिक मतली आना
- पेट में दर्द और सूजन होना
- शरीर में पानी की कमी होना
- बार-बार बुखार आना
- मल के साथ खून आना
- बदहजमी, भूख में कमी आना
- सिर दर्द, मुंह सूखना और कमजोरी।

### ऐसे करें बचाव

- खाकर और पानी पीकर बाहर निकलें
- मुंह हाथ कवर करके चलें।
- गर्मियों में सूती कपड़े पहनें।
- चार से पांच लीटर पानी पिएं।
- मौसमीय सब्जियों का अधिक सेवन करें।
- गन्ने का रस, नारियल पानी फलों का जूस का सेवन करें।

### 15 मिनट पहले लगाएं सनस्क्रीन क्रीम

डॉ. उस्मानी ने बताया सनस्क्रीन क्रीम को बाहर निकलने से करीब 15 मिनट पहले लगाना चाहिए। इसका असर 4 से 5 घंटे तक रहता है। इसके बाद क्रीम को पूरी तरह से धुलकर दोबारा से लगाना चाहिए। या फिर दिन में सुबह 7 बजे दोपहर 12 बजे और शाम 3 बजे क्रीम लगाने की आदत डालें। उत्तर प्रदेश में सन प्रोटेक्शन फैक्टर (एसपीएफ-30) क्रीम उपयुक्त है। लेकिन यदि ज्यादा रेडिएशन की जगहों पर जा रहे हैं, जैसे कश्मीर के श्रीनगर, गोवा, कुल्लू मनाली आदि जगहों के लिए क्रीम एसपीएफ-50 को ही इस्तेमाल करना चाहिए।

### छाता और टोपी को बनाएं लाइफस्टाइल

बलरामपुर अस्पताल के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. एमएच उस्मानी ने बताया कि गर्मियों की शुरुआत होते ही लोगों को तमाम त्वचा से संबंधित दिक्कतें होने लगती है। इस समय तेज धूप पड़ रही है। लिहाजा सनबर्न, फफोले और घमोरियों सहित अन्य चर्म के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। ओपीडी में रोजाना 15 से 20 मरीज सनबर्न की शिकायत वाले आ रहे हैं। मेडिकल भाषा मे इसे पोलिमार्फिक लाइट इरेक्शन (पीएलई) कहते हैं। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक है। क्योंकि महिलाओं की संख्या कोमल होती है। कई महिलाएं सनबर्न से बचाव को लेकर सुझाव लेने के लिए आ रही हैं। डॉ.एमएच उस्मानी ने बताया कि सनबर्न से सबसे अच्छा बचाव छाता से किया जा सकता है। महिलाओं को इसे लाइफस्टाइल बनाना चाहिए। यदि छाता का इस्तेमाल नहीं कर रही हैं तो कम से कम दुपट्टे से चेहरे को ढककर जरूर रखे। पुरुष सनबर्न से बचाव के लिए लंबी सेड वाली टोपी का इस्तेमाल करें।

### ठाकुरगंज में पांच, बलरामपुर में सात, लोकबंधु अस्पताल में 12 मरीज भर्ती

बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में सोमवार को डायरिया के लक्षण वाले 25 मरीज आए। इनमें 7 मरीजों को भर्ती करना पड़ा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु के मुताबिक गर्मी व गलत खानपान लोगों को बीमार बना रहा है। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया इमरजेंसी में करीब 40 मरीज उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर आए थे। इसमें दो को भर्ती किया गया। बाकी को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया गया। लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर के मुताबिक रोजाना एक दर्जन मरीज भर्ती हो रहे हैं। ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया हर दिन औसतन 10-12 मरीज आ रहे हैं। इनमें चार-पांच मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है। बीकेटी के रामसागर मिश्र अस्पताल के सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने बताया मरीजों की संख्या बढ़ी है। महानगर के भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय, राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय और चंदरनगर 50 बेड संयुक्त चिकित्सालय सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी गर्मी के प्रभाव वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है।


लोकबंधु अस्पताल की ओपीडी में मरीजों-तीमारदारों की भीड़।

### लू से बचाएंगी होम्योपैथ की दवाएं

होम्योपैथ चिकित्सक प्रो डॉ. अर्चना श्रीवास्तव का कहना है गर्मी में हीट स्ट्रोक होना आम होता है। शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा हो जाता है। व्यक्ति को तेज सिर दर्द, उल्टी मिचली आना, कमजोरी थकान, हृदय गति तेज हो सकती है, बेहोश भी हो सकता है। होम्योपैथी की ग्लोनाइन और जेल्सीमियम जैसी दवाएं लू एवं हीट स्ट्रोक से बचाए रख सकती हैं। धूप से निकलने से पहले ग्लोनाइन-30 की पांच बूंदे एक कप पानी में मिलाकर पियें।


डॉ. अर्चना।

## 12 गांवों की बिजली 10 घंटे से गुल

**अमृत विचार, सरोजनीनगर/लखनऊ:** 33 केवी अंडरग्राउंड केबिल कटने से सोमवार को बिजनौर के शारदानगर पावर हाउस के कई फीडरों की आपूर्ति 10 घंटे से ज्यादा बाधित रही। इससे बिजनौर, माती, बलवंत खेड़ा, राय सिंह खेड़ा, जालिम खेड़ा और ठकुराइन खेड़ा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग गर्मी में परेशान रहे।

पीजीआई के पीछे नाले की सफाई कार्य के दौरान शारदा नगर पावर हाउस को आपूर्ति करने वाला 33 केवीए का अंडरग्राउंड केबल कट गया था। इससे उपकेंद्र सहित कई क्षेत्रों की आपूर्ति ठप हो गई। तमाम प्रयासों के बाद भी रात 9 बजे तक फॉल्ट सही नहीं किया जा सका। बिजनौर अवर अभियंता आशुतोष श्रीवास्तव ने देर रात तक फाल्ट ठीक होने की उम्मीद जताई है। सरोजनीनगर के नादरगंज पावर हाउस अंतर्गत शांति नगर में रविवार रात 10 बजे से सोमवार को दिन भर बिजली की आवाजाही बनी रही। दुबग्गा के अमेठिया फीडर के भूहर लालबाग क्षेत्र की आपूर्ति भी दिन भर बदहाल रही। इटौंजा, अलीगंज, महानगर, गोमतीनगर, चिनहट, तेलीबाग, जानकीपुरम, आलमबाग, चौक, बीकेटी सहित कई इलाकों में 4 घंटे से अधिक बिजली गुल रही। कैंट रोड़ पर करीब दो घंटे आपूर्ति ठप रही।

# अनंत नगर के भूखंडों की लॉटरी आज

- आदर्श खंड के 334 भूखंडों का खोला था पंजीकरण
- 13,031 ने की थी बुकिंग, यू-ट्यूब पर होगा लाइव प्रसारण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अनंत नगर (मोहान रोड) आवासीय योजना के सेक्टर-6 आदर्श खंड में 334 भूखंडों की पहली लॉटरी मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कराई जाएगी। भूखंड खरीदने के लिए 13,031 लोगों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण पारदर्शी के लिए यू-ट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण करेगा।

सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि अनंत नगर योजना में प्रथम चरण में 334 भूखंडों के लिए 4 अप्रैल से 5 मई के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था। इसमें 13,031 लोगों ने पंजीकरण धनराशि जमा कराकर रजिस्ट्रेशन कराया है। अब इन आवेदकों के मध्य 10 जून से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में भूखंडों की लॉटरी कराई जाएगी। इसके लिए आवेदकों को सूचना भेजी जा चुकी है। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि 112.5 वर्गमीटर के 121,162 वर्गमीटर के 39, 200 वर्गमीटर के 50, 288 वर्गमीटर के 105 एवं 450 वर्गमीटर के 19 भूखंडों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाना है। 10 जून को पहले दिन 112.5 वर्गमीटर के भूखंडों की लॉटरी सामान्य श्रेणी के आवेदकों के मध्य होगी। दूसरे दिन 11 जून को 112.5 वर्गमीटर के भूखंडों की लॉटरी आरक्षित वर्ग में होगी। वहीं, 12 जून को 162 वर्गमीटर व 13 जून को 200, 288 एवं 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंडों की लॉटरी की जाएगी।

### गांवों में बनेंगे अमृत सरोवर, फेज-2 शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रामीण इलाकों में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए फेज-2 में अमृत सरोवर फिर बनेंगे। जिले में निर्माण के लिए भूमि चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। साथ ही छह अमृत सरोवर निर्माण के लिए चिह्नित किए गए हैं। मनरेगा के तहत अमृत सरोवर एक एकड़ से अधिक भूमि पर बनेगा। ग्राम पंचायतों पर तालाब चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नया निर्माण पहले से बने अमृत सरोवर या तालाब से 500 मीटर की दूरी पर ही किया जाएगा। साथ ही पहले से मनरेगा के तहत खुदा तालाब अमृत सरोवर में शामिल नहीं किया जाएगा। जिले में छह अमृत सरोवर चिह्नित किए गए हैं।

## एक नजर

### आशा कार्यकत्रियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ:** सुरक्षा और बदायूं की आशा कार्यकत्री से दुराचार व हत्या में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांगों को लेकर आशा वर्कर्स यूनियन ने सोमवार को परिवर्तन चौक पर प्रदर्शन कर मंडलायुक्त को संबोधित ज्ञापन पुलिस को सौंपा। यूनियन की जिलाध्यक्ष कमला गौतम ने कहा कि आशा कर्मी की नृशंस हत्या ने दिन-रात सेवा करने वाली आशा कार्यकत्रियों कर्मियों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है। इसलिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाए और पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए। कुसुम व अंजली देवी ने जुलाई 2019 से मार्च 2022 तक आशा कर्मियों की बकाया प्रोत्साहन राशि का भुगतान कराए जाने की मांग की।

### आज प्रदर्शन करेंगे जल निगम कर्मचारी व पेंशनर

**अमृत विचार, लखनऊ :** छह महीने से वेतन व पेंशन न मिलने से परेशान जल निगम कर्मचारी व पेंशनर 10 जून से प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी मंजीत कुमार वर्मा ने बताया कि छह महीने से जल निगम (नगरीय) के कर्मचारियों और पेंशनरों को भुगतान नहीं हुआ है। समिति के संयोजक वाईएन उपाध्याय ने बताया कि आगे के कार्यक्रमों की घोषणा 10 जून को आमसभा में की जाएगी।

मैंगो पैक हाउस | सिंगापुर के लिए कल रवाना होगी पहली खेप, जाएगा 7 .50 टन आम

# हॉट वाटर ट्रीटमेंट से और खरी होगी दशहरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दशहरी की आवक बढ़ने के साथ ही रहमानखेड़ा में संचालित मैंगो पैक हाउस ने निर्यात की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 11 जून को दशहरी की पहली खेप सिंगापुर भेजी जाएगी। हॉट वाटर ट्रीटमेंट से गुजारकर आम को और खरा बनाया जाएगा। पहले चरण में पैक हाउस 7.50 टन दशहरी का निर्यात करेगा।

निर्यात के लिए लखनऊ के मलिहाबाद, काकोरी, माल के अलावा उन्नाव, सीतापुर, हरदोई से बेहतरीन आम खरीद कर पैक हाउस में और समृद्ध किया जा रहा है। हॉट वाटर ट्रीटमेंट प्रक्रिया में 37 से 38 डिग्री तापमान में आम को गर्म पानी में उपचारित किया जाएगा। इससे आम के अंदर कीट-रोग खत्म हो जाएंगे। मक्खी और फंगस की ग्रोथ भी रुक जाएगी। इससे फल में गुणवत्ता के साथ उसकी चमक भी निखरेगी। पैक हाउस में हॉट वाटर ट्रीटमेंट की सुविधा काफी पहले से है, लेकिन मशीनों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा था। इससे पिछले वर्षों में आम निर्यात रफ्तार नहीं पकड़ सका। सिर्फ सामान्य प्रक्रिया के तहत वेपर हीट ट्रीटमेंट कर आम कुछ देशों में भेजा गया। इस बार निर्यात बढ़ाने के लिए हॉट वाटर ट्रीटमेंट मशीनें शुरू की गई हैं।



### 40-45 दिन तक सुरक्षित रहेगा आम

निर्यात किया जाने वाला आम इस बार जल्द खराब नहीं होगा। गुणवत्ता के साथ मिठास भी बनी रहेगी। इसके लिए केंद्रीय उपोष्णकटिबंधीय बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) ने एक केमिकल तैयार किया है। आम के प्रोसेसिंग के समय पर पैक हाउस इसका इस्तेमाल करेगा। इससे आम की उम्र और बढ़ेगी। करीब 40-45 दिन तक यह आम चलेगा, जबकि सामान्य रूप से 10 दिन में आम खराब हो जाता है।

### कतर और जेद्दा जाएगा डेढ़-डेढ़ टन आम

पैक हाउस के प्रभारी सुभाष घोष ने बताया कि 11 जून को कतर और जेद्दा में दशहरी का पहला निर्यात करेंगे। दोनों देशों में डेढ़-डेढ़ टन आम का आर्डर मिला है। इन देशों में वेपर हीट ट्रीटमेंट करके आम भेजा जाएगा। पैकिंग से लेकर अन्य तैयार कर ली गई है। इसके बाद आस्ट्रेलिया और लंदन आम भेजने की तैयारी शुरू होगी। इन देशों के लिए बागवानों से आम मंगाए गए हैं।



## एक नजर

### दुबग्गा में तीन अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम ने सोमवार को दुबग्गा में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। बिना लेआउट स्वीकृति के मिली तीनप्लाटिंग ध्वस्त कर दी। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि सुरेश कुमार व अन्य द्वारा दुबग्गा, रिंग रोड स्थित बनिया खेड़ा में लगभग चार बीघा में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह मोहम्मद सलीम व अन्य द्वारा दुबग्गा में दो बीघा व पांच बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन अवैध प्लाटिंग को पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कर दिया।

# लखनऊ के विकास के लिए 16वें वित्त आयोग से 10 हजार करोड़ की मांग

## विस्तारित इलाके शामिल होने से नगर निगम को ज्यादा बजट की आस, शहर का कुल क्षेत्रफल 310 वर्ग किमी से बढ़कर अब हुआ 568 वर्ग किमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वित्त आयोग की बैठक में पार्षद अरूण तिवारी ने किया लखनऊ नगर निगम का प्रतिनिधित्व
- बोले - नगर निगम सीमा विस्तार के बाद 2.64 लाख की अतिरिक्त आबादी जुड़ी

**अमृत विचार :** लखनऊ के विकास के लिए नगर निगम ने 16वें वित्त आयोग से 10,000 करोड़ रुपये की मांग की है। नगर निगम सीमा में विस्तारित इलाके शामिल हो जाने से जनसंख्या और क्षेत्रफल में बढ़ोतरी हुई है। इससे नगर निगम को 16वें वित्त आयोग से ज्यादा बजट की आस है। 16वें वित्त आयोग की बैठक में नगर निगम की ओर से वरिष्ठ पार्षद अरूण तिवारी ने प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बैठक में बताया कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार लखनऊ नगर की जनसंख्या 28.17 लाख थी। नगर निगम सीमा विस्तार के बाद 2.64 लाख की अतिरिक्त जनसंख्या जुड़ी और कुल जनसंख्या 30.81 लाख हो गई। वर्तमान समय में यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 48.60 लाख हो गया है, जिसमें फ्लोटिंग पॉपुलेशन (अस्थायी रूप से निवास करने वाली जनसंख्या) शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का कुल क्षेत्रफल 310 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर अब 568 वर्ग किलोमीटर हो चुका है। इस विस्तार में लखनऊ के चारों ओर के 258 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को नगर निगम सीमा में शामिल किया गया है। पार्षद ने कहा कि नगर निगम ने विस्तारित क्षेत्रों के प्रभावी विकास के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुसार लगभग 7207 करोड़ रुपये की आवश्यकता बताई है। इसके अतिरिक्त नगर की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 3500 करोड़ रुपये की अलग से मांग की गई है। कुल मिलाकर नगर निगम ने 16वें वित्त आयोग से लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की विशेष सहायता की मांग की है।



वित्त आयोग की बैठक में नगर निगम की ओर से प्रतिनिधित्व करते वरिष्ठ पार्षद अरूण तिवारी व अन्य। अमृत विचार

### बढ़ते क्षेत्रफल और जनसंख्या से उपजीं समस्याएं

बैठक में पार्षद अरुण तिवारी ने बताया कि विस्तारित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे जल आपूर्ति, सड़क, सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पार्क, स्ट्रीट लाइट, ट्रैफिक प्रबंधन जैसी सेवाओं का व्यापक अभाव है। 83 प्रतिशत नए क्षेत्र को जोड़ा गया है, लेकिन वहां आज भी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। यहां न तो पर्याप्त नाले हैं, न सीवर लाइन और न ही समुचित पेयजल व्यवस्था। इस कारण शहर के केंद्र से दूर बसी नई कॉलोनियों में रहने वाले लाखों लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

### 16वें वित्त आयोग से हैं ये अपेक्षाएं

पार्षद अरुण तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय की नवीन आवश्यकताओं के मद्देनजर और उन्नत तकनीक आधारित व्यवस्था लागू करने के लिए आगामी वित्त आयोग में और अधिक संसाधनों की आवश्यकता है। इसके तहत वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट, घरेलू हानिकारक अपशिष्ट व ई-वेस्ट के लिए कलेक्शन सेंटर, मल्टी लेयर प्लास्टिक रिसाइकलिंग प्लांट, सैनिटेशन रिसोर्स पार्क, पब्लिक ई-चार्जिंग स्टेशन, नगर निगम कार्य के लिए ई-व्हीकल्स, नगर निगम भवनों पर सोलर पैनल जैसी परियोजनाओं को शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया है।

# मरने के बाद मरीज को एंबुबैग लगा किया रेफर

## गुडंबा क्षेत्र के निजी अस्पताल के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुडंबा थाना क्षेत्र के कुर्सी रोड स्थित एक निजी अस्पताल के चिकित्सकों पर मरने के बाद मरीज को एम्बुबैग लगाकर केजीएमयू रेफर करने का आरोप लगा है। केजीएमयू में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।



मृतका की फाइल फोटो



अस्पताल के बाहर हंगामा करते हुए परिजन। अमृत विचार

इससे पहले परिजनों ने निजी अस्पताल में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया।

थाना क्षेत्र के मिश्रपुर निवासी जियालाल मजदूरी कर पत्नी सुमन गौतम (42) और छह बच्चों के साथ गुजर बसर करते हैं। जियालाल ने बताया पत्नी सुमन को रविवार से पेशाब और मल त्याग करने में दिक्कत हो रही थी। परेशानी बढ़ने पर सुबह करीब 11 बजे मिश्रपुर स्थित सावित्री ट्रस्ट केयर हॉस्पिटल एवं सुपर स्पेशिलियटी सेंटर में भर्ती कराया था। इलाज के बाद उसे राहत मिल गई थी। सोमवार को डॉक्टर ने सीटी स्कैन के लिए उसे एंबुलेंस से अलीगंज के एक सेंटर पर भेजा। जांच के बाद वापस आते समय एंबुलेंस में मरीज की हालत बिगड़ने लगी। आरोप है कि एंबुलेंस कर्मी ने मरीज को इंजेक्शन लगा दिया। जिसके बाद वह सिथिल हो गई। परिजनों ने कर्मी पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया। अस्पताल आने पर चिकित्सकों ने इलाज शुरू कर परिजनों को झूठी तसल्ली देने की कोशिश की। नाराज परिजनों ने मरीज के मृत होने की बात कहकर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर गुडंबा और विकास नगर पुलिस के साथ एसीपी गाजीपुर ए विक्रम सिंह पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। वहीं, चिकित्सकों ने मरीज के जिंदा होने का दावा कर एम्बुबैग लगाकर केजीएमयू रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सकों ने मरीज को मृत घोषित कर दिया।

> निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने जिंदा होने की बात कह कर रेफर किया था। कार्रवाई के लिए सीएमओ को पत्र लिखा जाएगा। पोस्टमॉर्टम और सीएमओ की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> – ए. विक्रम सिंह, एसीपी, गाजीपुर

> इलाज में लापरवाही का आरोप बेबुनियाद है। प्रथम दृष्टया मरीज को कार्डियक अरेस्ट आया था। उसे जीवित रहते ही केजीएमयू रेफर किया गया था।
>
> -डॉ. विंध्यवासिनी जायसवाल
> संचालक निजी अस्पताल

# निजी अस्पताल में गर्भवती की मौत लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा के मोहान रोड स्थित निजी अस्पताल में प्रसव के लिए लाई गई गर्भवती की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीएमओ और पुलिस से शिकायत की है।

ठाकुरगंज के लालाबाग के रहने वाले अंकित यादव की बहन कोमल आठ माह की गर्भवती थी। परिजनों के मुताबिक, प्रसव पीड़ा होने पर 1 जून को मोहान रोड स्थित सांई हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। भाई अंकित का आरोप है कि श्याम यादव व शेरा सिंह दोनों ने मिलकर बहन का इलाज किया था। इलाज में हुई लापरवाही से बहन की हालत बिगड़ गई। जिसके बाद इंजेक्शन व कुछ दवाएं दीं। इससे उसकी मौत हो गई। आरोप है कि मौत के बाद अस्पताल प्रशासन ने मरीज को जिंदा बताकर कृष्णानगर नगर के दूसरे हॉस्पिटल भेज दिया। वहां पर डॉक्टरों ने जांच पड़ताल करके उसे मृत घोषित कर दिया। भाई ने मुकदमा दर्ज किए जाने के लिए तहरीर दिया है। पुलिस ने सीएमओ को पत्र भेजकर जांच रिपोर्ट मांगी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया मामले की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट में लापरवाही सामने मिली तो आगे की कार्रवाई होगी।

# ऐशबाग में तोड़े जाएंगे अवैध निर्माण

## नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अपर नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारी से मांगी रिपोर्ट
- रस्तोगी इंटर कॉलेज और मूक बधिर कॉलेज के पास फुटपाथ पर हैं अवैध कब्जे

**अमृत विचार :** ऐशबाग में फुटपाथ और नाले पर अवैध निर्माण जल्द तोड़े जाएंगे। अतिक्रमण का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के लिए नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह को निर्देश दिए हैं। अपर नगर आयुक्त ने इस सम्बंध में जोनल अधिकारी जोन-2 शिल्पा कुमारी से रिपोर्ट मांगी है।

नगर निगम जोन 2 के ऐशबाग रामलीला मैदान के पास रस्तोगी इंटर कॉलेज और मूक बधिर कॉलेज की बाउंड्री के पास फुटपाथ और नाले पर बाहरी लोगों ने कब्जा करके पक्के निर्माण कर लिए हैं। ये बाहरी कहां से आए हैं, इसकी नगर निगम को जानकारी तक नहीं है। इन अवैध कब्जेदारों का फुटपाथ और नाले से लेकर सड़क पर कब्जा है। इससे रामनगर कॉलोनी जाने वाले मार्ग पर जाम लगता है, साथ ही बारिश में जलभराव से घरों तक नाले का गंदा पानी भर जाता है। 'अमृत विचार' ने अभियान चलाकर इस अतिक्रमण की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके बाद नगर निगम ने 21 अप्रैल को 35 अवैध निर्माण बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिए थे। अभी भी लगभग 25 अवैध निर्माण ध्वस्त किये जाने हैं। अधिकारियों की लापरवाही से लोग फिर फुटपाथ पर कब्जा करने लगे हैं। नगर निगम के अधिकारी शेष अवैध निर्माण तोड़ने में हीलाहवाली कर अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे हैं।


## आवश्यकता है

खुन-खुन जी गर्ल्स डिग्री कालेज, चौक, लखनऊ-226003,

**आवश्यकता है**

एम0ए0 (समाजशास्त्र) स्व वित्तपोषित योजना के अन्तर्गत पाठ्यक्रम में रिक्त सहायक आचार्य पद हेतु योग्यता एवं वेतनमान यू0 जी0सी0/ लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ /राज्य सरकार के मानक अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी बायोडाटा एवं शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति एवं नवीनतम फोटोग्राफ सहित विज्ञापन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर पंजीकृत डाक द्वारा महाविद्यालय को प्रेषित करें।

**प्राचार्या**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पारापरसादीपुर, वि0 ख0 पहला – सीतापुर

पत्रांक मेमों/मनरेगा/निविदा पत्रा0/2025–26 दिनॉक :– 03–06–2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला/ ग्राम पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 10–06–2025 से 16–06–2025 अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत **पारापरसादीपुर**, वि0 ख0 पहला से प्राप्त की जा सकती है।

मोहरबंद निविदा दिनॉक 17–06–2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनॉक 17–06–2025 को अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत **पारापरसादीपुर**, वि0 ख0 पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत GST. सहित | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक विद्यालय पारापरसादीपुर में पूरब व दक्षिण दिशा की बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 794569.00 | 16000.00 | निःशुल्क | 06 माह | क्षे0पं0 / ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | प्राथमिक विद्यालय पारापरसादीपुर में उत्तर व पश्चिम दिशा की बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 734133.00 | 15000.00 | निःशुल्क | 06 माह | क्षे0पं0 / ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |
| 3 | प्राथमिक विद्यालय पारापरसादीपुर में उत्तर व पश्चिम दिशा की अवशेष बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 348093.00 | 7000.00 | निःशुल्क | 06 माह | क्षे0पं0 / ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |

**निविदा की पात्रताः**–1–निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनॉक 16–06–2025 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत अधिकारी **पारापरसादीपुर**, कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभि0(आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।
2–निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3–निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0 डी0 आर0 जो कार्यालय ग्राम पंचायत **पारापरसादीपुर**, वि0 ख0 पहला के पक्ष में बंधक हो लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव– पारापरसादीपुर, वि0ख0पहला, सीतापुर**


# प्रो. माद्री काकोटी को मिली राहत

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने अंतरिम अग्रिम जमानत की मंजूर
- पहलगाम आतंकी हमले के बाद विवादित टिप्पणी का है आरोप

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने के आरोप में अभियुक्त बनायी गईं लखनऊ विश्वविद्यालय की भाषा विज्ञान की सहायक प्रोफेसर माद्री काकोटी अंतरिम अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है। न्यायालय ने मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए राज्य सरकार को समय देते हुए अगली सुनवाई के लिए 25 अगस्त की तिथि तय की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की अवकाशकालीन एकल पीठ ने सोमवार को पारित किया। प्रो. माद्री काकोटी के अधिवक्ता सैयद मोहम्मद हैदर रिजवी ने अंतरिम अग्रिम जमानत मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रो. काकोटी ओर से मुख्य रूप से दलील दी गई थी कि उनका किसी राजनीतिक दल से कोई सम्बंध नहीं है और न ही उन्होंने कभी किसी धरना-प्रदर्शन आदि में भाग लिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखने के बाद उनके खिलाफ देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को खतरे में डालने का आरोप लगाते हुए, एबीवीपी के महानगर सहमंत्री मनमोहन शुक्ला ने 28 अप्रैल को हसनगंज थाने में एफआईआर दर्ज करायी। पुलिस ने उक्त एफआईआर में अन्य धाराओं के साथ-साथ बीएनएस की धारा 152 भी लगा दी, जिसके तहत आजीवन कारावास तक की सजा है। कहा गया कि उन्होंने अपनी पोस्ट में सिर्फ इतना ही कहा था कि धर्म पूछ के गोली मारना आतंकवाद है, धर्म पूछ कर लिंच करना और नौकरी से निकालना भी आतंकवाद है। वहीं अग्रिम जमानत का राज्य सरकार की ओर से विरोध किया गया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात प्रो. माद्री की अंतरिम अग्रिम जमानत को अगली सुनवाई तक के लिए मंजूर कर लिया।

# महापौर कार्यालय से भेजे गए पत्र गायब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संपत्ति विभाग की समीक्षा में महापौर ने जताई चिंता

**अमृत विचार :** महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को सम्पत्ति विभाग की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने कहा कि संपत्ति विभाग की लापरवाही से कई मामलों में नगर निगम को नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापौर ने लेखपालों से न्यायालयों में लंबित मुकदमों की सूची तत्काल प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने यह गंभीर आरोप लगाया कि उनके कार्यालय से संपत्ति विभाग को भेजे गए कई पत्र विभाग में गायब हो गए हैं और संबंधित लेखपालों तक पहुंचे ही नहीं। उन्होंने अधिकारियों से इन पत्रों को खोजने को कहा। महापौर ने पिछले दो वर्षों में सांसद, एमएलसी, विधायक, पार्षद के माध्यम से सम्पत्ति विभाग को भेजे गए शिकायती पत्र की स्थिति की पूरी रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह, संपत्ति प्रभारी संजय यादव समेत विभाग के सभी लेखपाल, नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### आरएसएम में मिलेगी ब्लड स्टोरेज की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी स्थित रामसागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय के मरीजों को अब खून के लिए ब्लड बैंकों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल में 200 यूनिट क्षमता की ब्लड स्टोरेज यूनिट शुरू की गई है। स्टोरेज यूनिट का करार बलरामपुर अस्पताल के ब्लड बैंक से हुआ है। अस्पताल सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने बताया स्टोरेज यूनिट का लाइसेंस भी मिल चुका है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत शंकरपुर, वि0 ख0 पहला – सीतापुर

पत्रांक मेमों/मनरेगा/निविदा पत्रा0/2025–26 दिनॉक :– 09–06–2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला/ ग्राम पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 10–06–2025 से 16–06–2025 अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत **शंकरपुर**, वि0 ख0 पहला से प्राप्त की जा सकती है।

मोहरबंद निविदा दिनॉक 17–06–2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनॉक 17–06–2025 को अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत **शंकरपुर**, वि0 ख0 पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत GST. सहित | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत शंकरपुर में पंचायत भवन की वृहद मरम्मत व अन्य निर्माण कार्य। | 1803248.00 | 36000.00 | निःशुल्क | 06 माह | क्षे0पं0 / ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |

**निविदा की पात्रताः**–1–निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनॉक 16–06–2025 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत अधिकारी **शंकरपुर**, कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभि0(आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।
2–निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3–निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0 डी0 आर0 जो कार्यालय ग्राम पंचायत **शंकरपुर**, वि0 ख0 पहला के पक्ष में बंधक हो लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**
**शंकरपुर, वि0ख0पहला, सीतापुर**

## कार्यालयः प्रधानाचार्य राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या।

पत्रांक– मे0का0अ0 / 2025 / 1342 दिनांकः 09 जून, 2025

**सेवायोजन विज्ञप्ति सूचना**

महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या –एम0ई0–03/2024/2443 दिनांक–22.10.2024 के क्रम में राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या में चिकित्सालय प्रबन्धन हेतु 05 नॉन पी0जी0जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन) के पदों पर चयन हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये जाते है–

**नॉन पी0जी0 जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन) के पदों का विवरण–**

| क्र0 सं0 | विशिष्टता | पदों की संख्या | शैक्षणिक अर्हता | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नॉन पी0जी0 जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन) | 05 | मान्यता प्राप्त एम0बी0बी0एस0/ बी0डी0एस0 एवं किसी भी चिकित्सालय संस्थान से 02 वर्षीय पूर्णकालिक पी0जी0 डिग्री – मास्टर्स इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन। | वेतनमान वेतन बैण्ड रू0 15600–39100, पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल– 10 56100–177500 |

नियम / शर्ते/ निर्देशः
1– इच्छुक अभ्यथी उक्त पद पर चयन हेतु दिनांक – 19.06.2025 तक अपने आवेदन समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रतियों सहित प्रधानाचार्य कार्यालय में अथवा ई–मेल (Principalgmcayodhya@gmail.com) प्रेषित कर सकते है
2– उक्त पदो पद चयन हेतु साक्षात्कार दिनांक – 25.06.2025 दिन– बुधवार को पूर्वान्ह 11: 00 से अपरान्ह 02: 00 बजे तक राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या के गंजा परिसर काउंसिलिंग हाल में अयोजित होगा। इसके उपरान्त पद भरे जाने की स्थिति में प्रत्येक मंगलवार ( अवकाश के दिनो को छोडकर) को यथासमय अयोजित किये जाते रहेगें।
3–साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र के साथ समस्त अंकतालिकाओं एवं प्रमाण–पत्रों की एक–एक सत्यापित छायाप्रति के साथ 2 पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य है। निर्धारित प्रारूप किसी भी कार्यदिवस में प्रधानाचार्य कार्यालय से अथवा चिकित्सा महाविद्यालय की वेवसाइट https://asmcayodhya.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
4– पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।
5– जूनियर रेजीडेन्ट (अस्पताल प्रशासन) के पदों का न्यूनतम कार्यकाल 03 माह अथवा अधिकतम 01 वर्ष का होगा।
6– उक्त पदों पर आरक्षण राज्य सरकार द्वारा जारी मौजूदा नियमों एवं शासनादेशों के अनुसार देय होगा।
7– साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता / अन्य भत्ता देय नही होगा।

**प्रधानाचार्य**
**राजर्षि दशरथ स्वशासी**
**राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या।**

## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

### सूचना

मेरी पुत्री का नाम पोस्ट आफिस के खाते की पासबुक में त्रुटिवश रचिता शर्मा पुत्री रेखा कुमारी अंकित हो गया है। जबकि उसके आधार कार्ड व अन्य प्रपत्रों में उसका सही नाम काव्या शर्मा (KAVYA SHARMA) अंकित है। आज से काव्या शर्मा (KAVYA SHARMA) के नाम से जाना व पहचाना जाये। महेश कुमार शर्मा, नि.- शिक्षक कालोनी, स्टेट बैंक के पीछे, सदरपुर करोरा, गोसाईगंज, लखनऊ।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित हो कि गैजेट हेतु मेरे आधार कार्ड में त्रुटि बस मेरा नाम लक्ष्मी कांत मिश्रा व (Lalit Mohan Yadav) दर्ज हो गया है जबकि मेरे अन्य दस्तावेज में मेरा सही व वास्तविक नाम ललित मोहन यादव है। यह उपरोक्त दोनों नाम मेरे हैं। **ललित मोहन यादव पुत्र अशर्फी लाल यादव निवासी ग्राम चन्दीपुर मखुवापुर, कमलापुर सिधौली पिन कोड 261302 उत्तर प्रदेश**

### सूचना

मैं **मोईन उल्ला पुत्र आविद उल्ला खान निवासी ग्राम इटरौर परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना जनपद अमेठी,** मै अपने पुत्र जावेद अहमद को गलत संगत मे पड़ने के कारण उनसे संबंध विच्छेद करता हूँ, और मै अपनी सभी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ, भविष्य मे अपने किसी भी कृत्य मे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं NASIBULLAH S/O AMANULLAAH KHAN निवासी लालगंज सीतारामपुर ग्रांट गोंडा का रहने वाला हूं अब मैं अपना नाम बदलकर NASIBULLAH AMANULLAH KHAN रख लिया है अब मुझे भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना पहचाना जाए।

### सूचना

मैनें अपने पुत्र देवेंद्र कुमार व पुत्रवधू सरिता कुमारी के गलत अचारण के चलते संबंध विच्छेद कर उन्हें चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये कार्यो से मुझे व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है। **कमलेश कुमार पुत्र रणवीर सिंह निवासी – भरतपुर, कखावतू, औरैया**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रश्मी रायतानी पुत्री गोवर्धन दास रायतानी जिला – गोण्डा का विवाह उपरांत श्रीमती रश्मी साधवानी पत्नी पंकज कुमार साधवानी पुत्री गोवर्धन दास साधवानी नाम हो गया है दोनों उक्त नाम एक ही महिला का है यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो उक्त के संबंध में मेरी शाखा पंजाब नेशनल बैंक शाखा केशवपुर पहाड़वा जिला गोण्डा पर एक सप्ताह में संपर्क करें। **द्वारा शाखा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, शाखा केशवपुर पहाड़वा, जिला गोण्डा।**

### सूचना

सूचित हो कि मै **रजनी देवी शुक्ला पत्नी स्व0 चन्द्रकेतु शुक्ला नि0 एल0पी0 2561 महर्षि नगर लखपेडाबाग तह0 नवाबगंज जिला बाराबंकी** दिनांक 17–11–2020 को तहसील नवाबगंज में अपने प्लाट सं0 289 की खतौनी लेने गयी थी और अपने साथ प्लाट के रजिस्ट्री के पेपर अपने बैग में रखकर ले गयी थी। जो गिरकर वास्तव में खो गये है।

### सूचना

सूचित करना है कि मै शिव कुमार सिंह पुत्र स्व. गुरू प्रसाद सिंह निवासी 592/3बी /127, गोपाल नगर, तेलीबाग लखनऊ हूँ। मेरा वास्तविक नाम शिव कुमार सिंह है। जन्म तिथि 28/8/ 1954 है। जो पैन एवं आधार कार्ड पर अंकित है। यही वास्तविक नाम है। जबकि शैक्षाणिक अभिलेखों एवं पासपोर्ट सं0 एम 9294219 में शिव कुमार अंकित हो गया है। **शिव कुमार सिंह–592 /3बी /127, गोपाल नगर, तेलीबाग लखनऊ**


### ट्रॉमा-2 का शिलान्यास अगले माह करेंगे योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में गंभीर मरीजों को तत्काल इलाज मुहैया कराने के लिए ट्रॉमा-2 के निर्माण की मंजूरी मिल गई है। उम्मीद है अगले माह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ट्रॉमा का शिलान्यास करेंगे। इसके मद्देनजर एमएस कार्यालय और नर्सिंग भवन समेत कई जर्जर भवन गिराकर उनके स्थान पर नए भवन का काम शुरू होना है। ट्रॉमा-2 में करीब 500 बेड होंगे। इसका निर्माण दो साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे मरीजों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। इस पर करीब 296 करोड़ रुपये का खर्च प्रस्तावित है।

# 77 प्रकरण मौके पर निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी की पांचों तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पांचों तहसीलों में प्राप्त 496 प्रकरणों में से 77 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों को भेजा गया।

जिलाधिकारी विशाख जी ने सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। जिसमें प्राप्त 55 प्रकरणों में से 15 का मौके पर निस्तारण कर दिया। उन्होंने बताया कि तहसील मलिहाबाद में 69 में से 11, तहसील बीकेटी में 91 में से 18 प्रकरण, तहसील मोहनलालगंज में 175 में से 24, तहसील सरोजनीनगर में 106 में से 9 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस 104, राजस्व एवं पुलिस के संयुक्त 4, राजस्व 275, विकास 38, शिक्षा 2, स्वास्थ्य 1, समाज कल्याण 8, नगर निगम 3 तथा अन्य 61 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी।

## एक नजर

### ज्येष्ठ माह का अंतिम बड़ा मंगल आज, होंगे भंडारे

**अमृत विचार, लखनऊ :** ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर भंडारे के लिए सोमवार को तैयारियां चलती रहीं। जो लोग पिछले 4 मंगलवार भंडारा नहीं कर पाए वह अंतिम मंगलवार को अपनी तमन्नाओं को पूरा करना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। विकास दीप में मीडिया फोटोग्राफर क्लब की ओर से आयोजित भंडारे को शहीदों के शौर्य को समर्पित किया गया है। जीपीओ के मशहूर ठंडे दही बड़े वाले ईशु गुप्ता परिवर्तन चौक पर पूर्वाह्न 11 बजे से अपना भंडारा शुरू करेंगे। भंडारे में उन्होंने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को आमंत्रित किया है। क्लार्क्स अवध तिराहे पर स्थित हनुमंत धाम, हनुमान सेतु मंदिर और अलीगंज हनुमान मंदिर जाने वाले मार्ग को ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार पर उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर वाहनों के लिए बैरीकेडिंग लगाकर बंद कर दिया जाएगा। परिवर्तन चौक और श्याम मंदिर में 30 दिवसीय भंडारे का समापन भी होगा।

### सनातन एकता महा सम्मेलन कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सनातन एकता महा सम्मेलन 11 जून को राजधानी के कुर्सी रोड स्थित कबीर आश्रम दसौली में होगा। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री जनकल्याण योजना जागरूकता अभियान के रष्ट्रीय अध्यक्ष अनीत कौशिक करेंगे। अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बताया कि सम्मेलन में साधू संत, महात्मा, विभिन्न राजनैतिक, गैर राजनैतिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित हजारों की संख्या में सनातनी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि महासम्मेलन में जातिवाद से ऊपर उठकर सनातन एकता, सनातन बोर्ड का गठन और विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों को एकजुट कर भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने पर परिचर्चा की जाएगी। सम्मेलन में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से लोगों के आने का सिलसिला मंगलवार से शुरू हो जाएगा।

### कार्य में बरती लापरवाही तो होगी कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता वीपी सिंह ने सोमवार को जीवीआरए उपकेंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से निर्बाध बिजली आपूर्ति के बारे में जानकारी ली। वहीं कम समय में फॉल्ट को ठीक करने के साथ लाइन लॉस को कम करके राजस्व का घटाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि सभी उपकेंद्र अधिकारियों और कर्मचारियों को उपभोक्ताओं की समस्या को जल्द निस्तारण करने के लिए निर्देश दिया है। इसके साथ ही बकाये बिलों के वसूली, नये कनेक्शन से लेकर प्रीपेड मीटरों के रीचार्ज संबंधी कार्यों में तेजी से काम करने के लिए आदेश दिया है। उपभोक्ताओं की किसी भी समस्या को तीन दिनों के अंदर हल करने के साथ राजस्व और आरडीएसएस योजना के तहत किये जा रहे कामों में निगरानी रखने के लिए निर्देश दिए हैं।

# अंतरिक्ष यात्रा पर कल रवाना होंगे शुभांशु शुक्ल

## अमेरिका के फ्लोरिडा से शाम 5: 30 बजे उड़ान भरेगा अंतरिक्ष यान, शुभांशु के साथ तीन साथी भी जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ के तिलकनगर निवासी शुभांशु शुक्ल कल शाम 5 बजकर 30 मिनट पर अमेरिका के फ्लोरिडा से तीन अन्य साथियों के साथ अंतरिक्ष की यात्रा पर रवाना होंगे।

वह करीब 15 दिन अंतरिक्ष में रहेंगे और नासा के वैज्ञानिक मिशन को कामयाब बनाएंगे। अंतरिक्ष यान के लांचिंग का समय करीब आने के साथ उनके परिवार, स्कूल और मोहल्ले के लोगों में रोमांच बढ़ता जा रहा है।

यह अभियान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और संयुक्त साझेदारों की ओर से किया जा रहा है। शुभांशु के घर-परिवार और मुहल्ले में खुशी का वातावरण है।

शुभांशु के पिता शंभूदयाल शुक्ला ने बताया कि वह बचपन से ही महत्वाकांक्षी रहे हैं। मां आशा शुक्ला बताती है कि इस बारे में उसने परिवार को कोई भी जानकारी नहीं दी थी। हम लोग तो यही सोच रहे थे कि अभी यह बहुत छोटा है।

उसके दोस्त ने एनडीए का फार्म खरीदा था, लेकिन वह एलिजिबल नहीं था तो शुभांशु ने फार्म भर दिया था।



शुभांशु शुक्ल के अंतरिक्ष यात्रा के संबंधी चित्रों से सजा उनका घर।


शुभांशु के चित्र के साथ उनके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य।

### सीएमएस में वॉच पार्टी 'व्योमनाइट' का आयोजन

सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल की ऐतिहासिक अंतरिक्ष उड़ान के उपलक्ष्य में एक वॉच पार्टी 'व्योमनाइट' का आयोजन आज किया गया है। जिसमें उड़ान का सीधा प्रसारण किया जायेगा। यह जानकारी सीएमएस हेड, कम्युनिकेशंस ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर शुभांशु के माता-पिता व अन्य परिवारजनों के साथ ही बड़ी संख्या छात्र, शिक्षक व लखनऊ प्रबुद्ध नागरिक इस गौरवशाली क्षण के गवाह बनेंगे।

# समर कार्निवाल में दिखी उत्तराखंडी संस्कृति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रगति इवेंट, जेटेक और लखनऊ विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में यूपी दर्शन पार्क में चल रहे समर कार्निवाल में 11वें दिन सोमवार को उत्तराखंड के लोक नृत्यों और गायन की धूम रही। उत्तराखंड के झोलिया, झुमैला, झोड़ा, चांचरी तथा पांडव नृत्य की परिस्थितियों ने पूरे माहौल को उत्तराखंड में तब्दील कर दिया।

छोलिया कुमाऊं मंडल का प्रसिद्ध नृत्य है। यह नृत्य वीर योद्धाओं और उनके साहस का प्रतीक है। झुमैला एक प्राकृतिक नृत्य है, जो बिना किसी वाद्ययंत्र के सहयोग से किया जाता है। झोड़ा नृत्य गढ़वाल और कुमायूं का नृत्य है। इसमें पुरुष और महिलाएं एक घेरे में एक दूसरे का हाथ पकड़ कर नृत्य करते हैं। चांचरी विभिन्न देवी देवताओं को समर्पित नृत्य है, आमतौर से इसे मंदिरों में प्रस्तुत किया जाता है।

लखनऊ की देवभूमि जन सरोकार सांस्कृतिक समिति ने बलवंत वाणगी के निर्देशन में हेमा, गीता, हेमा जोशी, चंदा देवी, पार्वती देवी, राधा, रीमा, हिमानी, महिमा सिंह, सचिन शर्मा, शोभा सिंह, कंचन पांडे, भूमिका, आराध्या, ममता आर्य, तिरुपति और किशन सिंह ने अपने मनमोहक अंदाज में समर कार्निवाल के सांस्कृतिक मंच पर देवभूमि उत्तराखंड का दर्शन कराकर उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया।

# आवास आयुक्त ने किया आवंटियों का अभिनंदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को परिषद की ग्रीनफील्ड टाउनशिप अयोध्या में मठ, आश्रम, होटल भूखंडों एवं राज्य सरकारों को आवंटित भूखंडों के आवंटियों के साथ बैठक हुई। जिसमें आवास आयुक्त ने आवंटियों का अभिनंदन किया। आवंटियों को भूखंड के भुगतान की स्थिति एवं रजिस्ट्री के बारे में जानकारी देने के साथ योजना में निर्माण कार्य की स्थिति पर चर्चा की गई। अधिशासी अभियंता ने शीघ्र योजना के अवशेष निर्माण कार्य यथा ड्रेनेज, सीवर व अन्य कार्यों को पूरा किए जाने का आश्वासन दिया। पर्यटन विभाग के नोडल अधिकारी ने बताया कि संपत्ति पर आरोपित होने वाले स्टाम्प शुल्क व अन्य विकास शुल्क को माफ किए जाने के लिए शासनादेश के अंतर्गत व्यवस्था है। पर्यटन विभाग द्वारा प्रोत्साहन नीति के तहत 33 श्रेणियों के अंतर्गत सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिसमें होटल, मठ और आश्रम भी शामिल हैं।

# जलसे में कल होगा दहशतगर्दी के सफाये पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रात 9 बजे सुन्नी इंटर कॉलेज में होगा जलसे का आयोजन
- इस्लामिक विद्वानों व शिक्षाविदों को किया आमंत्रित

**अमृत विचार:** सहाबा एक्शन का सालाना जलसा 11 जून को रात 9 बजे सुन्नी इंटर कॉलेज में होगा। दहशतगर्दी का इलाज सहाबा की गुलामी है विषय पर आयोजित जलसे में इस्लामिक विद्वानों और शिक्षाविदों को आमंत्रित किया गया है।

कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल वहीद फारुकी ने सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों को बताया कि इस जलसे में शामिल होने वाले इस्लामिक विद्वान और शिक्षाविद इस विषय पर विस्तार से चर्चा करेंगे कि किस तरह हजरत मोहम्मद साहब और उनके प्रत्यक्ष अनुयाइयों (सहाबा) की शिक्षाओं का अनुसरण कर आतंकवाद का इलाज किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब, उनके सहाबा और उनकी जीवन शैली से शिक्षा लेकर दुनिया को शांति के मार्ग पर लाया जा सकता है। सहाबा एक्शन कमेटी के महासचिव मौलाना जैद फारुकी ने बताया कि उनकी कमेटी मुसलमानों के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों के शैक्षिक, आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए काम करता है। उन्होंने कहा कि दहशतगर्दी करने वाला किसी भी धर्म का नहीं होता है। कोई भी धर्म दहशतगर्दी की इजाजत नहीं देता है।

उन्होंने बताया कि इस जलसे में महिलाओं को आमंत्रित नहीं किया गया है क्योंकि जलसे में आने वालों की संख्या ज्यादा है और महिलाओं के लिए पर्दे का इंतजाम नहीं हो सकता है। महिलाएं इस कार्यक्रम को ऑनलाइन देख सकती हैं। भविष्य में इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि उनकी भी शिरकत हो सके। प्रेस कांफ्रेंस में मौलाना मुजम्मिल नदवी, मुस्लिम यूथ ब्रदर्स के महासचिव हाफ़िज़ सैयद मोहम्मद वसी, राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के संयोजक मोहम्मद आफाक भी मौजूद रहे।

### गदीर विषय पर बच्चों की कला प्रतियोगिता 12 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** गदीर के मौके पर कर्बला दियानतुद्दौला और मुफ्तीगंज स्थित इमामबाड़ा मीरन साहब में 12 जून को शाम 4 से 5 :30 बजे तक बच्चों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसमें 7 से 16 साल के बच्चे प्रतिभाग करेंगे। विलायत कमेटी की ओर से होने वाली प्रतियोगिताओं का विषय गदीर रखा गया है। प्रतियोगिता के जरिये बच्चों के इस्लामिक ज्ञान को परखा जाएगा। अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। 15 वर्ष आयु से अधिक के बच्चों की एक विशेष प्रतियोगिता कराई जाएगी। इस प्रतियोगिता के जरिये कोशिश यह है कि बच्चों की रचनात्मकता बढ़े और वह गदीर के अहमियत को समझें।

# फेस्टिवल में दिखाई गई छह लघु फिल्में

## अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में सार्थक फिल्म फेस्टिवल का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सार्थक सांस्कृतिक सोसाइटी ने सोमवार को गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में सार्थक फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया। इसमें सार्थक सांस्कृतिक सोसाइटी और सार्थक इंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई फिल्म छत, तेरा साथ, परवरिश, कान्ट्रेक्ट, जायज और मुक्ति का प्रदर्शन किया गया। इन सभी फिल्मों का लेखन, निर्माण और निर्देशन एसके प्रसाद ने किया।

इस मौके पर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि उद्योग राज्यमंत्री नटवर गोयल, मोहान विधायक ब्रजेश कुमार रावत, मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार रावत, सूचना विभाग के पूर्व उप निदेशक दिनेश सहगल, उत्तर प्रदेश गौरव से सम्मानित अनीता सहगल, रॉयल कैफे के प्रबंध निदेशक मुरलीधर आहूजा, सिंगरामऊ स्टेट की रानी डॉ. अंजू सिंह और फिल्म निर्माता वैभव सिंह रहे। फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होने वाली फिल्म छत में निखिल सिंह, शशांक तिवारी, अजय सक्सेना और स्वाती श्रीवास्तव ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।



दीप जलाकर फिल्म फेस्टवल का शुभारम्भ करते विधायक अमरेश कुमार कुमार रावत, मुरलीधर आहुजा, कलाकार अनीता सहगल व अन्य।

फिल्म तेरा साथ में सौरभ शुक्ला और आकांक्षा श्रीवास्तव मुख्य भूमिका में रहे। जेबा, वंश, रुपाली और इजहान बाल कलाकार के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आए। परवरिश में राजीव भटनागर, अनुज श्रीवास्तव, अमित कुमार प्रसाद, अमृता, कल्पना श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता और शालिनी ने प्रमुख भूमिका निभाई।

फिल्म कान्ट्रेक्ट में ओम सिंह, देवलीना कैर, अनुष्का त्रिपाठी, सूर्य प्रताप सिंह और आदि अली ने सराहनीय भूमिकाएं निभाईं। फिल्म जायज में वैभव सिंह, गरिमा कपूर, तरुण सिंह, तनिष्का शर्मा और दीक्षा श्रीवास्तव ने भूमिका निभाई।

फेस्टिवल में दिखाई गई आख़िरी लघु फिल्म मुक्ति उत्तर प्रदेश की नौटंकी कला पर आधारित थी। इसमें आशीष सिंह, पीहू गुप्ता, अभिषेक सिंह, आशुतोष पांडेय, राजेन्द्र विश्वकर्मा, संतराम यादव, मोनिका अग्रवाल और काव्या मिश्रा ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

# समाज कल्याण अधिकारी का तबादला

**अमृत विचार, लखनऊः** लखनऊ समेत 22 जिला समाज कल्याण अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। लखनऊ की समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह को मुख्यालय भेजा गया है, जबकि मुख्यालय में रहे अंजनी कुमार को लखनऊ का समाज कल्याण अधिकारी बनाया गया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत की ओर से जारी आदेशानुसार नीलम सिंह को उन्नाव से बाराबंकी, श्रीप्रकाश पाण्डेय को बस्ती से उन्नाव, ज्ञानेंद्र सिंह को चित्रकूट से सोनभद्र और वैभव त्रिपाठी को सोनभद्र से चित्रकूट, रमाशंकर यादव को सोनभद्र से कुशीनगर, शैलेन्द्र गौतम को मुरादाबाद से जिला समाज कल्याण (विकास) कुशीनगर, संदीप चौधरी को कुशीनगर से गाजियाबाद और वेद प्रकाश मिश्रा को गाजियाबाद से कन्नौज भेजा गया है।

# गीत-गजल से सजी सरस काव्य गोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अखिल भारतीय साहित्य परिषद की महानगर इकाई ने कराया आयोजन

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की महानगर इकाई ने गोमतीनगर स्थित सीएसआई टावर में एक सरस काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया। परिषद की महानगर इकाई के अध्यक्ष निर्भय नारायण गुप्त ने गोष्ठी की अध्यक्षता की। वरिष्ठ गीतकार नरेंद्र भूषण मुख्य अतिथि और रविन्द्रनाथ तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

डॉ. ममता पंकज के संचालन में हुई काव्य गोष्ठी संदीप शर्मा की वाणी वंदना से शुरू हुई। राजीव वर्मा वत्सल ने परिषद गीत प्रस्तुत कर गोष्ठी की विधिवत शुरुआत की। काव्य गोष्ठी में गीत, गजल, हास्य-व्यंग्य, ओज, श्रृंगार और छन्दमुक्त रचनाएं सुनने को मिलीं।

लक्ष्मी नारायण गुप्त व विनोद भावुक द्वारा आयोजित इस काव्य गोष्ठी में शहर के जाने-माने कवि गिरधर खरे, संतोष कौशिल, मनमोहन बाराकोटी, मृगांक श्रीवास्तव, अरविंद रस्तोगी, अर्श लखनवी, आशीष आस, पायल सोनी, श्वेता मनस्वी और आजमगढ़ से आये विजेंद्र श्रीवास्तव जैसे मनीषियों की रचनाओं ने लोगों को बांधे रखा।

**रूट डायवर्जन** | प्रतिबंधित मार्ग पर एंबुलेन्स, फायर सर्विस, स्कूली वाहन, शव वाहन ले जा सकेंगे

# बड़े मंगल पर आज बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ महीने के अंतिम बड़े मंगलवार पर राजधानी के प्रमुख हनुमान मंदिरों में दर्शन-पूजन और जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया जाएगा। नया एवं पुराना हनुमान मंदिर अलीगंज व हनुमान सेतु मंदिर पर मेले का आयोजन होगा। इसके चलते सोमवार रात 12 बजे से मंगलवार रात मेला खत्म होने तक प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने बताया कि इमरजेंसी की स्थिति में प्रतिबंधित मार्ग पर एंबुलेन्स, फायर सर्विस, स्कूली वाहन, शव वाहन को जाने की अनुमति होगी। इसके लिए ट्रैफिक कंट्रोल नंबर-9454405155 पर सूचना देनी होगी।

### इन मार्गों पर रहेगी रोक



- छन्नी लाल चौराहा से कपूरथला की ओर।
- अल्कापुरी तिराहे से कपूरथला चौराहा की ओर।
- मोतीमहल तिराहा से हनुमंतधाम मंदिर की तरफ रोक रहेगी।
- क्लार्क अवध तिराहा से हनुमंतधाम मंदिर की तरफ रोक रहेगी।
- साईं मंदिर अलीगंज तिराहे की ओर से कपूरथला चौराहा की ओर।
- आईटी चौराहा की तरफ से हनुमान सेतु मंदिर की तरफ रोक रहेगी।
- आईटी व निरालानगर से निरालानगर तिराहे से कपूरथला चौराहे की ओर।
- सुशीला देवी स्मृतिका से शालीमार कट से हनुमान सेतु की तरफ रोक रहेगी।
- कैसरबाग व हजरतगंज की ओर से भारी वाहन सुभाष चौराहे से आईटी, कपूरथला की तरफ।
- कुर्सी रोड की ओर से विष्णुपुरी कालोनी व हीवेट पालीटेक्निक (रहीमनगर) चौराहा से नीरा नर्सिंग होम की ओर।
- आईटी चौराहा से रोडवेज व सिटी बसें विवेकानंद पॉलीक्लीनिक निराला नगर से विवेकानंद ओवरब्रिज से कपूरथला होते हुए अलीगंज की तरफ।
- अलीगंज सहारा टावर (नगर निगम जोन-3 कार्यालय) तिराहे से कपूरथला चौराहे की ओर।
- सीतापुर रोड से रोडवेज व सिटी बसें पुरनिया एवं डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग से कपूरथला व आईटी चौराहा की तरफ।

### इन मार्गों से कर सकेंगे आवागमन

- वाहन शालीमार कट दाएं होते जाएंगे।
- वायरलेस चौराहा से सेन्ट्रल बैंक होकर।
- वाहन डालीगंज पुल चौराहा व निशातगंज होकर।
- वाहन अल्कापुरी ओवरब्रिज, चौराहा नंबर आठ होकर।
- वाहन तिराहे से बाएं प्रगति बाजार के पीछे से सहारा टॉवर होकर।
- बसें अयोध्या रोड, सेंट्रल बैंक तिराहा, वायरलेस चौराहा, हीवेट पालीटेक्निक से विष्णुपुरी होकर जाएंगी।
- वाहन क्लार्क अवध तिराहा से सुभाष चौराहा से केडी सिंह बाबू स्टेडियम तिराहा, एसबीआई होकर।
- वाहन मोतीमहल तिराहा से एसबीआई तिराहा, केडी सिंह बाबू स्टेडियम तिराहा से सुभाष चौराहा होकर।
- यातायात हीवेट पॉलिटेक्निक (रहीमनगर) चौराहा, वायरलेस चौराहा, गोल मार्केट, बादशाहनगर, निशातगंज, सिकंदरबाग होकर।
- निरालानगर तिराहे से बाएं चौराहा नंबर आठ से डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज, अल्कापुरी, पुरनिया होते हुए जाएगा।
- वाहन सहारा टावर तिराहे से दाएं 50 मीटर आगे तिराहे से बाएं सहारा टावर के पीछे से साईं मंदिर तिराहा से दाएं निरालानगर ओवरब्रिज होते हुए जाएगा।
- पीएनटी बालू अड्डा, सिकंदरबाग की तरफ से हनुमंतधाम मंदिर जाने के लिए मोतीमहल तिराहा, एसबीआई तिराहा से सुभाष व परिवर्तन चौक से क्लार्क अवध तिराहा होकर।
- वाहन सुभाष चौराहे से क्लार्क अवध, शहीद स्मारक, डालीगंज पुल, शाहमीना, पक्कापुल से दाएं डालीगंज व पुरनिया रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज के नीचे से मड़ियांव, चिरैयाझील, संकल्प वाटिका, निशातगंज, महानगर होकर जा सकेंगे।
- मड़ियांव ओवरब्रिज से पुरनिया, डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग से ओवरब्रिज के नीचे से पक्का पुल, शाहमीना या इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा से टेढ़ी पुलिया, विकास नगर मोड़, रहीमनगर, वायरलेस चौराहा महानगर, बादशाहनगर, संकल्प वाटिका, सिकंदरबाग होकर।


इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

मण्डलीय कार्यालय लखनऊः न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल, हजरतगंज, लखनऊ-226001
फोनः 0522-2286272, 2287283, फैक्सः 0522-2288033, ई-मेलः zolucknow@indianbank.co.in

**ई- नीलामी बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) 2002 के पठित नियम 8(6) के अन्तर्गत बैंक में बंधक रखी अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी की सूचना

जैसाकि, इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) के बकायों के तथा उसमें वर्णितनुसार ब्याज की वसूली हेतु "जहाँ है जो है, जो कुछ भी है वहाँ पर" के आधार पर उसे बेचने के अधिकार के साथ निम्नलिखित ऋण खाता में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के धारा 13(2) के अधीन जारी की गई सूचना के अनुपालन में बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का रचनात्मक कब्जा ले लिया है और जैसा कि बकार्यों का पुर्न भुगतान न करने के फलस्वरूप, अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी कथित सम्पत्ति/यों की ई-नीलामी सेवाप्रदाता के माध्यम से बिक्री करके बैंक के बकायों की वसूली का प्रस्ताव रखता है। वर्तमान में सम्पत्तियों का **सांकेतिक कब्जा** उपलब्ध है।

| क्र. सं. | ऋणी/प्रोपराइटर/पाटनर्स/निदेशक/जमानतकर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति बंधक का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि / मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि | (क) आरक्षित मूल्य (ख) धरोहर राशि (ग) ईएमडी जमा करने के लिए खाता विवरण (घ) वृद्धि बोली राशि | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि / ई-निलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| शाखाः इन्दिरा नगर ए ब्लॉक | | | | | |
| 1. | 1- मेसर्स दादा श्री इंडस्ट्रीज पार्टनर्सः 1- श्री अलकेश वर्मा, 2- श्रीमती दिव्या वर्मा बीटी, पंजीकृत पता- प्लॉट सं. 13, बाशा खेड़ा, टाटा ब्रिक्स के पास अमराई गांव, तकरोही, इंदिरा नगर, लखनऊ- 226016<br>2- श्री अलकेश वर्मा पुत्र श्री कालिदास (ऋणी), पता-1: प्लॉट सं. 13, बाशा खेड़ा, टाटा ब्रिक्स के पास अमराई गांव, तकरोही, इंदिरा नगर, लखनऊ- 226016 पता-2: निवासी- मकान सं. 22/162, इंदिरा नगर, लखनऊ।<br>3- श्रीमती दिव्या वर्मा पत्नी श्री अल्केश वर्मा (ऋणी), पता-1: प्लॉट सं. 13, बाशा खेड़ा, टाटा ब्रिक्स के पास अमराई गांव, तकरोही, इंदिरा नगर, लखनऊ- 226016 पता-2: निवासी- मकान सं. 22/162, इंदिरा नगर, लखनऊ<br>4. श्री अलकेश वर्मा पुत्र श्री कालिदास (श्री कालिदास के कानूनी उत्तराधिकारी, जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता), पता-1: प्लॉट सं. 13, बाशा खेड़ा, टाटा ब्रिक्स के पास अमराई गांव, तकरोही, इंदिरा नगर, लखनऊ- 226016 पता-2: निवासी- मकान सं. 22/162, इंदिरा नगर, लखनऊ।<br>5- श्री उमेश चंद्र वर्मा पुत्र स्व0 श्री कालिदास, (श्री कालिदास के कानूनी उत्तराधिकारी, जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता), प्लॉट सं. 13, बाशा खेड़ा, टाटा ब्रिक्स के पास अमराई गांव, तकरोही, इंदिरा नगर, लखनऊ- 226016<br>6- रीता भारती पत्नी श्री साकेत भारती (श्री कालिदास के कानूनी उत्तराधिकारी, जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता), मकान सं. डी-37, लाल बंगला, हनुमान मंदिर के पास, चकेरी, कानपुर | मकान सं. 22/162, सेक्टर-22, इंदिरा नगर, लखनऊ के सभी भाग व खण्ड, चौहद्दीः पूर्वः प्लॉट सं. 11/163, पश्चिमः प्लॉट सं. 11/161, उत्तरः प्लॉट, दक्षिणः सड़क | 18.09.2024<br>10.12.2024<br>रू. 21,00,085.00 दिनांक 18.09.2024 तक + ब्याज + लागत, अन्य शुल्क एवं उस पर खर्चे | (क) रू. 32,00,000/-<br>(ख) रू. 3,20,000/-<br>(ग) 6127853725 IFSC: IDIB000H561 हजरतगंज शाखा<br>(घ) रू. 10,000/- | दिनांक 24.06.2025 तक<br>दिनांक 25.06.2025 प्रातः 11.00 बजे से सायं 03.30 बजे |

| बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in | ई-नीलामी की वेबसाइट | दस्तावेज (बिक्री सूचना फोटो) | सम्पत्ति का स्थान | सम्पत्ति का विडियो | सम्पत्ति का फोटो | प्राधिकृत अधिकारी/शाखा प्रबन्धक का नाम व मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | प्राधिकृत अधिकारीः के. पी. त्रिपाठी, मोबाइलः 9695600751<br>शाखा प्रबंधकः के. पी. त्रिपाठी, मोबाइलः 9695600751 |

इच्छुक बोलीदाता शीर्षक दस्तावेज, संपत्ति और उसके निरीक्षण के बारे में सत्यापन के लिए इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक), उपरोक्त शाखा से कार्यालय समय में दिनांक 23.06.2025 से पहले संपर्क कर सकते हैं एवं नीलामी से संबंधित जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाता उपरोक्त शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

अधिक जानकारी और नियम एवं शर्तें डाउनलोड करने के लिए कृपया देखें- https://www.baanknet.com
सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत उधारकर्ताओं/जमानतकर्ताओं को बिक्री सूचना के बारे में अधिसूचित किया जाता है।

स्थानः लखनऊ, दिनांक : 10.06.2025 प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)

## एक नजर

### जीआरपी ने लौटाए 310 मोबाइल

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीआरपी लखनऊ के अंतर्गत आने वाले सभी थानों एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर यात्रियों के खोए हुए 310 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिए। मोबाइल स्वामियों को पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम अमित कुमार सिंह एवं पुलिस उपाधीक्षक रेलवे द्वितीय हृषीकेश यादव ने मोबाइल फोन उनके सुपुर्द किए।

### क्रेडिट कार्ड से उड़ाए 74 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज बनारसी टोला के रोहित तिवारी के मुताबिक 31 मई की शाम को उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले इंडसइंड बैंक का कस्टमर केयर का कर्मचारी बताया। उसने लिंक भेजकर मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद क्रेडिट कार्ड का डिटेल हासिल कर लिया। खाते से 74 हजार रुपये निकाल लिये। जानकारी होते ही इसकी शिकायत साइबर क्राइम सेल में की। इसके बाद क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक कराया। इंस्पेक्टर अलीगंज अशोक कुमार सोनकर के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### पिकअप में भैंस लादकर निकल गए चोर

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** गोसाईगंज के चुरहिया गांव से चोरों ने भैंस चोरी की और पिकअप में लादकर निकल गए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। चुरहिया गांव के महेन्द्र कुमार के अनुसार उनकी एक भैंस गांव के ही ननकू, अखिलेश उर्फ गोरा, अहिरन ढकवा के श्रीराम के सहयोग से चार अन्य लोगों ने गुरुवार रात को किसान पथ पर इन्दिरा नहर के पास लाये और वहां पिकअप गाडी में लादकर निकल गए। पूरी घटना वही पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

# हैकर्स उड़ा रहे गोपनीय जानकारी

## चार कोड्स 'जी', 'एस', 'टी' या 'पी' ही बताते है असली या फर्जी मैसेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फर्जी मैसेज भेजकर लोगों को फंसाते हैं
- सतर्क रहे, फर्जी व असली मैसेज का अंतर समझकर दें जवाब

**अमृत विचारः** डिजिटल युग में साइबर हमले और ठगी के मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। मोबाइल व इंटरनेट का प्रयोग जितना बढ़ रहा है। खतरा भी उनता बढ़ता जा रहा है। हैकर्स फर्जी मैसेज भेजकर निजी जानकारी चोरी कर रहे हैं। इनसे सतर्क रहने की जरूरत है। फर्जी व असली मैसेज को पहचान कर ही जवाब दें। ताकि आपकी गोपनीय जानकारी व खाता दोनों सुरक्षित रहे। असली व फर्जी मैसेज की चार कोड्स 'जी', 'एस', 'टी' या 'पी' ही पहचान हैं।

साइबर एक्सपर्ट व साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक सरकार ने अब एक आसान तरीका निकाला है। जिससे आप असली और फर्जी मैसेज की पहचान कर सकें। जब भी आपके मोबाइल पर कोई टेक्स्ट मैसेज आए तो सबसे पहले उसके अंत में दिए गए अक्षरों पर ध्यान दें।अगर मैसेज के आखिर में जी, एस, टी या पी लिखा हो तो उस मैसेज की पहचान बताता है।

### ऐसे करें असली व फर्जी मैसेज की पहचान

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक मैसेज के आखिर में 'जी' का मतलब है कि गर्वमेंट यानी मैसेज किसी सरकारी संस्था की तरफ से आया है। 'एस' का मतलब है कि सर्विस यानी बैंक, मोबाइल कंपनी जैसी किसी सेवा प्रदाता कंपनी का मैसेज है। 'टी' का मतलब हे कि ट्रांजेक्शन यानी कोई लेनदेन, ओटीपी या भुगतान से जुड़ा मैसेज और 'पी' का मतलब है प्रमोशनल यानी कोई विज्ञापन, ऑफर या प्रचार से जुड़ा मैसेज है। इंस्पेक्टर के मुताबिक अगर किसी मैसेज में यह कोड नहीं दिए गये हैं तो सावधान हो जाए। यह जालसाजी या स्कैम से जुड़ा हो सकता है। कई लोग सोचते हैं कि स्कैमर भी इन चारों शब्दों को लिख सकते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। इन कोड्स का प्रयोग करने के लिए कंपनी को ट्राई (टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया) में रजिस्टर्ड होना जरूरी होता है। बिना रजिस्ट्रेशन इस तरह के कोड प्रयोग नहीं किए जा सकता है। भारत सरकार ने यह सिस्टम इसलिए बनाया है ताकि लोग असली और नकली मैसेज की पहचान आसानी से कर सकें और धोखाधड़ी से बच सकें। इसलिए अब जब भी कोई मैसेज आए, तो उसे ध्यान से पढ़ें और आखिर में लिखे कोड पर जरूर नजर डालें।

# युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- युवक ने लगाया दीवान पर वसूली का आरोप
- गौतमपल्ली थाने की पुलिस की सतर्कता से बची जान रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** हरदोई में तैनात दीवान पर वसूली का आरोप लगाते हुए युवक ने गोल्फ चौराहे के पास ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। समय रहते पुलिस ने पकड़ लिया। उसे लेकर आने वाले युवक को भी दबोच लिया है। पुलिस ने हाई सिक्योरिटी जोन में आत्मदाह का प्रयास करने पर युवक और उसके साथी पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वहीं दीवान के खिलाफ जांच कर कार्रवाई के लिए थाने से रिपोर्ट भेजी गई है।

इंस्पेक्टर गौतमपल्ली पंकज कुमार अम्बष्ट के मुताबिक शनिवार को दरोगा सर्वेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मुख्यमंत्री आवास के पास गोल्फ चौराहे पर ड्यूटी पर मौजूद थी। रात करीब 11.55 बजे के करीब एक स्कूटी से दो युवक वहां पहुंचे। पीछे बैटा व्यक्ति अचानक से स्कूटी से उतरकर ज्वलनशील पदार्थ अपने ऊपर डालकर आग लगाने का प्रयास करने लगा।

कहा कि मैं आग लगाकर आत्मदाह कर लूंगा। उसकी हरकत देखते ही पुलिस टीम ने तत्काल दौड़ाकर पकड़ लिया। उससे ज्वलनशील पदार्थ वाली बोतल छीन लिया। इस पर नाराज युवक ने पुलिस से अभद्रता करनी शुरू की। युवक के इस तरह की कृत्य से वीवीआईपी इलाके की सुरक्षा खतरे में आने की संभावना बन गई थी। इसी बीच पुलिस टीम ने युवक के साथ आये स्कूटी चला रहे साथी को पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक आत्मदाह का प्रयास करने वाला युवक सीतापुर के महमूदाबाद स्थित बेलदारी टोला का मंगल सिंह है। वहीं स्कूटी चालक उसी के मोहल्ले का राजू कश्यप है। पूछताछ में बताया कि गोंडा निवासी तेज बहादुर यादव दीवान के पद पर हरदोई में तैनात है। दोनों के बीच उधारी के रुपये का विवाद है। इसमें कार्रवाई न होने के कारण दीवान लगातार दबाव बना रहा है। इसी कारण उसने आत्मदाह करने का प्रयास किया। पुलिस ने स्कूटी कब्जे में ले लिया है। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। वहीं, दीवान तेज बहादुर यादव के संबंध में जांच कराने के लिए रिपोर्ट हरदोई पुलिस अधिकारी को भेजी गई है।

# युवती की फोटो वायरल, दो पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो सहपाठियों ने दिया घटना को अंजाम, बीबीडी थाने की पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचारः** चिनहट इलाके में रहने वाली युवती की अश्लील वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। यह कृत्य उसके दो वरिष्ठ सहपाठियों ने की। दोनों युवती को लगातार ब्लैकमेल कर रहे है। उसे अकेले में मिलने का दबाव बना रहे हैं, साथ ही रुपये की मांग कर रहे हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चिनहट इलाके में रहने वाली युवती के मुताबिक बीबीडी में स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा 9वीं की छात्रा थी। उसी समय स्कूल में 10वीं में पढ़ने वाले दो छात्रों सुमित सिंह उर्फ प्रिंस सिंह और रक्षित अग्रवाल से उसकी दोस्ती हो गयी थी। स्कूल छोड़ने के बाद भी रक्षित अग्रवाल उससे मिलता था। पिछले वर्ष नवम्बर में दोस्त की शादी की तैयारी में कुछ रुपये की जरूरत थी। पिता घर नही थे। रक्षित के दोस्त सुमित उर्फ प्रिंस से रुपये उधार लिये थे। जिसे वापस कर दिया। पिछले एक सप्ताह से वह कॉल कर अपने गोरखपुर स्थित घर पर बुला रहा था। मना करने किया, तो चैटिंग कर अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। मोबाइल को हैक कर इंस्टाग्राम से फोटो निकाल ली। उसे अश्लील हरकतें शुरू कर दी।

**वीडियो फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुप पर डाला :** युवती का आरोप है कि रक्षित द्वारा चोरी से बनाए गये वीडियो को सुमित ने फेसबुक और व्हाट्सएप ग्रुप पर डालना शुरू कर दिया। विरोध करने पर अभद्रता करने लगा। दुष्कर्म की धमकी देने लगा। भड़के सुमित ने युवती के पिता को कॉल कर धमकी देने लगा कि अश्लील वीडियो वायरल कर देगा। वह गोरखपुर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाने की धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह के मुताबिक युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# रिटायर दरोगा के बेटे समेत तीन लगाया फंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजधानी में रिटायर दरोगा के बेटे समेत तीन लोगों ने फंदा लगाकर जान दे दी। घटना चौक, पीजीआई और गाजीपुर इलाके में हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चौक इलाके में रिटायर दरोगा ज्ञानवीर सिंह परिवार के साथ रहते हैं। बेटा वीर विक्रम सिंह (26) एक निजी इंस्टिट्यूट से पत्रकारिता का कोर्स कर रहा था। पुलिस के मुताबिक रविवार को वीर विक्रम ने घरवालों से कुछ रुपए मांगे। रुपए न मिलने पर वीर विक्रम नाराज होकर दूसरे मंजिल पर बने कमरे में चला गया। पिता कमरे में गए तो वीर विक्रम पंखे से कुंडे से फंदे के सहारे लटका हुआ था। उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय के मुताबिक परिवारवालों ने अभी तक कोई सूचना नहीं दी है।

### बुजुर्ग का शव फंदे से लटकता मिला

अमृत विचार, पीजीआई : पीजीआई के गजरियन खेड़ा में किसान रामदीन (62) का शव पेड़ से फंदे से लटकता मिला। बेटे ने हत्या कर फंदे से लटकाए जाने का आरोप लगा जांच की मांग की है। गजरियन खेड़ा निवासी मिथुन के मुताबिक पिता रामदीन रविवार रात में खाना खाकर घर में सोए थे। सोमवार सुबह उनका कुछ पता नहीं चला। उन्हें खोज रहे थे तभी गांव के बाहर पेड़ से फंदे के सहारे पिता रामदीन का शव फंदे से लटके होने की सूचना मिली। भागकर वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि पिता के पैर जमीन से छू रहे थे। मिथुन का आरोप है पिता का गला घोंटकर हत्या की गई है। आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया गया है। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह के मुताबिक शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं हैं। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फंदे से लटका मिला युवक

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर के लवकुशनगर स्थित घर में सनी (35) का शव रविवार को फंदे से लटकता मिला। चार माह पहले उसने मोहल्ले की युवती से प्रेम विवाह किया था। मौसेरे भाई ने जांच की मांग की है। पुलिस के मुताबिक सनी नशे का आदी था। मौसेरे भाई जितेन्द्र ने बताया कि रविवार शाम को सनी का घर की दूसरी मंजिल पर पत्नी लक्ष्मी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसके बाद लक्ष्मी घर से चली गई। कुछ देर बाद बहन मोनिका भाई सनी को देखने गई तो वह कमरे में पंखे से साड़ी के फंदे के सहारे लटका हुआ था। सनी को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौसेरे भाई जितेंद्र ने सनी की पत्नी लक्ष्मी से पूछताछ की मांग की है। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जीवाड़ा कर बेची जमीन मां-बेटे समेत सात पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोन चुकता कर जमीन पर कब्जा करने पहुंची तो खुला फर्जीवाड़े का खेल
- वजीरगंज थाने की पुलिस कर रही मामले की जांच

**अमृत विचारः** गोपरामऊ निवासी कृष्णा सिंह ने मां-बेटे समेत सात लोगों के खिलाफ फर्जीवाड़ा कर जमीन दूसरे को रजिस्ट्री करने और अवैध तरीके से कब्जा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कृष्णा सिंह की तहरीर पर वजीरगंज पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गोपरामऊ निवासी कृष्णा सिंह के मुताबिक पुराना तोपखाना बरी रोड बालागंज निवासी रितु सिंह, आयुष सिंह, खुशी सिंह से जमीन रजिस्ट्री कराई थी। रजिस्ट्री उपनिबंधक सदर प्रथम के कार्यालय में पंजीकृत है। जानकारी मिली की इस जमीन के एक हिस्से की रजिस्ट्री 1999 में पूर्व स्वामी राजेश सिंह ने राम लाल और कुछ हिस्से को 2009 में बालागंज निवासी राजेश्वरी व सीमा सिंह के नाम किया। सीमा सिंह के निधन के बाद आधे की हिस्सेदार रितु सिंह, आयुष सिंह, खुशी सिंह हुए। इन तीनों ने मार्च 2024 में जमीन का बैनामा कृष्णा सिंह के नाम किया। इस बीच राजेश्वरी ने भी अपने हिस्से की जमीन को कृष्णा सिंह के नाम रजिस्ट्री कर दी। इन जमीनों पर राजेश सिंह का कोई अधिकार नहीं रहा। लेकिन उनकी पत्नी सुंदरी सिंह और बेटे चंदन सिंह ने फर्जीवाड़ा कर जमीन को मोहिबुल्लापुर स्थित भरतनगर निवासी करुणा शंकर तिवारी व ललित किशोर तिवार के नाम रजिस्ट्री कर दी। पिछले वर्ष मई में हरदोई के सब्दासपुर निवासी सुंदरी सिंह, चंदन सिंह अपने 4-5 साथियों संग जमीन पर पहुंचे। वहां कब्जा करने का प्रयास किया। जिसका विरोध किया गया। आरोपियों ने कृष्णा सिंह को जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। जिसके बाद मामले की जांच वजीरगंज थाने की पुलिस को सौंपी गई। जांच रिपोर्ट आने के बाद वजीरगंज थाने में सुंदरी सिंह, चंदन सिंह समेत सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूट रचना, धमकी देने समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### दुष्कर्म का आरोपी पहुंचा थाने, किया समर्पण

**अमृत विचार, गोसाईगंजः** सुशांत गोल्फ सिटी में युवती को शादी का झांसा दिया। नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। इस मामले में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को आरोपी थाने पहुंचा। वहां उसने समर्पण कर दिया। पुलिस के अनुसार 10 मई को एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि अछती थाना आलापुर जिला अम्बेडकर नगर के रहने वाले हेमन्त ब्रिजे प्रताप उर्फ ने उसको शादी का शादी का झांसा दिया। नशीला पदार्थ पिलाकर शारीरिक सम्बन्ध बनाया। जिससे वह गर्भवती हो गई, तो आरोपित ने उसे जबरन दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। विरोध करने पर उसे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश कर थी। सोमवार को आरोपित के पिता ने आरोपित को थाने लाकर पुलिस के हवाले कर दिया।

# जमीन के नाम पर 19.38 लाख की ठगी, चार पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसीजेएम कोर्ट के आदेश पर काकोरी पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचारः** काकोरी के डिघिया में तीन हजार वर्गफीट जमीन दिलाने के नाम पर 19.38 लाख रुपये ठग लिये। पीड़िता ने काकोरी थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने एसीजेएम कोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर काकोरी पुलिस ने पति-पत्नी व सगे भाइयों समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

पारा के राम विहार कालोनी निवासी सविता के मुताबिक उन्होंने गढ़ी बनौरा हरचंदपुर निवासी अर्जुन कुमार, उनकी पत्नी तारा शर्मा, गोरखपुर के धर्मपुर निवासी गुलशन शर्मा व उसके भाई सरोज शर्मा से जमीन का सौदा किया। चारों ने उनको काकोरी के डिघिया गांव में जमीन दिखाई। जमीन पसंद आने पर तीन हजार वर्गफीट का सौदा तय किया। इसके लिए चारों ने 19,38,000 रुपये लिये। सविता के मुताबिक यह रकम उसने खाते में आरटीजीएस किया था। जब रजिस्ट्री करने को कहा तो चारों आरोपी मुकर गये। पीड़िता ने दबाव बनाया तो आरोपियों ने धमकी देनी शुरू कर दी। सविता ने बताया कि इस संबंध में पारा और काकोरी थाने में शिकायत की। जहां पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। परेशान होकर एसीजेएम कोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर काकोरी पुलिस ने चारों के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप

### तीन दिन पहले लूट करने वाले तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर पुलिस व सर्विलांस टीम ने शुक्रवार शाम को महिला की चेन लूटने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों के पास से लूटी गई चेन, छह हजार रुपये और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी शशांक सिंह के मुताबिक गिरफ्तार बदमाशों में चिनहट विधायक चौराहे के पास का रहने वाला दीपक सोनी, कहारन टोला बड़ी मस्जिद सतरिक का लकी कश्यप और उसका साथी सुमित कश्यप है। लकी पूर्व में भी आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है। तीनों ने शुक्रवार को पत्रकारपुरम चौराहे पर सहारा प्लाजा के पास रहने वाली मंजू श्रीवास्तव की चेन लूटी थी। तीनों सीसी कैमरे में कैद हो गए थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिह्नित कर ग्वारी फ्लाईओवर के पास से पकड़ा गया है। अपर पुलिस उपायुक्त पकंज सिंह के मुताबिक तीनों बदमाशों ने विकासनगर क्षेत्र में 30 मई को महिला की चेन लूटी थी। वह चेन बेच भी दी थी। किस दुकान में बेची थी। इसकी जानकारी की जा रही है। चेन बिक्री के छह हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

### मध्य जोन व आलमबाग की पुलिस का हुआ सम्मान

**अमृत विचार, आलमबाग :** आलमबाग मेट्रो स्टेशन पर चार दिन पूर्व ढाई वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। पुलिस ने इस मामले का खुलासा 24 घंटे में किया। वहीं, आरोपी को मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस की कार्रवाई की प्रसंशा हर जगह हुई। आलमबाग चंदरनगर व्यापार मंडल ने सोमवार को पुलिस टीम को सम्मानित किया। आलमबाग में आयोजित इस समारोह में व्यापार मंडल के संरक्षक पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी,अध्यक्ष सोमेश मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारियों ने मंच से पुलिस उपायुक्त मध्य आशीष श्रीवास्तव, एडीसीपी मध्य ममता रानी चौधरी, एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल, आलमबाग थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र सरोज समेत सभी पुलिसकर्मी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। वहीं 51 पंडितों द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया।

### बेसुध होकर गिरे वकील की मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर तहसील में सोमवार को एक वकील अचानक गश खाकर जमीन पर गिर गया। साथी वकील उसे पीजीआई हॉस्पिटल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बंथरा के कानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास रहने वाले अभिषेक सिंह उर्फ पवन एडवोकेट (25) सरोजनीनगर तहसील में वकालत करते थे। रोज की तरह सोमवार को भी वह सरोजनी नगर तहसील गए थे। बताते हैं कि दोपहर बाद करीब 3 बजे वह अपने एक साथी के साथ वकीलों के चेंबर के बीच गली से पैदल ही तहसील में किसी काम से जा रहे थे। तभी रास्ते में अचानक चक्कर आने से वह जमीन पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। साथी वकीलों ने देखा तो आनन फानन अभिषेक को बिजनौर स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने वहां से पीजीआई अस्पताल रेफर कर दिया। पीजीआई हॉस्पिटल पहुंचते ही चिकित्सकों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। वहीं अभिषेक की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। मृतक अभिषेक के परिवार में उनके पिता लाल बहादुर सिंह, मां हीरामणि और बड़ा भाई मोनू है।

### मजदूर भेजने के नाम पर ठगे 1.5 लाख, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज के डाडा सिकंदरपुर निवासी ईंट भट्ठा मालिक से जालसाज ने मजदूर भेजने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये ठग लिये। पीड़ित ने मोहनलालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डाडा सिकंदरपुर निवासी चक्रवीर सिंह के मुताबिक उनका इलाके में ईंट भट्ठा है। चक्रवीर के मुताबिक उन्होंने लखीमपुर खीरी स्थित धौरहरा जवाहरनगर निवासी हारुन से ईंट पथाई के लिए मजदूरों की बातचीत की थी। उसने मजदूर भेजने का आश्वासन दिया। इसके लिए कई बार में डेढ़ लाख रुपये ऑन लाइन भुगतान करा लिया। काफी समय बीत जाने के बाद भी मजदूर नहीं भेजे। इस पर हारुन से पूछताछ की तो वह पिछले 10 माह से टालमटोल करता रहा। जब दबाव बनाया तो गाली-गलौज करने लगा। परेशान होकर रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी देने लगा। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश कुमार सिंह के मुताबिक चक्रवीर सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### टूर पैकेज के नाम पर ठगी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** देहरादून, ऋषिकेश एवं मंसूरी का टूर पैकेज देने के नाम पर ट्रेवल एजेंसी ने एक लाख रुपये ठग लिये। ठगी के शिकार ने गाजीपुर थाने में मंशा ट्रेवल कार्डस के मालिक व कर्मचारियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रवींद्र बिहार कालोनी निवासी विनम्र सिन्हा के मुताबिक वह 4 दिसंबर 2024 को अपने कार्यालय से मुंशी पुलिया सामान खरीदने गये थे। इसी बीच एक नंबर से महिला ने कॉल किया। उसने टूर पैकेज प्लान के बारे में जानकारी दी। कॉल करने वाली महिला ने खुद को मंशा ट्रेवल कार्डस की कर्मचारी बताया। इस दौरान भरोसा हासिल करने के लिए उसने कंपनी के मोहित आनंद का नंबर दिया। मोहित से बात कराई। जिसके बाद विनम्र ने कंपनी के खाते में रुपये भेजे। इसके बाद परिवार के साथ 28 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 का देहरादून, ऋषिकेश एवं मंसूरी का प्रोग्राम बनाया। इसके बाद मोहित को उसने करीब 100 से अधिक कॉल किया। लेकिन 27 दिसंबर तक न तो होटल की बुकिंग और न ही एयर टिकट के बारे में जानकारी दी गई। कॉल किसी तरह रिसीव करने पर गालियां व धमकी दी जाने लगी। पीड़ित ने इसकी शिकायत गाजीपुर एसीपी से की। जिस पर आरोपी वहां पहुंचा और दो चेक 45 हजार और 50 हजार रुपये के दिये। चेक भुगतान के लिए लगाया तो बाउंस कर गया। गाजीपुर एसीपी अनिद्य विक्रम सिंह के आदेश पर गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# आधा दर्जन संदिग्ध हिरासत में, पूछताछ जारी

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार :** रहीमाबाद के अहिडर गांव निवासी विजय वर्मा उर्फ गप्पू की हत्या के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी उनके शिकंजे में आ गया है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। हालांकि पुलिस अवैध संबंध और लेनदेन के मामले में हत्या की बात कह रही है। अभी घटना की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। रहीमाबाद के अहिडर गांव निवासी विजय वर्मा उर्फ गप्पू 25 जो मजदूरी करता था उसका शव घर से कुछ दूरी पर उसके खाली पड़े प्लांट में खून से लथपथ शव पड़ा देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। उसके सिर और गर्दन के अलावा शरीर पर कई जगह घाव के निशान थे। आंशका जताई जा रही है कि गप्पू की हत्या कहीं और जगह करने के बाद कातिलों ने शव को खाली प्लाट में फेंककर भाग निकले है। इस संबंध में इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी ने बताया काल डिटेल, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट तथा अवैध संबंधों के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# कमरा बुक कराने के नाम पर ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




**अमृत विचारः** बाबा नीब करौली आश्रम में रुकने के लिए कमरा बुक कराने के नाम पर जालसाजों ने ठगी की। पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकीविहार कालोनी निवासी अरिहंत जैन के मुताबिक 20 मार्च की शाम को उन्होंने बाबा नीब करौली आश्रम में ठहरने के लिए रूम बुक कराया। अरिहंत के मुताबिक 13 अप्रैल को दर्शन करने जाना था। वहां दो कमरे ऑन लाइन बुक कराये। जिसके लिए ऑन लाइन भुगतान करने को कहा गया। आश्रम की तरफ से कमरे को व्हाट्सएप पर दिखाये गये। एक कमरे का किराया 2550 रुपये बताया गया। दो कमरों की बात की। तो कहा गया कि रुकने के लिए आधा पैसा पहले जमा करना होगा तभी बुकिंग होगी। अरिहंत के मुताबिक उन्होंने 5100 रुपये ऑन लाइन 20 मार्च की रात 8 बजे के करीब कर दिया। यह रकम दिनेश कुमार मीना के नाम से दर्ज खाते में गई। इसके बाद रसीद व्हाट्सएप पर भेजी। कुछ देर बाद कॉल आई कहा गया कि आपको पूरा भुगतान करना होगा।इसके बाद दोबारा 5100 रुपये रात 9 बजे दिये। यह रकम भी दिनेश कुमार मीना के खाते में गई। इसके बाद से जालसाजों ने कॉल उठाना बंद कर दिया। पीड़ित ने इसके बाद साइबर क्राइम सेल में शिकायत की। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

### डंपर ने पार्षद की कार में मारी टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, काकोरी :** बुद्धेश्वर आदर्श विहार निवासी धर्मेंद्र सिंह हैदरगंज द्वितीय वार्ड से भाजपा पार्षद है। धर्मेंद्र सिंह के मुताबिक सोमवार रात वह कार से पत्नी ज्योति सिंह, बेटे शिवा, बेटी स्वाति और श्वेता के साथ आलमबाग जा रहे थे। पार्षद का आरोप है कि तिकुनिया तिराहे के पास पहुंचे ही थे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार नगर निगम के डम्फर ने कार में टक्कर मार कर कुचलने का प्रयास किया। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गयी जबकि कार में बैठा परिवार बाल बाल बच गया। राहगीरों की मदद से डंपर चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर डंपर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

**सराहनीय** पुलिस ने रेलवे ट्रैक से पकड़ा, समझाकर ले गई घर

# मेटा के अलर्ट से खुदकुशी करने जा रहे छात्र की बची जान

संवाददाता, सरोजनीनगर

- नया मोबाइल न मिलने पर घरवालों से था नाराज, इस लिए उठाया कदम

**अमृत विचारः** सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर इंटर के छात्र ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी करने की पोस्ट डाली। इसे देख मेटा ने अलर्ट जारी किया। पुलिस मुख्यालय को अलर्ट मिलते ही सरोजनीनगर पुलिस को सूचना दी गई। पोस्ट पर लिखा था कि सुबह पांच बजे वाली ट्रेन के सामने वह खुदकुशी करेगा। पुलिस ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए छात्र को रेलवे ट्रैक से पकड़ लिया। उसे समझाकर घर लेकर गई।




मेटा कंपनी की तरफ से पुलिस को अलर्ट जारी किया गया, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत युवक की लोकेशन ट्रेस की और उसके घर पहुंच गई। जब पुलिस उसके घर पहुंची, तो युवक वहां नहीं था। पुलिस ने उसके परिजनों के साथ मिलकर उसे ढूंढा और रेलवे ट्रैक की ओर जाते हुए पाया। पुलिस ने उसे समझा-बुझाकर आत्महत्या करने से रोक लिया और घर वापस ले आई।

पूछताछ में युवक ने बताया कि वह 12वीं कक्षा का छात्र है और आनलाइन क्लासेज के लिए उसे 5-जी फोन चाहिए था, लेकिन उसके परिजनों ने उसकी मांग पूरी नहीं की। इसके अलावा, उसके बड़े भाई ने उसे बाइक देने से इनकार कर दिया था, जिससे वह नाराज हो गया और आवेश में आकर आत्महत्या करने का फैसला किया। पुलिस ने युवक की काउंसलिंग की और उसे समझाया। युवक ने भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने का आश्वासन दिया। युवक के परिजनों ने पुलिस की तत्परता और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### 986 लोगों की अबतक बचा चुके हैं जान

उप्र पुलिस और मेटा कंपनी के बीच 2022 से एक समझौता है, जिसके तहत यदि कोई व्यक्ति फेसबुक या इंस्टाग्राम पर आत्महत्या से संबंधित पोस्ट करता है, तो मेटा कंपनी पुलिस को इमेल और फोन के माध्यम से अलर्ट भेजकर सूचित करती है। इस व्यवस्था के तहत, एक जनवरी 2023 से 31 मई 2025 के बीच, आत्महत्या संबंधी पोस्ट पर अलर्ट का संज्ञान लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस ने 986 व्यक्तियों की जान बचाई है।

# मॉडल चाय दुकान संचालिका से पुलिस ने की अभद्रता, वीडियो वायरल

**अमृत विचार, लखनऊः** मड़ियांव के इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर मॉडल चाय दुकान की संचालिका सिमरन ने पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया है। इससे संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें महिला सिपाही संचालिका सिमरन से भिड़ी हुई है। दोनों के बीच खींच-तान और हाथापाई हुई। पुलिस ने चालान काटा और देर रात तक दुकान न खोलने की चेतावनी दी।

मॉडल चाय दुकान की संचालिका सिमरन ने मड़ियांव पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया है। हालांकि, इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि देर रात तक रोज चौराहे पर दुकान खुली रहती है। लड़की और लड़कियों का जमावड़ा रहता है। सब सिगरेट और चाय पीते हैं। इसके चलते आए दिन मारपीट और हंगामा भी होता है। दुकान पर ज्यादातर लड़कियां होने के कारण सुरक्षा के दृष्टिगत भी वहां पुलिस गश्त करती रहती है। एक माह पहले भी प्रोफेसर चाय वाले से सिमरन का विवाद हुआ था। उस समय कई दुकानों का चालान किया गया था। रविवार रात करीब 12 बजे पुलिस कर्मी गश्त कर रहे थे। दुकान बंद करने को कहा गया, जिसे सिमरन ने अनसुना कर दिया। डेढ़ बजे फिर महिला सिपाही पहुंची तो उससे सिमरन भिड़ गई। इसके बाद कार्रवाई की गई। सिमरन गोरखपुर की रहने वाली हैं।

## एक नजर

### बीएससी गृह विज्ञान छठे सेमेस्टर और एडवांस का परिणाम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीएससी होम साइंस छठे सेमेस्टर और एडवांस डिप्लोमा दूसरे सेमेस्टर, सम सेमेस्टर 2025 की परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। छात्र-छात्राएं अपने परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

### समीक्षा बैठक कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के आनलाइन पोर्टल पर संचालित मानव संपदा और अन्य माड्यूल्स में तकनीकी समस्याओं के कारण परेशानी आ रही है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए परिषद ने सभी संबंधित अधिकारियों को 11 जून को राज्य परियोजना कार्यालय में समीक्षा बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

### प्रवेश के लिए आवेदन 29 जुलाई तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभिभावक 29 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन ऑनलाइन रूप से भरने होंगे। शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा छह में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बच्चे का मूल निवास प्रमाणपत्र उसी जिले का होना आवश्यक है, जिस जनपद के लिए वह आवेदन करें। साथ ही बच्चे ने कक्षा तीन, चार और पांच की पढ़ाई सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त या सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय से की हो। एक छात्र को केवल एक ही बार जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिलेगी। आवेदन के लिए वेबसाइट navodaya.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके साथ ही कक्षा छह में एडमिशन के लिए आवेदक का जन्म एक मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना चाहिए।

# एनटीए का लैब तैयार होने पर नहीं जाना होगा दूसरे जिले में

## एनटीए देशभर में 3 से 4 करोड़ छात्रों की लेता है परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ में एनटीए लैब बनाने की है तैयारी

**अमृत विचार:** सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) प्रवेश परीक्षा को लेकर इसबार लखनऊ और आसपास के ज्यादातर परीक्षार्थियों को कानपुर, वाराणसी जाना पड़ा। कारण कि परीक्षा देने के लिए कम्प्यूटर आधारित जिस संजाल की आवश्यकता एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) को हैं वैसा लखनऊ में नहीं होने के कारण दूसरे जिलों में छात्रों को भेजना पड़ा।

एनटीए ने लखनऊ में करीब 500 कम्प्यूटरों के संजाल आधारित लैब निर्माण करने जा रही है जिसकी देखभाल तकनीकी संस्थानों को करना होगा। कारण कि यह लैब तकनीकी संस्थानों के ही अंदर बनाया जाना है। उल्लेखनीय है कि सीयूईटी परीक्षा गत माह 12 मई से आरंभ होकर 3 जून तक ली गई है।

प्रतिवर्ष एनटीए 3 से 4 करोड़ छात्रों की परीक्षा लेता है लेकिन गत वर्ष नीट पेपर लीक के बाद एजेंसी बेहद सतर्कता बरतने लगा है। अब सभी परीक्षाओं को ऑनलाइन सम्पन्न कराने की योजना है जिसके लिए लैब का निर्माण किया जाएगा। एनटीए नीट, नेट, जेईई के अलावा उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए सीयूईटी परीक्षा का भी आयोजन करता है। हाल ही में एनटीए और प्राविधिक शिक्षा परिषद, माध्यमिक शिक्षा परिषद और राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के साथ बैठक में इसका प्रारुप तय किया गया है।

एनटीए ने तकनीकी संस्थानों को वरियता देते हुए प्रत्येक जिले में पांच संस्थानों को चयनित करना शुरू किया है। प्रत्येक संस्थान में 500 कम्प्यूटर लैब तैयार किया जाएगा। जिसकी देखभाल की जिम्मेदारी उन संस्थानों की होगी। इसे एनटीए पायलट प्रोजेक्ट के रुप में शुरू करने जा रहा है। यदि यह सफल होता है तो भविष्य में परीक्षाओं का स्वरूप बदल कर पूरी तरह ऑनलाइन किया जा सकता है।

# जल में योग से शरीर पर गुरुत्वाकर्षण प्रभाव हो जाता है खत्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में लखनऊ विश्वविद्यालय ने कराया जल प्लाविनी प्राणायाम
- तनाव व थकान दूर करने के साथ हृदय व फेफड़ों की समस्या होती है दूर


11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व जल योग करतीं रोमा हेमवानी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जल में योग और प्राणायाम से शरीर और मस्तिष्क को मिलने वाला लाभ कई गुना बढ़ जाता है। कारण कि जलयोग करने से शरीर पर गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव कम हो जाता है। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन और केजीएमयू के संयुक्त तत्वाधान में तरणताल में प्लाविनी प्राणायाम सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सा विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और योग के गुर सीखे।

लविवि के योग संकाय के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने कहा कि प्लाविनी जलयोग का ऐसा अभ्यास है, जिसमें जल में किये जाने वाले योगासनों और श्वास तकनीकों का समन्वय होता है। विशेषकर यह अभ्यास शरीर का लचीलापन, मानसिक शांति और नर्वस सिस्टम की शक्ति को बढ़ाने के लिए किया जाता है। पानी में योग करने से शरीर पर गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव कम होता है, जिससे शरीर को लाभ प्राप्त होता है। इस अभ्यास से तनाव और थकान दूर होती है, साथ ही साथ यह हृदय, फेफड़े और जोड़ो की कार्य क्षमता को बढ़ाने में बेहद कारगर साबित होता है।

**प्रतिदिन करें योग, बढ़ाए अपनी कार्यक्षमता :** केजीएमयू के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. आरएस कुशवाहा ने कहा कि प्रतिदिन योग का अभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक शक्ति में बढ़ोतरी होती है। अपना स्वास्थ्य अच्छा रखने के लिए सभी लोगों को प्रतिदिन योग करना चाहिए। योगासनों के अभ्यास से तन और मन की शुद्धता होती है, इससे वाणी और विचार की शक्ति बढ़ती है। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग की छात्रा रोना हेमवानी ने जल में अलग-अलग प्राणायाम तथा योगासनों का अभ्यास करके सबको रोमांचित कर दिया। इस अवसर पर लविवि के छात्र-छात्राओं मोनिका सिंह, संजना कुशवाहा, अर्चना वर्मा, नम्रता मिश्रा, संजना, अर्चना सिंह, प्रगति तिवारी, रागिनी, व्याख्या सिंह, खुशबू गौतम, सुष्मिता, आशा राजवंशी, शिखर एवं आदित्य द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया।

# यूपीएसआईएफएस में समर इंटर्नशिप शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस में एनसीआर, उत्तराखंड, चेन्नई, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ व उत्तर प्रदेश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आए हुए लगभग 50 छात्र-छात्राओं का समर इंटर्नशिप कोर्स प्रारंभ किया गया। संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने समर इंटर्नशिप कोर्स का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं कॉलेज से आए हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए यूपीएसआईएफएस को इंटर्नशिप हेतु चयन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। निदेशक डॉ. गोस्वामी ने छात्रों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि हमारे जीवन में फाइव ई का बहुत महत्व है। उन्होंने फाइव ई (इंगेज, एक्सप्लोर, एक्सप्लेन, एलाबोरेट और इवैल्यूएट) को परिभाषित करते हुए इसके सार को समझाया। उप महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा ने छात्र-छात्राओं को संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। यूपीएसआईएफएस के अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजिब मुखर्जी, अतुल यादव प्रशिक्षण समन्वयक विवेक कुमार, सहित विभिन्न कोर्स के फैकल्टीज डॉ. अरुण खत्री, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. नेहा, डॉ. सपना शर्मा उपस्थित रहे।

# छात्रों के लिए अभिक्षमता परीक्षण की होगी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी बोर्ड के कक्षा नौ से 12वीं तक के छात्र रुचियों के अनुरूप विषयों का कर सकेंगे चयन

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड के कक्षा नौ से 12वीं तक के छात्र रुचियों के अनुरूप विषयों का चयन कर सकेंगे। जिसके लिए छात्रों के लिए अभिक्षमता परीक्षण की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद को प्रस्ताव भेज दिया गया है।यह प्रस्ताव बोर्ड के मनोविज्ञानशाला की ओर से भेजा गया है। मनोविज्ञानशाला के विशेषज्ञों का मानना है कि कई छात्र विषय चयन के समय भ्रमित रहते हैं और जानकारी की कमी के चलते ऐसे विषय ले लेते हैं जो उनकी मानसिक क्षमता या रुचि के अनुकूल नहीं होते।

जब तक यह प्रस्ताव नहीं मान लिया जाता है, तब तक कोई भी छात्र अपनी अभिक्षमता के परीक्षण के लिए मनोविज्ञानशाला जाकर निशुल्क परीक्षा दे सकता है। परीक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों की रुचि, तर्कशक्ति, विश्लेषण क्षमता और रचनात्मकता का आकलन किया जाएगा, इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि वे कला, वाणिज्य, विज्ञान या किसी अन्य क्षेत्र के लिए अधिक उपयुक्त हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह योजना लागू होती है तो यह न केवल छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाएगी, बल्कि मानसिक तनाव को भी कम करेगी। साथ ही, इससे छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से तय कर सकेंगे।

मनोविज्ञानशाला की निदेशक ऊषा चंद्रा का कहना है कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद प्रस्ताव पर विचार कर रही है और यदि इसे स्वीकृति मिलती है तो आने वाले शैक्षणिक सत्र से इसे चरणबद्ध रूप से लागू किया जा सकता है।

## कपिल ने जीता स्वर्ण

**अमृत विचार, लखनऊ :** योनेक्स सनराइज द्वितीय यूपी स्टेट जूनियर अंडर- 19 मेजर बैडमिंटन टूर्नामेंट में कपिल सलोनिया और अभिषेक की जोड़ी ने डबल्स में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पांच से आठ जून तक आयोजित चैंपियनशिप में कपिल और अभिषेक ने सुमित और निजामुद्दीन की जोड़ी को 21-15 और 21-13 से हराया। कपिल कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में बैडमिंटन का प्रशिक्षण ले रहे हैं। कपिल के शानदार प्रदर्शन पर कॉलेज प्रधानाचार्य अनिमेष सक्सेना और बैडमिंटन कोच अरविंद ओझा ने उन्हें बधाई दी।

# चैतन्य राष्ट्र के लिए आज भी शिवाजी की नीतियां प्रासंगिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हिन्दवी स्वराज्य दिवस समारोह लखनऊ विश्वविद्यालय में भव्यता से सम्पन्न
- छद्म इतिहासकारों ने शिवाजी महाराज को नजरअंदाज किया

**अमृत विचार:** मराठा साम्राज्य के सूर्य छत्रपति शिवाजी महाराज जिन्होंने औरंगजेब की नींद हराम कर दी थी, उनकी नीतियां आज भी राष्ट्र के लिए उतनी ही प्रासंगिक हैं। छद्म इतिहासकारों ने शिवाजी के योगदान को कम करके आंका और उन्हें इतिहास के पन्नों में उपेक्षित करने का प्रयास किया। उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक संपर्क प्रमुख रवीन्द्र जोशी ने कही। वह लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित हिंदवी स्वराज पर कार्यक्रम का संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज का हिन्दवी स्वराज्य न केवल राजनैतिक संकल्प था, बल्कि वह सांस्कृतिक पुनरुद्धार, सामाजिक समरसता और जनकल्याण की प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल ने कहा कि शिवाजी हम सभी की प्रेरणा हैं और उनकी नीतियां आज भी सामाजिक व राजनैतिक जीवन में उतना ही महत्वपूर्ण हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी अपने विचार प्रगट किए।


हिन्दवी स्वराज दिवस समारोह का दीप जलाकर शुभारम्भ करते प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कुटुब प्रबोधन संयोजक रवीन्द्र जोशी महापौर सुषमा खर्कवाल

### जय भवानी जय शिवाजी का हुआ उद्घोष

कार्यक्रम में जय भवानी, जय शिवाजी का उद्घोष हुआ। इस अवसर पर संतोष सिंह, आशीष सिंह, अवनीश सिंह, सफ़ाअत सहित कुल 15 विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. अमित कुशवाहा द्वारा किया गया। प्रख्यात छंद साहित्यकार शिवमंगल "सुमन" द्वारा प्रस्तुत की गई शिवाजी महाराज पर आधारित स्वरचित साहित्यिक रचना ने सबका ध्यान आकर्षित किया। संचालन डॉ. संजय शुक्ला, संयोजक, कर्मचारी सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा परिषद, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।

## निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन को ओबीसी आयोग में उपस्थित होने के निर्देश

अमृत विचार , लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश में कर्मी सत्यम पटेल की पदोन्नति से संबंधित प्रकरण में विभागीय अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर अध्यक्ष ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने व प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। होम्योपैथी विभाग में वेतन भुगतान संबंधी प्रकरण में निदेशक सुनवाई में उपस्थित हुए। उन्होंने समस्या के निस्तारण के लिए एक माह का समय मांगा। आयोग ने प्रकरण की अगली सुनवाई एक माह बाद निर्धारित की। प्रतापगढ़ के अशोक कुमार के चकमार्ग से अतिक्रमण हटाने के प्रकरण में उपजिलाधिकारी रानीगंज के अनुपस्थित रहने पर आयोग ने नाराजगी व्यक्त की। अध्यक्ष ने निर्देश दिये गये कि अगर अगली तारीख पर उपजिलाधिकारी उपस्थित नहीं होते हैं तो प्रमुख सचिव नियुक्ति को उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए लिखा जायेगा।

# ध्यान हमारी चेतना को जगाने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीबीएयू में ध्यान पर वेबिनार का आयोजन

**अमृत विचार:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में योग विभाग एवं योग वेलनेस सेंटर, बीबीएयू के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित योग महाकुंभ के अंतर्गत 'शिक्षा सशक्तिकरण एवं ध्यानः एक समावेशी विश्व के लिए योग' विषय पर द्विदिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। मुख्य अतिथि देव संस्कृति विश्व विद्यालय हरिद्वार के योग विभाग के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेश लाल वर्णवाल उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मुख्य तौर पर योग प्राकृतिक चिकित्सा और संज्ञानात्मक विद्यापीठ, बीबीएयू के संकायाध्यक्ष प्रो बी.सी. यादव, मुख्य वक्ता एवं उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार, उत्तराखंड के योग विभाग के डॉ कामाख्या कुमार एवं योग विभाग, बीबीएयू के विभागाध्यक्ष डॉ दीपेश्वर सिंह मौजूद रहे।

विवि कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि योग स्वयं को निखारने की उत्तम विधि है।

# रोजगार मेले में 124 अभ्यर्थी चयनित


रोजगार मेले में जुटे अभ्यर्थी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत राजकीय आईटीआई, अलीगंज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि रोजगार मेले में युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु 6 प्रतिष्ठित कंपनियों हीरो मोटोकार्प, डिक्सन टेक्नोलॉजी, वीविन लिमिटेड, सुजलान एनर्जी, वीजी ऑटोमोटिव पार्ट्स व एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने प्रतिभाग किया। ट्रेनिंग, काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खां ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 175 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 145 अभ्यर्थी पात्र पाए गए। साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरांत 124 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा 11,700 से 27,000 रुपए प्रतिमाह के वेतन के साथ अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। जो अभ्यर्थी इस रोजगार मेले में चयन से वंचित रह गए हैं, वे आगामी 11 जून 2025 को आयोजित कैम्पस ड्राइव में फिर से प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले के सफल आयोजन में मकबूल कादिर, जेड रहमान, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं ग्रे सिम फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा।

# पार्षद बोले, अभी नाले नहीं हुए साफ

## नगर आयुक्त से मिले पार्षद, दिया फीडबैक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 100 से अधिक नालों की सफाई के नगर आयुक्त ने दिए निर्देश
- स्ट्रीट लाइट, नाला-नाली, सीवर और साफ-सफाई पर की बात

**अमृत विचार :** राजधानी में नाला और नालियों की सफाई कागजों पर ज्यादा धरातल पर कम दिख रही है। कई इलाकों में नाला सफाई अभी तक नहीं शुरू हुई है। सोमवार को समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने नगर आयुक्त गौरव कुमार से नगर निगम मुख्यालय स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने नाला और नालियों की सफाई पर नगर आयुक्त को फीडबैक दिया। उन्होंने कहा कि अभी कई नाले साफ नहीं हुए हैं। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट, सीवर और साफ-सफाई से सम्बंधित समस्याओं की जानकारी दी। इस पर नगर आयुक्त ने मोके पर उपस्थित मुख्य अभियंता महेश वर्मा और मुख्य अभियंता आरआर मनोज प्रभात को 100 से अधिक नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कहा कि नाला और नालियों की सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिस जोन में निरीक्षण के दौरान नाले और नालियों में गंदगी मिलेगी उनके सम्बंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त ने अभियान चलाकर नालों पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

**पैसा जमा किए बिना नहीं मिलेगी रोड कटिंग की अनुमति**

कई विभाग नगर निगम से रोड कटिंग की अनुमति लेने के बाद बिना पैसा जमा किये ही सड़क खोद रहे हैं। सोमवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार से यह शिकायत हुई। जिस पर नगर आयुक्त ने अभियंताओं से कहा कि बिना पैसा जमा किये किसी भी विभाग को रोड कटिंग की अनुमति न दी जाए।

## सार-संक्षेप

### स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के अंतरजनपदीय स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने पांच जून को सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया था कि छह और सात जून को आरटीई मानकों के आधार पर छात्र-शिक्षक अनुपात की गणना करते हुए शिक्षक व शिक्षिकाओं की आवश्यकता वाले और आवश्यकता से अधिक शिक्षक वाले जिलों को चिह्नित कर सूची ऑनलाइन प्रदर्शित की जाए। हालांकि, तय सीमा बीतने के बाद भी सूची प्रदर्शित नहीं हो सकी है। शिक्षकों-शिक्षिकाओं को नौ से 13 जून तक ऑनलाइन आवेदन करते हुए उसकी छायाप्रति संबंधित बीएसए कार्यालय में जमा करनी है। बीएसए के स्तर से 14 जून को ऑनलाइन सत्यापन और डाटा लॉक होगा

### परिषदीय विद्यालयों के 9272 शिक्षकों का हुआ पारस्परिक स्थानांतरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिषदीय विद्यालयों में जिले के अंदर परस्पर स्थानांतरण का आदेश सोमवार को जारी कर दिया गया। इसके तहत 9272 शिक्षकों का जिले के भीतर पारस्परिक स्थानांतरण किया गया है। अंत : जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण के लिए 4636 जोड़े (पेयर) शिक्षकों के बनाए थे। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने मंगलवार से लेकर 15 जून तक इन स्थानांतरित शिक्षकों को नवीन विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षकों से अंत : जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण के लिए 29 मई से लेकर छह जून तक ऑनलाइन आवेदन कराए गए थे। शिक्षकों ने स्थानांतरण के लिए स्वयं पेयर बनाए थे। फिलहाल निर्धारित तारीख को स्थानांतरण से संबंधित आदेश जारी कर दिए गए। उधर, एक जिले से दूसरे जिले में शिक्षकों के पारस्परिक स्थानांतरण का आदेश करीब एक हफ्ता पहले ही जारी कर दिया गया था। उसके लिए शिक्षकों के 3687 जोड़े बनाए गए थे यानी एक जिले से दूसरे जिले में पारस्परिक स्थानांतरण का लाभ 7374 शिक्षकों को मिला है।

### इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब को मिली जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच बने अंश यादव के शानदार खेल के चलते इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ब्ल्यू ने डॉ. अंशुल आलोक मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में यार्कर क्रिकेट क्लब ब्ल्यू को 328 रनों के बड़े अंतर से हरा कर पूरे अंक बटोरे। सिंड्रा ग्राउंड पर सोमवार को खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ब्ल्यू ने 40 ओवर में सात विकेट खोकर 404 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में यार्कर क्लब ब्ल्यू की टीम 76 रन के योग पर ढह गई। लीग के अन्य मुकाबलों में द्रोण क्रिकेट अकादमी ने ब्राइटवे क्रिकेट क्लब को 259 रनों, सेंट एंस क्रिकेट अकादमी ने सीएएल यलो को आठ विकेट, पैंथर्स क्रिकेट अकादमी ने एनडीबीजी क्रिकेट क्लब को 64 रनों , अशर्फी क्रिकेट क्लब ने अवध स्काई स्पोर्ट्स को 16 रनों और आरकेबी क्रिकेट क्लब ने एसआरके क्रिकेट अकादमी को चार विकेट से हरा दिया।

### ध्रुव शारदा ने बनाई पहले दिन बढ़त

**अमृत विचार,लखनऊ :** दिल्ली के ध्रुव शारदा ने प्रथम नॉर्थ ज़ोन टेनपिन बॉलिंग रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त बनाई। उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन (यूपीटीबीए) की देखरेख में फंटुरा बॉलिंग सेंटर में आयोजित टूर्नामेंट के पहले राउंड में ध्रुव ने कुल 1102 पिनफॉल अर्जित किए और 183 .67 के औसत स्कोर के साथ बढ़त बनाते हुए सबसे आगे रहे। उन्हें उत्तर प्रदेश के सुमित वैश्य ने कड़ी टक्कर दी, जो 1064 पिनफॉल और 177 .33 औसत स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर चल रहे है। वहीं दिल्ली की अनुराधा शारदा (ध्रुव की माता) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# वंशिका, सरवांग और अयान ने किया स्वर्ण पर कब्जा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मो. हैदर मेमोरियल 35वीं जिला स्तरीय सब जूनियर, जूनियर तैराकी चैंपियनशिप

**अमृत विचार:** सीएमएस के अयान यादव, सेठ एआर जयपुरिया की वंशिका राय और इशकांत स्विमिंग क्लब के सरवांग राठौर ने जिला सब जूनियर, जूनियर तैराकी चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच-पांच स्वर्ण पदक अपने नाम किए । केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में आयोजित हुई दो दिवसीय चैंपियनशिप में इशकांत क्लब ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन खिताब हासिल किये।

ग्रुप- 1 (15 से 17 वर्ष) में लखनऊ पब्लिक कॉलेज गोमतीनगर ने 120 अंक के साथ ट्रॉफी पर कब्जा किया। इशकांत क्लब ने क्लब ने ग्रुप-2 (13 और 14 वर्ष) में 133 अंक, ग्रुप- 3 (11 और 12 वर्ष) में 235 अंक और ग्रुप- 4 (8 से 12 वर्ष) में 107 अंक हासिल किये। दूसरे दिन सोमवार को 50 स्पर्धाएं आयोजित हुई। लखनऊ एक्वेटिक संघ के अध्यक्ष रविन कपूर के अनुसार जिला स्तरीय चैंपियनशिप में पहली बार 250 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इससे पहले इस प्रतियोगिता में सौ से अधिक खिलाड़ी शामिल होते रहे हैं। आज हुए मुकाबलों में व्यक्तिगत वर्ग के तहत बालक ग्रुप-1 में सीएमएस के अयान यादव (पांच स्वर्ण), बालिका ग्रुप-2 में इशकांत क्लब की सृष्टि तिवारी (चार स्वर्ण और एक रजत), बालक ग्रुप- 2 में इशकांत क्लब के शिवेंद्र यादव (चार स्वर्ण और एक रजत) और बालिका ग्रुप-2 में एआर जयपुरिया की वंशिका राय (पांच स्वर्ण) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। रविन कपूर ने बताया कि पहली बार चैंपियनशिप में इशकांत क्लब ने भाग लिया है। इसमें साईसेंटर में अभ्यास करने वाले खिलाड़ी शामिल है। अब तक वहां के खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में ही भाग लेने का मौका मिलता था।

बालक ग्रुप-3 में इशकांत क्लब के सरवांग राठौर (पांच स्वर्ण) और बालिका ग्रुप-3 में इशकांत क्लब की परी (चार स्वर्ण व एक रजत) और साची तिवारी (चार स्वर्ण व एक रजत) संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ तैराक बने। बालक ग्रुप-4 में इशकांत क्लब के समर्थ सिन्हा (तीन स्वर्ण) और बालिका ग्रुप- 4 में इशकांत क्लब की यशस्वी सिन्हा (दो स्वर्ण) को सर्वश्रेष्ठ तैराक का खिताब मिला। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि मुकेश कुमार सिंह (उपनिदेशक, समग्र शिक्षा) ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रिंसिपल सर्वेंद्र सिंह चौहान, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनिमेश सक्सेना, कीर्ति मिश्रा, पुनीत अग्रवाल, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आरिफ को हरा विशाल बने चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः आज़मगढ़ के विशाल भारती ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डिजिटल डिटॉक्स रैपिड शतरंज टूर्नामेंट में सर्वाधिक 5.5 अंक हासिल कर खिताबी जीत अपने नाम की। चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्लू-लखनऊ) की देखरेख में शहर के एक निजी होटल में आयोजित टूर्नामेंट में विशाल ने वरीय खिलाड़ी आरिफ अली, पवन बथम, केके खरे और आरव गर्ग को शिकस्त दी। वहीं उन्हें सईद अहमद के खिलाफ हार का मुंह देखना पड़ा।

सईद अहमद वरिष्ठ नागरिक श्रेणी में पांच अंकों के साथ विजेता बने। इस श्रेणी में 80 से अधिक उम्र के खिलाड़ी झांसी के आरके गुप्ता दूसरे और लखनऊ के केके खरे तीसरे स्थान पर रहे। वरिष्ठ नागरिक अनरेटेड श्रेणी में मो.इरफान चार अंक के साथ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। अंडर-16 वर्ग में शुभ श्रीवास्तव ने 6.5 अंकों के साथ खिताब पर कब्जा जमाया।आकर्षक सिंह 5.5 अंकों के साथ उपविजेता रहे। एसआर ग्लोबल स्कूल, लखनऊ ने सर्वश्रेष्ठ स्कूल की ट्रॉफी जीती। इसके साथ कुंवर प्रशांत सिंह, प्रणव सिंह और अभ्युदय सिंह की तिकड़ी को सर्वश्रेष्ठ फैमिली ट्रॉफी का पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विनीत साह ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नरा: पण्डितबुद्धय: ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्ठा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# खतरनाक मोड़ पर युद्ध

तीन साल से ज्यादा समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध खतरनाक मोड़ पर है। रूस ने युद्ध के दौरान एक रात में अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया जिसके तहत बमबारी के लिए 479 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। हमले में 24 घंटे में 200 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों की मौत की खबर है। साथ ही रूस ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दिए गए 26 अब्राम्स टैंकों को नष्ट कर दिया। अब्राम्स अमेरिका का मुख्य युद्धक टैंक है। हवाई हमला दोनों देशों के सैनिकों के शवों की अदला-बदली के बीच हुआ है, जिससे नए सिरे से शांति वार्ता की संभावनाओं पर चिंताएं बढ़ गई हैं। रुस का कहना है कि ये हमले यूक्रेन द्वारा पिछले आठ दिनों से किए जा रहे लगातार हमलों के जवाब में किए गए हैं। इन हमलों में रूस के ऊर्जा क्षेत्र, तुला में एक केमिकल प्लांट, मास्को में एक लुब्रिकेंट कंपनी का गोदाम, और नोवगोरोद में एक ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। यूक्रेन ने भी क्रीमिया पर कब्ज़े की तैयारी शुरू कर दी है जिससे युद्ध और भीषण होने की आशंका बढ़ गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस आम लोगों को निशाना बना रहा है। यह युद्ध अब केवल यूक्रेन का नहीं, मानवता का युद्ध है।

अमेरिका, यूरोप और पूरी दुनिया को अब निर्णायक दबाव बनाना होगा। निर्णायक कार्यवाही का समय है केवल समर्थन से युद्ध नहीं रुकेगा। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 2022 से अब तक रूस-यूक्रेन के हजारों नागरिक मारे गए, लाखों लोग विस्थापित हुए। इससे यूक्रेन की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अगर रूस लड़ाई के मैदान में तेजी दिखा रहा है, तो यूक्रेन भी दिलेर बना हुआ है। वैसे भी रूस ने इस कार्रवाई को अपने बमवर्षकों पर यूक्रेन द्वारा किए गए हमलों का प्रतिशोध बताया। अभी तक ट्रंप की शांति कायम करने की कोशिशों में बहुत कम प्रगति हुई है। लेकिन उन्हें हार नहीं माननी चाहिए। मतभेदों को कम करने और एक स्थायी युद्धविराम की दिशा में काम करने में अमेरिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। अगर जंग जारी रही, तो दोनों पक्षों का नुकसान और भी बढ़ जाएगा। यूक्रेन कमज़ोर हवाई सुरक्षा, जनशक्ति के गहरे संकट और अमेरिकी समर्थन को लेकर अनिश्चितता से जूझ रहा है। वैसे भी यूक्रेन युद्ध ने देश को अस्थिर कर दिया है, पश्चिम को अलग-थलग कर दिया है और विश्व भर में युद्ध ने आर्थिक असुरक्षा को बढ़ावा दिया है।

# इंजीनियरिंग के आकाश पर भारत का परचम



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

इतिहास की दृष्टि से देखें तो जम्मू-कश्मीर में रेलवे नेटवर्क स्थापित करने के प्रयास 19वीं सदी में शुरु हुए थे। 1897 में जम्मू से सियालकोट (अब पाकिस्तान) तक पहली रेललाइन बनी, जो 1947 के विभाजन के बाद समाप्त हो गई।

भारत के सबसे दुर्गम और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक, जम्मू-कश्मीर का रियासी जिला, इसी रियासी जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऐतिहासिक चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया गया, जिससे भारत के सबसे कठिन रेलवे प्रोजेक्ट 'उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक' (यूएसबीआरएल) का सबसे जटिल और निर्णायक भाग पूरा हो गया। यह परियोजना भारतीय रेलवे के इतिहास में अब तक की सबसे जटिल और महत्वपूर्ण परियोजना मानी जाती है।

अभी तक जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनें श्रीनगर तक नहीं, जम्मू तवी तक ही जाने की सुविधा देती थी, उसके आगे या तो लोगों को सड़क मार्ग के जरिए श्रीनगर तक का 350 किलोमीटर का रास्ता तय करना होता था या हवाई मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। ठंड के मौसम में बर्फबारी के बाद सड़क मार्ग के बंद होने का खतरा पैदा हो जाता था। चिनाब रेलवे ब्रिज को बनाने में दो दशक का समय जरूर लगा लेकिन अब इसके शुरू होने के बाद कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच सीधा रेल लिंक बनने से लोग कन्याकुमारी से सीधा कश्मीर घाटी तक जा सकेंगे।

चिनाब नदी पर बना चिनाब रेलवे ब्रिज न केवल एक तकनीकी चमत्कार है बल्कि यह भारत की इंजीनियरिंग शक्ति, वैज्ञानिक कौशल, राष्ट्रीय संकल्प और कूटनीतिक दूरदृष्टि का भी प्रतीक बन गया है। यह पुल अब वैश्विक पटल पर भारत की उपलब्धियों का जीवंत प्रमाण है क्योंकि यह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है, जिसकी ऊंचाई एफिल टॉवर से भी अधिक है। यह पुल न केवल भारत के लिए सामरिक और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है बल्कि यह देश की विकास यात्रा में एक युगांतरकारी मील का पत्थर भी है। चिनाब ब्रिज चिनाब नदी के ऊपर 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो एफिल टॉवर (324 मीटर) से 35 मीटर अधिक ऊंचा है। इसकी कुल लंबाई 1315 मीटर है और मुख्य आर्क का फैलाव 467 मीटर है। यह पुल आर्क ब्रिज तकनीक पर आधारित है, जिसमें स्टील की दो विशाल कमानी संरचनाओं को नदी के दोनों किनारों पर बनाए गए एंकरों से जोड़कर मध्य में स्थिर किया गया है। यह तकनीक इतनी जटिल थी कि इसे अंजाम देने में दुनियाभर के विशेषज्ञों की मदद लेनी पड़ी।

> अभी तक जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनें श्रीनगर तक नहीं, जम्मू तवी तक ही जाने की सुविधा देती थी, उसके आगे या तो लोगों को सड़क मार्ग के जरिए श्रीनगर तक का 350 किलोमीटर का रास्ता तय करना होता था या हवाई मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। ठंड के मौसम में बर्फबारी के बाद सड़क मार्ग के बंद होने का खतरा पैदा हो जाता था।

इस ब्रिज की संरचना में 63 मिलीमीटर मोटी स्टील प्लेट्स का इस्तेमाल किया गया है, जो ब्लास्ट-प्रूफ हैं और सामरिक दृष्टि से अत्यधिक मजबूत हैं। इस ब्रिज का डिजाइन इस तरह से किया गया है कि यह 8 रिक्टर स्केल तक के भूकंप और 260 किलोमीटर प्रतिघंटा की अत्यधिक तेज रफ्तार वाली हवाओं को भी सहन कर सकता है। यह पुल यूरोपीय मानक सीईएन श्रेणी का पालन करता है, जो विश्व की सबसे कठिन इंजीनियरिंग परियोजनाओं के मानकों में से एक है। इस ब्रिज का निर्माण कार्य वर्ष 2004 में शुरू हुआ था किंतु भूगर्भीय जटिलताओं, प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवाद जनित बाधाओं के कारण यह कार्य कई बार रुका और डिजाइन में परिवर्तन की आवश्यकता पड़ी। वर्ष 2008 में फिर से इसकी इंजीनियरिंग संरचना पर पुनर्विचार किया गया और नवीनतम तकनीकों का सहारा लेते हुए इसे दोबारा आरंभ किया गया।

इस परियोजना की कुल लागत अब तक 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है, जिसमें केवल चिनाब ब्रिज पर ही लगभग 1,486 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इसके निर्माण में 28,660 मीट्रिक टन स्टील का उपयोग हुआ है और 10 मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक खुदाई का कार्य किया गया है। पुल की संरचना तैयार करने में कुल मिलाकर 17 स्टील के खंभों का सहारा लिया गया है। चिनाब ब्रिज के निर्माण में कई अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। इसमें केबल क्रेन प्रणाली का उपयोग किया गया। यह विश्व की सबसे ऊंची केबल क्रेन प्रणाली थी, जो 3000 फीट की ऊंचाई पर कार्य कर सकती थी। इसके अलावा जियोटेक्निकल रडार सिस्टम और स्ट्रेस मॉनिटरिंग तकनीक इस्तेमाल की गई, जो पुल की संरचनात्मक स्थिरता की निगरानी के लिए स्थापित की गईं। पूरे पुल पर ऐसी सेंसर प्रणाली लगाई गई है जो मौसम, कंपन और बाह्य आघातों की निगरानी करती है। पुल की संरचनात्मक मजबूती की पुष्टि के लिए 700 से अधिक 'ब्लास्ट लोड टेस्टिंग और वाइब्रेशन एनालिसिस' किए गए।

इस परियोजना में भारत की एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर, कोंकण रेलवे, डीआरडीओ और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता का भी सहयोग लिया गया। जर्मनी की लियोनहार्ट एंड्रा, कनाडा की डब्ल्यूएसपी तथा डेनमार्क और दक्षिण कोरिया की इंजीनियरिंग कंपनियों ने भी इस चुनौतीपूर्ण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इतिहास की दृष्टि से देखें तो जम्मू-कश्मीर में रेलवे नेटवर्क स्थापित करने के प्रयास 19वीं सदी में शुरू हुए थे। 1897 में जम्मू से सियालकोट (अब पाकिस्तान) तक पहली रेललाइन बनी, जो 1947 के विभाजन के बाद समाप्त हो गई। 1975 में पठानकोट-जम्मू लाइन शुरू हुई और 1983 में जम्मू-उधमपुर परियोजना शुरू की गई, जिसे पूरा करने में दो दशक लगे। 1994 में यूएसबीआरएल परियोजना की घोषणा हुई और 1995 में इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया। तब से लेकर अब तक 20 से अधिक सुरंगें और 158 पुल इस परियोजना के अंतर्गत बनाए जा चुके हैं। इनमें बनिहाल सुरंग (पीर पंजाल) की लंबाई 11.2 किमी है, जो देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है।

पुल के निर्माण में भौगोलिक और पर्यावरणीय चुनौतियां अत्यधिक जटिल थी। चिनाब नदी के किनारों पर गहरी खाइयों, चट्टानी भूगर्भीय परिस्थितियों और खराब मौसम ने कार्य को अत्यंत जोखिमपूर्ण बना दिया था। 1.1 लाख मीट्रिक टन स्टील का ऑर्डर दिया गया और उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर जांच की गई। इस पुल की विशेषता यह है कि इसमें तापमान परिवर्तन को सहने के लिए थर्मल एक्सपेंशन की सुविधा है। इसके साथ ही इसमें विशेष ग्रोव और एंटी-बकल प्लेट्स का प्रयोग किया गया ताकि वातावरणीय प्रभाव से संरचना को क्षति न पहुंचे। चिनाब ब्रिज केवल एक संरचना नहीं है, यह भारत की सुरक्षा रणनीति का भी अभिन्न हिस्सा है। एलओसी के निकट होने के कारण यह पुल सेना को सीमांत क्षेत्रों में त्वरित और निर्बाध आपूर्ति, लॉजिस्टिक्स और सैनिकों की तैनाती में सहायता प्रदान करेगा और आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाइयों के लिए यह पुल एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह पुल कश्मीर घाटी को भारत के बाकी हिस्सों से जोड़ने का माध्यम बनता है। इससे सेब, अखरोट, हस्तशिल्प, कागज और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में व्यापार में वृद्धि होगी। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और भारत के मुख्य महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता से कश्मीर की दूरी रेल मार्ग से कम हो जाएगी। इस परियोजना में पर्यावरणीय दृष्टिकोण से विशेष सावधानी बरती गई है। सुरंगों के निर्माण में 'एनएटीएम' (न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मैथड) जैसी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तकनीकों का उपयोग किया गया। वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की रक्षा हेतु कई कदम उठाए गए। हरियाली की बहाली और निर्माण स्थलों के पास पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन कर उपयुक्त कदम उठाए गए। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह केवल एक पुल नहीं बल्कि कश्मीर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का एक जीवंत प्रयास है। इससे वहां की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक समरसता को मजबूती मिलेगी और एक नया युग आरंभ होगा। चिनाब ब्रिज अब न केवल इंजीनियरिंग का आश्चर्य है बल्कि यह भारत के आत्मविश्वास, दृढ़संकल्प और तकनीकी क्षमता का प्रतीक है।

## प्रसंगवश

# मिलावट: मुंह में नहीं जमीर में घुला जहर



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

मिलावट शब्द सुनते ही ज़हन में नकली दूध, पत्थर मिली मूंगफली, चायपत्ती में रंग, और मसालों में धूल की तस्वीरें दौड़ जाती हैं। पर ये तस्वीरें सिर्फ़ पेट तक सीमित नहीं हैं। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, ज़मीर और व्यवस्था में हो रही है। बाज़ार में बिकने वाले हर उत्पाद के साथ-साथ हमारी संवेदनाएं, ईमानदारी और नैतिकता भी धीरे-धीरे प्रदूषित हो रही हैं। और मज़े की बात देखिए- इस मिलावट को हमने इतना आम मान लिया है कि अब जब असली चीज़ सामने आती है, तो हमें शक होने लगता है। नीयत में मिलावट, नफे में धोखा, और ग्राहक की सेहत की बलि।

गांव की गलियों से लेकर शहर के शोर तक, हर ओर वही अफ़सोसनाक कहानी है। अचार में पड़ी लाल मिर्च चमकती है, लेकिन असल में वह रंग ऐसा होता है जो कपड़े रंगने के लिए होता है। दूध में जो झाग है, वह डेयरी की ताजगी नहीं बल्कि डिटर्जेंट का कमाल है। और सब्ज़ियों पर जो हरियाली दिखती है, वह प्रकृति की नहीं, रसायनों की देन है। हम जो खाते हैं, वह शरीर में नहीं, धीरे-धीरे हमारी आत्मा में ज़हर घोल रहा है।

एक समय था जब किसी के घर से दूध, घी या अनाज आता था तो उसे आंख मूंदकर स्वीकार कर लिया जाता था। आज तो रिश्तेदार की लाई हुई मिठाई को भी जांचने की ज़रूरत है -कहीं वह मिलावटी न हो। बाज़ार में "शुद्धता" अब सिर्फ एक ब्रांडिंग टूल है, हकीकत से उसका कोई लेना-देना नहीं। "100 प्रतिशत शुद्ध" लिख देने से चीजें शुद्ध नहीं हो जातीं, लेकिन उपभोक्ता की आंखों पर ऐसी पट्टी बंध चुकी है कि वह सोचता भी नहीं।

बच्चों की टॉफियों में लेड की मात्रा, आटे में चूना, हल्दी में सिंथेटिक रंग-ये सिर्फ स्वास्थ्य के सवाल नहीं हैं, ये समाज के नैतिक पतन की निशानियां हैं। और अफ़सोस ये है कि इस मिलावट पर सिर्फ दुकानदारों या कंपनियों की जिम्मेदारी नहीं बनती, हमारे सहनशील समाज की भी बनती है जो सब कुछ जानते हुए चुप रहता है। जो "चलता है" वाली मानसिकता में जीता है, और धीरे-धीरे मरता है।

मिलावट सिर्फ खाने-पीने तक सीमित नहीं है। भावनाओं में मिलावट, रिश्तों में स्वार्थ की मिलावट, इबादतों में दिखावे की मिलावट और सबसे खतरनाक- राजनीति में विचारधाराओं की मिलावट। पहले लोग विचारों के लिए जिए और मरे, अब विचार तो 'पैकेज' में आते हैं। आजकल 'सेक्युलर' और 'राष्ट्रवादी' दोनों को एक ही विज्ञापन में बेचा जा सकता है-बस प्रचार सही हो। कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ-इसका निर्णय अब ट्रोल आर्मी करती है, न कि तर्क और विवेक।

कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि मिलावट अब हमारी पहचान बन गई है। चुनावी घोषणाओं में वादों की मिलावट, अखबारों में खबरों की मिलावट, सोशल मीडिया पर तथ्यों की मिलावट- हर तरफ़ से हमें मिलावटी दुनिया ही घेर रही है।

दूसरी ओर, मुनाफाखोरी की भूख भी रुकने का नाम नहीं ले रही। व्यापारी जानता है कि अगर वह मूंगफली में 5 प्रतिशथ पत्थर मिला देगा, तो साल के अंत में लाखों का फायदा होगा। कंपनियांजानती हैं कि अगर थोड़ा-बहुत पाउडर रंग मिला दें तो ग्राहकों को "फ्रेश" लगेगा। और उपभोक्ता को ये सब पता होते हुए भी, वह मजबूर है - क्योंकि विकल्प कम हैं और सच्चाई महंगी है।

इस मिलावटी माहौल में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो ईमानदारी से काम कर रहे हैं। जो अपने खेत में जैविक खेती करते हैं, जो बिना मिलावट के मिठाई बनाते हैं, जो दूध में पानी नहीं मिलाते। लेकिन इनका संघर्ष बहुत कठिन है। उपभोक्ता इन्हें महंगा कहकर छोड़ देता है, और सरकार इन्हें सहयोग की बजाय नियमों में उलझा देती है। ऐसे में सच बोलना और सही बेचना दोनों ही एक किस्म की 'क्रांति' बन गए हैं। समाज की जड़ों में घुसी मिलावट को रोकने के लिए सिर्फ कड़े कानून ही नहीं, एक सांस्कृतिक आंदोलन की ज़रूरत है। हमें बच्चों को सिखाना होगा कि सच्चाई ही सबसे बड़ा व्यापार है। हमें उपभोक्ता के रूप में सजग होना होगा, सवाल पूछने होंगे, जांच करनी होगी, और सबसे जरूरी- अपने ज़मीर से समझौता नहीं करना होगा।

# मोदी सरकार की विदेश नीति के 11 साल



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

> आज भारत का मध्य एशियाई देशों से व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। इसी तरह भारत-यूएई रिश्ते भी तेजी से परवान चढ़ रहे हैं।

किसी भी राष्ट्र की विदेशनीति को प्रभावित करना अथवा अपने अनुकूल बनाना आसान नहीं होता। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 11 वर्ष के कालखंड में यह कारनामा कर दिखाया है। सबसे पहले दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका की बात करें तो उन्होंने अपने 11 वर्ष के कालखंड में दोनों देशों के बीच सामरिक-आर्थिक और भू-रणनीतिक साझेदारी को नया आयाम दिया है। गौर करें तो अमेरिका-भारत रक्षा सौदे का बजट जो पिछले एक दशक में 2008 तक शून्य था वह आज 2025 में बढ़कर तकरीबन 22 बिलियन डॉलर के पार पहुंच चुका है। अगर दोनों देशों के बीच इसी तरह सामरिक सामंजस्य और भरोसा बना रहा तो वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच रक्षा सौदा 30 बिलियन डॉलर के पार पहुंच सकता है।

दुनिया के ताकतवर देशों में शुमार रुस की बात करें तो अमेरिका की लाख मनाही के बावजूद रुस ने भारत को एस-400 एयर डिफेंस मिसस्टम की आपूर्ति करके रेखांकित कर दिया कि दोनों देश सदाबहार साथी हैं और किसी के दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। रक्षा समझौतों के अलावा दोनों देश रेलवे, फर्टिलाइजर, अतंर्राष्ट्रीय संस्थानों में सहयोग, आतंकवाद व नशीली पदार्थों के खिलाफ साझा जंग और सौर व नाभिकीय उर्जा का शांतिपूर्वक उपयोग जैसे अन्य मसलों पर भी साथ-साथ हैं। रिश्तों की प्रगाढ़ता और मोदी-पुतिन केमेस्ट्री की चमक का ही असर है कि दोनों देश एकस्वर में आतंकवाद के विरुद्ध मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

अमेरिका और रुस की तरह भारत-फ्रांस संबंध भी नए शिखर पर है। दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हो चुके हैं। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने को तैयार हैं। दोनों देश विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य सेवा सहयोग, कृषि समेत पब्लिक एडमिनिस्टेशन एंड रिफार्म्स के मसले पर भी साथ-साथ हैं। प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित कर चुके हैं कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान सभी क्षेत्र में कंधा जोड़ आगे बढ़ने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रुप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमत हैं।

भारत और आस्टेलिया के संबंधों की बात करें तो भले ही दोनों देश भौगोलिक रुप से दूर हैं लेकिन ऐतिहासिक संबंधों के डोर से बंधे हुए हैं। आस्टेलिया के संसद से भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता पारित हो चुका है। इस समझौते से कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभुषण और मशीनरी सहित भारत का तकरीबन 6000 से अधिक उत्पाद आस्टेलियाई बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंचने लगा है। भारतीय नागरिकों के लिए वीजा आसान हो गया है। मौजूदा समय में आस्टेलिया के निर्यात का छठा सबसे बड़ा गंतव्य-स्थान भारत ही है, जिसमें कोयला, सोना एवं शिक्षा जैसी सेवाएं शामिल है। दोनों देश व्यापक ज्ञान भागीदारी के सृजन हेतु भी काम कर रहे हैं जिसमें प्राथमिक स्कूल से विश्वविद्यालय स्तर तक की शिक्षा में संयुक्त सहयोग परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान कार्य शामिल है। दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर मुहर लगाते हुए टेड व इन्वेस्टमेंट, डिफेंस व सिक्योरिटी, एजुकेशन एंड इनोवेशन तथा साइंस एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के साथ भी रिश्ते मजबूत किए है दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार जो 2018-19 में 16.7 अरब डॉलर था, वह आज बढ़कर 40 अरब डॉलर यानी चार लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच चुका है। इससे दोनों देशों के तकरीबन 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

आज भारत का मध्य एशियाई देशों से व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। इसी तरह भारत-यूएई रिश्ते भी तेजी से परवान चढ़ रहे हैं। गत वर्ष संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान की 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' में सहभागिता और विकास में सहयोग का संकल्प रेखांकित करता है कि दोनों देश आपसी रिश्ते को धार देने को तैयार हैं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देशों मसलन नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव, मॉरीशस, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के साथ-साथ आसियान, बिम्सटेक, सार्क, जी-20, जी-7 जैसे वैश्विक संगठनों से भी रिश्ते मजबूत बनाए हुए हैं।

## सोशल फोरम

# जनतांत्रिक बहस



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बहस शुरू होते ही संवादी को भक्त या अंधभक्त अथवा वामी या सिकुलर घोषित कर देने पर तथ्याधारित, स्वस्थ और तार्किक बहस के लिए स्पेस खत्म हो जाता है। बहस तो मुद्दों-मुद्दों पर ही हो सकती है, बहस करने वाले व्यक्ति के वैचारिक रुझान, उसकी योग्यता-अयोग्यता या नीयत और चरित्र पर नहीं। इसे बहस नहीं, 'तू तू मैं मैं' कहते हैं।

पहली बात तो यह कि कौन किसको पूरी तरह जानता है या जान सकता है? ऐसे में किसी व्यक्ति को हमेशा के लिए भक्त, अंधभक्त अथवा वामी, सिकुलर ब्रैंड करके बहस और आलोचना का रास्ता तो ब्रैंड करने वाला ही बंद कर देता है।

यदि कोई खुले दिमाग का व्यक्ति किसी तनहा मुद्दे पर अपनी ईमानदार समझ से गुणावगुण के आधार पर किसी पक्ष का समर्थन या विरोध कर रहा हो और सिर्फ उसी नाते उसे भक्त या वामी घोषित कर दिया जाए तो क्या होगा? वह ढुलमुल प्रकृति का हुआ तो प्रतिक्रिया में संभावना यही रहती है कि वह वस्तुतः अंधभक्त/घोर वामी बनने की ओर प्रवृत्त हो जाए। ऐसे में संवादी का लक्ष्य पूरा होने के बजाय विपक्ष के ध्रुवीकरण से और भी खंडित हो जाएगा। नीयत आभ्यंतर होती है। अभी तक ऐसा कोई यंत्र ईजाद नहीं हुआ जो किसी की नीयत का अक्स ले सके। किसी की नीयत साफ़ है या खोटी, यह हमारा अपना अनुमान होता है जिस पर हमारी अपनी प्रतीतियों और विचारों की छाया न हो, मानवीय धरातल पर असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। किन्तु हमें अपने से भिन्न विचार वाले व्यक्ति के कथ्य को तथ्य और तर्क से काटने के बजाय उसकी नीयत पर सवाल उठा देना सबसे आसान लगता है। संवादी की नीयत खोटी हो भी सकती है, नहीं भी। ऐसे में नीयत पर सवाल उठाने के बजाय गुणावगुण के आधार पर उसके कथ्य का विश्लेषण करने पर खोटी नीयत के चलते मेरिट पर भी उसमें झोल दिख जायेगा। बस उसी पर ज़ोर देने से स्वस्थ बहस जारी रह सकती है।

जनतंत्र में न वर्ग संघर्ष के लिए कोई स्पेस है, न धर्मयुद्ध के लिए। जनतंत्र का आधार ही यही है कि सामान्य अवस्था में बहस-मुबाहसे से अल्पमत बहुमत में और बहुमत अल्पमत में अंतरित होता रहता है।

-फेसबुक वॉल से

# साइकिल चोरी की गुमशुदा खबर



रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

> राजमार्गों तो साइकिल सवारों के चढ़ने की भी मनाही है। आंकड़े चुगली करते हैं कि देश की एक फीसदी सड़कें भी साइकिल सवारों के हिसाब से नहीं बनाई गईं जबकि उनकी तादाद किसी भी अन्य श्रेणी के वाहन चालकों से ज्यादा है।

हाल ही में 3 जून को विश्व साइकिल दिवस था। हो सकता है कि इस ओर आपका ध्यान न गया हो। वैसे तो आमतौर पर मेरा भी ध्यान इस प्रकार से मनाए जाने वाले दिवसों पर नहीं जाता मगर न जाने क्यों उस रोज चला गया। अखबार से साइकिल दिवस की जानकारी मिलते ही सबसे पहले तो यही सवाल मन में कौंधा कि दशकों हो गए किसी अखबार में साइकिल चोरी की कोई खबर क्यों नहीं पढ़ी? बीस तीस साल पहले तो लगभग रोज ही एक सिंगल कॉलम अथवा संक्षिप्त खबर साइकिल चोरी की मिल ही जाया करती थी। क्या देश में अब साइकिलें खत्म हो गई हैं अथवा बदमाशों ने अब साइकिल चोरी करना बंद कर दिया है? बस फिर क्या था, कई घंटे मशक्कत कर पूरे प्रदेश के आंकड़े टटोल डाले तो ले देकर केवल तीन मामले सामने आए। पहला सीतापुर का था जहां एक ऐसा चोर पकड़ा गया जो केवल साइकिलें चोरी करता था और उसने ढाई सौ से अधिक साइकिलें चोरी करने की बात कबूली थी। दूसरा मामला बस्ती जिले का था जहां साइकिल चोरी की बात इसलिए प्रकाश में आई कि चोर की उम्र मात्र आठ साल थी। तीसरा मामला एक पर्वतारोही की विदेशी साइकिल चोरी होने का निकला जाहिर है ये मामले भी तब दर्ज हुए होंगे जब चोर पकड़े गए होंगे अन्यथा साइकिल जैसी मामूली चीज की चोरी की रपट लिखवाने हेतु थाने में घुसने की हिम्मत भी भला कोई कैसे कर सकता है? क्या अब भी इस बात पर और चर्चा करने की जरूरत है कि कथित विकास के इस शोर में मुल्क के करोड़ों साइकिल सवारों की आवाज अब कहीं गुम हो चुकी है?

साल 2011 की जनगणना के अनुरूप देश में बारह करोड़ घरों में साइकिल थी। ग्रामीण क्षेत्रों में तो 68 फीसदी घरों में साइकिल पाई गई। सरल, किफायती और विश्वसनीय होने के कारण लोग साइकिल से प्रेम करते देखे गए। साइकिल सवारों की तादाद अब कितनी घटी अथवा बढ़ी है, यह तो आगामी जनगणना से ही पता चलेगा। मगर यह ट्रेंड तो साफ दिख रहा है कि आम आदमी साइकिल को गरीब की सवारी मान कर अब इससे पल्ला छुड़ाने की जुगत में है तो वहीं दूसरी तरह शिक्षित और संपन्न आदमी पर्यावरण की सुरक्षा और अच्छी सेहत की गरज से साइकिल का दीवाना हो रहा है। पिछले पांच छह सालों से लगभग हर साल दो करोड़ साइकिलें देश में बिक रही हैं और कोरोना काल में इसका ग्राफ सर्वाधिक तेजी से बढ़ा था। हालांकि मूल रूप से अभी भी साइकिल गरीब आदमी की ही सवारी है और यही कारण है कि इस मुल्क में साइकिल सवार की अब कोई अलग से श्रेणी भी नहीं बची है। देश में पिछले साल हुई 1 लाख 73 हजार सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए 4 लाख 22 हजार और घायल 4 लाख 28 हजार लोगों ने से कितने लोग साइकिल सवार थे, साइकिल चोरी की तरह इसे भी कहीं अलग से दर्ज नहीं किया गया। देश की तमाम सड़कें मोटर वाहनों के हिसाब से ही डिजाइन की जाती हैं और साइकिल सवार की हैसियत अछूत सरीखी है। राजमार्गों तो साइकिल सवारों के चढ़ने की भी मनाही है। आंकड़े चुगली करते हैं कि देश की एक फीसदी सड़कें भी साइकिल सवारों के हिसाब से नहीं बनाई गईं जबकि उनकी तादाद किसी भी अन्य श्रेणी के वाहन चालकों से ज्यादा है। तो क्या क्या इस देश में साइकिल सवारों का कोई वाली वारिस नहीं है? क्यों कोई राजनीतिक दल साइकिल सवारों की सुध नहीं लेता? क्या ये साइकिल वाले वोट नहीं देते अथवा इनके वोट के लेने देने में उनकी साइकिल की कोई भूमिका नहीं है ?

बहुत याद करें तो उत्तर प्रदेश में साल 2012 में बनी समाजवादी पार्टी की सरकार थोड़ी बहुत याद आती है। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के चुनाव चिन्ह साइकिल को भुनाने के लिए सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर साइकिल सवारों के लिए सड़कों पर अलग से ट्रैक बनाने की मुहीम शुरू की थी। यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था। लखनऊ, आगरा, नोएडा और गाजियाबाद में ऐसे इक्का दुक्का टूटे फूटे ट्रैक अब भी नजर आते हैं मगर उनकी सरकार के कार्यकाल में ही ये ट्रैक भ्रष्टाचार, अवैध कब्जों और गलत डिजाइन के चलते बेमानी हो गए थे। रही सही कसर अगली सरकार ने पूरी कर दी और सड़कों के चौड़ीकरण के नाम पर इन ट्रैक्स को बहुतायत में तोड़ दिया। इसके अतिरिक्त तो देश भर में साइकिल सवारों की सुध लेता कोई नेता नजर नहीं आता। तो क्या रोशनी की कोई किरण नहीं है? है, अवश्य है। यदि देश का संपन्न आदमी यूरोप और चीन की तरह फैशन अथवा सेहत जैसे किसी कारण से साइकिल को अपना ले तो बात बन सकती है। पैसे वाले की आवाज में तो दम होता ही है और उसे तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने को तो शासन प्रशासन और सरकारें एक लाइन में खड़ी हो जाएंगी। हां यह जरूर है कि जब तक यह नहीं होता तब तक तो मुझे और आपको साइकिल चोरी की खबर अखबारों में ढूंढे से भी दिखाई नहीं पड़ेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### छेड़छाड़ में सजा

उन्नाव : शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेई ने बताया कि बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ 9 अक्टूबर-2017 को देर रात हुई छेड़छाड़ की रिपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के सेंगुवाही गांव निवासी युवक मुकेश पर दर्ज कराई थी। आईओ सुधाकर ने पर्याप्त साक्ष्य जुटाते हुए मुकेश के विरुद्ध 8 नवंबर-2017 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई एडीजे-11 की कोर्ट में पूरी हुई। पक्ष विपक्ष के अधिवक्ताओं की जिरह पूरी होने के बाद न्यायाधीश विवेकानंद विश्वकर्मा ने मुकेश को दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा व 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

### आम के बाग में अधेड़ ने फंदा लगाकर दी जान

हरदोई, अमृत विचार: थाना क्षेत्र में आम के बाग में अधेड़ ने गमछा का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। माधौगंज थाना क्षेत्र के गांव बघियारी निवासी छोटे 52 वर्ष पुत्र ठकुरी अपने आम के बाग में फसल की रखवाली करता था। वही रात में रहता था। पत्नी शकुंतला ने बताया कि वह कई दिनों से शराब अधिक पी रहा था। रविवार की शाम आम के पेड़ में गमछे का फंदा लगाकर लटक गया। मृतक आसपास खेतो में काम कर लोगो ने घर वालों को घटना की सूचना दी। मृतक के पांच बच्चे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भाई संग घर लौट रही बहन की बाइक से गिरकर मौत

हरदोई, अमृत विचार। बड़े भाई के साथ दवा ले कर घर लौट रही बहन अचानक चलती बाइक से गिर पड़ी, जिससे सिर में गहरी चोंट पहुंचने से उसकी मौत हो गई। इस तरह का हादसा रविवार की शाम को बावन रोड पर कोतवाली शहर के भिठाई गांव के पास होना बताया गया है। बताया गया है कि लोनार थाने के बावन कस्बे के मोहल्ला समदहा निवासी बाफिर की 18 वर्षीय इकलौती बेटी दानिया रविवार को बड़े भाई अनस के साथ शहर दवा लेने आई हुई थी, वहीं से शाम को घर जा रही थी, रास्तें में भिठारी गांव के पास दानिया चलती बाइक से सड़क पर गिर पड़ी, जिससे सिर में गहरी चोंट पहुंचने से उसकी मौत हो गई। बाफिर के दो बेटे अनस और दानिश में दानिया अकेली बहन थी।

# भाइयों में खूनी संघर्ष, तीन घायल, एक की हालत गंभीर

## रहीमाबाद के कैथुलिया गांव में पुराना विवाद को लेकर हुआ झगड़ा

संवाददाता, मलिहाबाद

▸▸ पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है

**अमृत विचार :** रहीमाबाद के कैथुलिया गांव में दो भाइयों के बीच पुराना विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। सोमवार को हुए इस संघर्ष में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

गौरतलब है कि 6 जून को कैथुलिया गांव निवासी रामकुमार अपने आम के बाग गए थे, जहां भाई राम प्रसाद से आम बीनने को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। इस पर रामप्रसाद ने अपने भाई को सबक सिखाने मंशा बनाने लगा। आरोप है कि सोमवार को रामकुमार अपने बाग गए, जहां रामप्रसाद पहले से झगड़े की तैयारी में था। रामप्रसाद अपनी पत्नी शांति, बेटी मनीषा और बेटे आलोक के साथ लाठी डंडों सहित बाग में इंतजार कर रहे थे। जिस समय रामकुमार बाग पहुंचे, तो उनके भाई रामप्रसाद ने अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मिलकर उन्हें एक रस्सी के सहारे पेड़ में बांधकर लाठी डंडे और लोहे के हथियार से जमकर पीटा। हालांकि, इस मारपीट में रामकुमार के सिर पर लोहे का धारदार हथियार से वार किया गया। ग्रामीणों की सूचना पर रामकुमार की पत्नी गीता और बेटी शिवानी भी बाग पहुंच गईं, जहां उपरोक्त दबंगों ने इन महिलाओं को भी पीटा। राम प्रसाद की बेटी मनीषा ने ही पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पीआरवी के कर्मचारियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस को मौके पर बुलाया। घायलों को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां रामकुमार की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है, लेकिन पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से छात्र की मौत

**अमृत विचार, हरदोई:** प्राथमिक विद्यालय में 5वीं का छात्र साइकिल से जा रहा था। उसी बीच उधर से निकल रही बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी जिससे छात्र की मौत हो गई। सोमवार को शहर के टिलिया आजाद नगर में हुए हादसे से वहां हड़कंप मच गया। पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के टिलिया बगियापुरवा बावन चुंगी निवासी रामकिशोर मिश्रा का 11 वर्षीय पुत्र हर्षित मिश्रा वहीं के प्राथमिक विद्यालय में 5 वीं का छात्र था। सोमवार को हर्षित मिश्रा साइकिल से कहीं गया हुआ था। वह टिलिया आजाद नगर से होकर अपने घर जा रहा था। उसी बीच बालू से लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी जिससे हर्षित की मौत हो गई। हर्षित तीन भाई-बहन में छोटा था। उसकी बड़ी बहन ऐषी मिश्रा, उससे छोटा भाई दिव्यांशू मिश्रा है सबसे छोटा हर्षित था।

# मां-बेटे की मौत का आरोपी कार चालक गिरफ्तार

संवाददाता, इटौंजा

▸▸ तेज रफ्तार कार ने मां-बेटे को रौंदा था, बेटे की मौके पर हुई थी मौत

▸▸ इटौंजा के सिंघामऊ का मामला, सोमवार को मां ने भी अस्पताल में तोड़ा दम



**अमृत विचार:** लखनऊ-सितापुर हाईवे के निकट सिंघामऊ मोड़ स्थित निर्माणाधीन भवन के पास रविवार को हुए कार हादसे में घायल पूनम ने सोमवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में पूनम के आठ माह के बेटे अयांश की मौत हो गई थी। तीसरे घायल का इलाज चल रहा है। आक्रोशित मजदूरों ने थाने का घेराव किया। उधर, पुलिस ने पूनम के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वहीं, कार सीखने वाले सुपरवाइजर सुनील को गिरफ्तार कर लिया है।

सीतापुर के हरगांव देहात जलालीपुर निवासी मनोज ने बताया कि सिंघामऊ मोड़ हाइवे के निकट एक बहुमंजिला बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है, जहां उनकी बहन पूनम अपने पति रामदुलारे और बच्चे के साथ मजदूरी करती थी। रविवार की शाम को सुनील कुमार निवासी बगहा थाना इटौंजा ने तेज रफ्तार से कार चलाते हुए उनकी बहन पूनम, भांजे अयांश और मजदूर गया प्रसाद को टक्कर मार दी, जिससे अयांश की मौत हो गई थी। सोमवार को मेडिकल कालेज में पूनम ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायल श्रमिक गया प्रसाद का इलाज चल रहा है। घटना से आहत होकर बड़ी संख्या में मजदूर सोमवार की सुबह इटौंजा थाना पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। इटौंजा थाना के उप निरीक्षक धीरेंद्र राय ने बताया कि आरोपित सुनील कुमार को पकड़ लिया गया है और कार को कब्जे में ले लिया गया है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि जिस कार से टक्कर हुई थी, वह सुनील के बहनोई गोविंद प्रसाद निवासी त्रिवेणी नगर की है। गोविंद प्रसाद यूपी पुलिस में तैनात हैं। मनोज ने बताया कि पूनम की शादी को 14 वर्ष बाद बेटे अयांश का जन्म हुआ। हादसे में मां-बेटे दोनों की जान चली गई।

**सुनील नहीं चला पाता था कार**

पुलिस जांच में सामने आया कि सुनील का भांजा कार लेकर मिलने के लिए आया था। यह देख सुनील ने कार चलाने की बात कही, जबकि उसे कार चलाना नहीं आता था। भांजे ने कार चलाने को दे दी। जैसे ही सुनील ने कार चलाई तो तेज रफ्तार में अनियंत्रित हो गई और हादसा हो गया।

# दोनों उप मुख्यमंत्री समाज को आपस में लड़वा रहे : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि कौशांबी में दो भाजपाई उपमुख्यमंत्री, दो समाज के लोगों को आपस में लड़वा रहे हैं। पहले एक उपमुख्यमंत्री ने नाइंसाफी करते हुए 'पाल' समाज के लोगों को मोहरा बनाया।

फिर दूसरे उपमुख्यमंत्री ने अपने उस समाज के नाम पर झूठी सहानुभूति दिखाई। जो समाज इन दोनों के 'ऊपरवालों' को नहीं भाता है, इसलिए पीछे से वो भी सक्रिय हो गये, जिनकी पहले वाले उपमुख्यमंत्री से पुरानी खींचातानी है और फिर इन ऊपरवालों के ऊपरवालों की भी आपस में टकराहट है। इसलिए केंद्र वाले, कौशांबी की राजनीति करने वालों के साथ खड़े हैं।

सपा प्रमुख ने सोमवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि 'शीर्ष भाजपाइयों' और 'शिखर भाजपाइयों' के आपसी झगड़े के कारण, हर वर्ग और समाज बीच में पिस रहा है। कौशांबी भाजपा के अन्याय का शिकार है। भाजपा से हर वर्ग और समाज को अब और भी सचेत व सतर्क रहना पड़ेगा, नहीं तो ये भाजपाई समाजों के बीच आग लगाकर अपनी सियासी रोटी सेंकने में लगे रहेंगे, एक को फंसाकर आत्महत्या पर मजबूर करेंगे तो दूसरे पर इनाम घोषित करवाएंगे। कौशांबी का बच्चा-बच्चा जानता है कि सच क्या है।

# चार घरों के ताले टूटे, लाखों का माल चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गुडंबा, दुबग्गा, विभूतिखंड और सरोजनीनगर इलाके में हुई घटना

**अमृत विचार:** राजधानी के चार थानाक्षेत्रों में चोरों ने चार घरों के ताले तोड़कर लाखों रुपये का माल साफ कर दिया। पीड़ितों ने गुडंबा, दुबग्गा, विभूतिखंड और सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गुडंबा के यूनिटी सिटी बहादुरपुर निवासी रंजना सक्सेना के मुताबिक वह चेन्नई अपने बेटे के पास गई थी। 20 मई को सूचना मिली की उनके घर का ताला टूटा है। पुलिस को सूचना दी। दूसरे दिन वापस लखनऊ पहुंची। देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ है। रंजना के मुताबिक चोरों ने सारे कीमती सामान साफ कर दिया था। इंस्पेक्टर के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

उधर, विभूतिखंड के विभवखंड-4 निवासी राधा मोहन शर्मा के मुताबिक पूरा परिवार 28 मई को ताला बंदकर जयपुर गया था। भतीजे मुकेश शर्मा ने कॉल कर बताया कि घर का दरवाजा खुला है। भतीजे की पत्नी को घर भेजा तो वहां बताया कि आलमारी का लॉकर भी टूटा है। राधा मोहन के मुताबिक एक लाख रुपये के सोने के जेवर गायब थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

वहीं, दुबग्गा के जिल्लापुर निवासी सबा ने बताया कि 4 जून की शाम को उनके घर का ताला टूट गया। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिये। घर में रखे हुए 80 हजार रुपये नकद, तीन लाख के जेवरात व कीमती सामान चोरी हो गये। चोरों ने पालतू कुत्ते को बाथरूम में बंद कर दिया था। सबा को संदेह है कि उसके मामा के बेटे सानू ने चोरी की है। इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। इसी तरह सरोजनीनगर के गंगानगर स्थित भूमि विहार कालोनी निवासी नीरज कुमार पाल के मुताबिक 5 जून को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए हरदोई गये थे। शनिवार सात जून को पड़ोसी योगेश शर्मा ने सूचना दी कि आपके घर के पौधो को पानी देते समय देखा कि अंदर का दरवाजा खुला है। नीरज के मुताबिक चोरों ने करीब 95 हजार नकद व लाखों रुपये के जेवरात चुरा लिये। इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# अच्छी सेहत के लिए योग जरुरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के कलाम सेंटर में सोमवार को 11 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मौजूद 96 वर्षीय ज्ञान गंगा ट्रेनिंग टेम्पल के फाउंडर डायरेक्टर निर्मल कुमारने कहा अच्छी सेहत के लिए खान-पान के साथ योग भी जरूरी है। प्रतिदिन योग करके व्यक्ति लंबे समय तक स्वस्थ्य जीवन जी सकता है। गंभीर बीमारियों में राहत भी पा सकता है।

निर्मल कुमार ने कहा कि योग सभी उम्र के लोगों के लिए फायदेमंद है। प्रतिदिन कम से कम आधे घंटे योग करना चाहिए। योग से तनाव और चिंता को कम किया जा सकता है। शारीरिक लचीलापन बढ़ाया जा सकता है। ब्लड प्रेशर पर काबू पाया जा सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत किया जा सकता है। नियमित योग अभ्यास से एकाग्रता, ऊर्जा का स्तर और शांति और भलाई की भावना में भी सुधार होता है।

जीटीआई के सीईओ डॉ. संजीव पाण्डेय ने कहा कि वृद्धावस्था में तमाम तरह की मानसिक बीमारियां उभर आती है। तनाव घेर लेता है। अनिद्रा तथा स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां पैदा हो जाती हैं। योगासनों से इन बीमारियों से काफी हद तक निजात पाई जा सकती है। केजीएमयू की डायटीशियन शालिनी श्रीवास्तव ने खान-पान संबंधी जानकारी साझा की। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आरएएस कुशवाहा मौजूद रहे।

# 21 औद्योगिक इकाइयों में छापा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




चिनहट में एक इकाई में यूरिया की जांच करते जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह।

▸▸ पेंट व प्लाईवुड कारखानों से यूरिया के दो नमूने लिए

▸▸ टेक्निकल ग्रेड यूरिया की जांच को लेकर की छापेमारी

**अमृत विचार :** उद्योग में इस्तेमाल हो रही यूरिया की जांच के लिए कृषि विभाग की टीम ने फैक्ट्री व कारखाना समेत 21 स्थलों पर छापेमारी की। गड़बड़ी की आशंका पर पेंट व प्लाईवुड के कारखाना से एक-एक टेक्निकल ग्रेड यूरिया के नमूने लिए। टीम को देखकर एक संचालक कारखाना बंद करके भाग गया। जिसे नोटिस जारी किया गया है।

सोमवार को शासन से रेडियोग्राम आने पर जिलाधिकारी विशाख जी ने प्लाईवुड, पेंट, थर्माकोल, पोल्ट्री सीड आदि इकाइयों में इस्तेमाल हो रही टेक्निकल ग्रेड यूरिया की जांच कराई। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह व अपर जिला कृषि अधिकारी हर्षित त्रिपाठी ने 21 फैक्ट्री व कारखानों में छापा मारा। चिनहट में एक संचालक कारखाना बंद करके भाग गया। जिसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। चिनहट में एक पेंट व एक प्लाईवुड कारखाना में गड़बड़ी की आशंका पर टेक्निकल ग्रेड यूरिया का एक-एक नमूना लिया। बता दें कि पेंट, प्लाईवुड, थर्माकोल आदि उत्पाद टेक्निकल ग्रेड यूरिया से बनाए जाते हैं। यह व्यावसायिक यूरिया होने की वजह से काफी महंगी आती है। इसलिए इकाइयों में रुपये बचाने के चक्कर में अनुदानित यानी कृषि कार्य में इस्तेमाल होने वाली यूरिया इस्तेमाल करने की आशंका रहती है।

# मेजर से लिए 72 लाख रुपये और कर दी एलडीए के विवादित प्लॉट की रजिस्ट्री

संवाददाता, आशियाना

▸▸ योगी, प्रमुख सचिव, डीजीपी, गृह सचिव और पुलिस आयुक्त से शिकायत के बाद हुई कार्रवाई

**अमृत विचार:** आशियाना थाने में केरल निवासी मेजर ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मेजर के मुताबिक उससे प्लॉट के नाम पर 72 लाख रुपये लिये गये। इसके बाद एलडीए के विवादित भूखंड की रजिस्ट्री कर दी। जब जानकारी हुई तो रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपियों ने धमकी देनी शुरू की। पीड़िता मेजर ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव, गृह सचिव, पुलिस आयुक्त से शिकायत की। इसके बाद रविवार को रिपोर्ट दर्ज की गई।

मूलरूप से केरल की रहने वाली आर्मी मेजर जीजी विजयन पति बिजेश पीजे के साथ आशियाना के रूचिखंड में रहती हैं। 2020 उन्हें मकान की तलाश थी, इसी दौरान उनकी मुलाकात आशियाना निवासी विश्वजीत सिंह और विजय सिंह से हुई थी। उन लोगों ने हिंद नगर के कासिमपुर पकरी में जो 148 वर्ग मीटर का प्लाट दिखाया वह विश्वजीत की पत्नी आरती सिंह के नाम पर था। प्लाट में चारों तरफ बाउंड्री थी साथ ही प्लाट की मालकिन आरती सिंह, उनके पति विश्वजीत सिंह, आरती के भाई अनिल सिंह और विजय सिंह ने यह भी संतुष्ट किया कि उस प्लाट पर कोई विवाद भी नहीं है। जिसकी वजह से महिला मेजर ने उन लोगों पर विश्वास कर लिया और प्लॉट का सौदा 72 लाख रुपये में तय हुआ। यही नहीं प्लाट का 16 मई 2020 में बैनामा भी हो गया। वहीं जब महिला मेजर प्लाट पर निर्माण कराने पहुंची तो एलडीए की टीम ने रोक लगा दी और तब उसे पता चला कि आरती सिंह बनाम एलडीए का इस प्लाट को लेकर वाद चल रहा है। महिला मेजर ने जब आरती और उन लोगों से अपने पैसे मांगे तो वह सब मिलकर महिला मेजर को धमकाने लगे। पीड़ित महिला ने कई बार आशियाना थाने में शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई तब जाकर महिला ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### नीलगाय से टकराई मंत्री रजनी की कार, बाल-बाल बचीं

**अमृत विचार, हरदोई :** सोमवार को उच्च शिक्षा राज्यमंत्री फर्रुखाबाद जनपद के नीमकरौली में बाबा के दर्शन करने कार से जा रही थी। नीमकरौली आश्रम से लगभग दो किलोमीटर पहले ही सड़क पर एक नीलगाय से अचानक उनकी कार टकरा गई, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हालांकि कार पर सवार किसी को कोई खरोंच तक नही आई। बाबा की कृपा से कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। उसके बाद मंत्री ने दूसरी कार से नीमकरौली पहुंचकर कर बाबा के दर्शन किये। जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री व कन्नौज जनपद की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी सोमवार को फर्रुखाबाद जनपद के बाबा नीमकरौली आश्रम में दर्शन के लिए जा रही थीं। लगभग दो बजे के आस पास जब वह महमदाबाद के आगे तथा आश्रम से लगभग दो किलोमीटर पहले पहुंची उसी समय जब तक चालक कुछ समझ पाता तब तक सड़क पर एक नीलगाय अचानक आ गई, जिससे उनकी कार नीलगाय से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। लेकिन बाबा की कृपा से कार पर सवार मंत्री रजनी तिवारी सहित किसी को कोई खरोंच तक नही आई। इस हादसे में मंत्री सहित कार सवार सभी लोग बाल बाल बच गए। हालांकि राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने दूसरी कार से नीमकरौली आश्रम में बाबा का आशीर्वाद लिया तथा दर्शन किए।

### बीमार भाभी का बनवाया फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तराखंड के उधमसिंह नगर बावनपुरी चौमेला निवासी निदा फातिमा ने चिनहट थाने में तहरीर दी। जिसमें बताया कि उनके पिता रईस अहमद की मौत 2019 में सड़क हादसे में हुई थी। लौलाई गांव में उनके नाम से एक मकान था। जो पिता की मृत्यु के बाद उनकी मां शाहिना परवनी के नाम पर उत्तराधिकारी होने के कारण हो गया। नवंबर 2023 में निदा की शादी हुई तो वह ससुराल में आकर रहने लगी। मां शाहिना मानसिक बीमार है। इसी का लाभ उठाते हुए विजयंत खंड-4 निवासी चाचा असलम ने मकान पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया। इस भवन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचने के फिराक में है। मां शाहिना की बीमारी का फायदा उठाते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बना लिया है। आरोप है इन्ही फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चाचा असलम ने चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन, दो जनरेटर पर कब्जा कर लिया है। एटीएम के जरिये पिता के खाते से तीन लाख रुपये भी निकालकर अपने प्रयोग में ले लिया। मां के पास रखा हुआ करीब 11 लाख रुपये का सोना भी कब्जा कर लिया है। इसकी जानकारी होने पर विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### कारोबारी से दो करोड़ रुपये ठगने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसीपी गाजीपुर ए. विक्रम सिंह के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी जानकीपुरम का अभिषेक पुरम निवासी आशुतोष मिश्रा है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच ईओडब्ल्यू कर रही है। गाजीपुर के रविंद्र पल्ली निवासी शांभवी इंफोटेक फर्म के मालिक कृष्ण मोहन सिंह ने क्रांति इंफोकॉम के मालिक आशुतोष मिश्रा को 15 दिसंबर 2017 से 10 सितंबर 2019 तक 4.44 करोड़ के कंप्यूटर उपकरण बेचे थे। मगर ठग ने सिर्फ 3.42 करोड़ का भुगतान किया था। बची रकम एक करोड़ रुपये आरोपी ने नहीं दी थी। इतना ही नहीं आरोपी ने दोबारा पीड़ित से किसी प्रीती पांडेय की फर्म मैक्स टेक्नोलॉजी को 2019 से 23 मार्च 2020 तक 3.21 करोड़ का माल दिलाया था। आरोपी ने 2.21 करोड़ का भुगतान किया था। जबकि बची रकम एक करोड़ रुपये नहीं चुकाए थे। तभी कोविड कॉल शुरू हो गया। कृष्णामोहन ने चार माह बाद रुपये मांगे तो आरोपी के पिता कमलेश मिश्रा ने एक करोड़ का चेक दिया, जो भुगतान के लिए लगाते ही बाउंस हो गया। आरोप है कि ठगी में आशुतोष की पत्नी नीतू और मां भी शामिल थी। पीड़ित ने गाजीपुर थाने में आशुतोष, प्रीती पांडेय, आशुतोष की पत्नी नीतू, उसके पिता कमलेश व मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया था। अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है।

### होटल कारीगरों में मारपीट, युवक को चाकू मारा

**अमृत विचार , गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में स्थित एक निजी होटल में कारीगरों के बीच गुरुवार रात जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक युवक पर ताबड़तोड़ चाकू से वार किया गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। एचसीएल चौकी के पास स्थित होटल जे-कुमार में एसी मैकेनिक रविंद्र शुक्ला ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रविंद्र के मुताबिक वह एसी लगाने व रिपेयरिंग का काम करता है। 5 जून की रात 9 बजे होटल में अपने मित्र अवध नारायण के साथ खाना-पीना कर रहा था। इसी बीच अचानक से उसी तल पर रहने वाला अज्ञात कारीगर कमरे में घुस गया। उसने गाली-गलौज शुरू की। अवध नारायण ने इसका विरोध किया। इस पर मारपीट करने लगा। रविंद्र बीच-बचाव करने लगा। अचानक से आरोपी ने अपने 10-12 साथियों को बुला लिया। जो डंडा, बेलन, चिमटा, चाकू से लकर पहुंचे। ताबड़तोड़ अवध नारायण पर कई वार किया। आरोपियों ने चाकू से कई बार अवध नारायण पर हमला कर भाग निकले। रविंद्र ने किसी तरह उसे लोहिया अस्पताल लेकर गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित ने इस संबंध में सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 39 रेलकर्मी किए गए सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ:** संरक्षा व सुरक्षा से जुड़े कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 39 रेलकर्मियों को सोमवार को सम्मानित किया गया। उत्तर रेलवे के डीआरएम सुनील कुमार वर्मा ने रेलकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। सम्मानित किए गए रेलकर्मी लखनऊ मंडल के परिचालन व यांत्रिक विभाग से संबंधित हैं। इस मौके पर डीआरएम ने कहा कि रेलवे में संरक्षा व सुरक्षा सर्वोपरि है और रेलकर्मी विपरीत परिस्थितियों में भी अपना कार्य पूरी निष्ठा, सजगता और समर्पण के साथ पूरा करता है। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक, नीलिमा सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, समर्थ गुप्ता, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, रजनीश श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/समन्वय, विकास गोयल रहे।

# युवक की ससुराल में बिगड़ी हालत, मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** मुंबई से लौट युवक की ससुराल में हालत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल लाए जहां उसकी मौत हो गई।

पिता ने पत्नी से विवाद के बाद जहर निगलने का आरोप लगाया। वहीं ससुरालियों ने इससे इंकार किया है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा है। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गणेशी खेड़ा गांव निवासी रामसेवक पुत्र तेजा ने पुलिस को सूचना दी उसका बेटा विनय कुमार (25) सोमवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के ही बेहटा भवानी गांव स्थित अपनी ससुराल गया था। जहां उसकी पत्नी सुनैना से कहासुनी हो गई। इसी से आहत होकर उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। ससुरालियों उसे 100 बेड अस्पताल लाए जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेजा। वहां से भी उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां इसकी इलाज शुरू होने से पहले मौत हो गई। विनय की शादी 3 वर्ष पूर्व हुई थी और उसके अभी संतान नहीं थी। वहीं बड़े साले रतन कुमार का कहना था कि विनय अपने गांव से सोमवार सुबह आया था और आते ही उसकी हालत बिगड़ गई थी। उल्टियां होते देख वह लोग उसे अस्पताल ले गए और पिता को भी सूचना दी। विनय मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता था। जहां से वह चार दिन पहले लौटा था। एसओ राजपाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

ट्रेनिंग | 35 जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने किया संबोधित

# दक्षता, नेतृत्व क्षमता और तकनीकी से शिक्षा प्रशासन परिपूर्ण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### पहले बैच में प्रशिक्षण ले रहे बीएसए

पहले बैच में कुल 35 जिले अमेठी, बागपत, बलरामपुर, बांदा, बस्ती, बुलंदशहर, चंदौली, देवरिया, फिरोजाबाद, गौतम बुद्ध नगर, गाज़ियाबाद, हमीरपुर, हाथरस, जालौन, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कासगंज, कौशांबी, खीरी (लखीमपुर खीरी), कुशीनगर, ललितपुर, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मेरठ, प्रतापगढ़, रामपुर, संभल, संत कबीर नगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र और सुल्तानपुर के बीएसए प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### दूसरा बैच में शामिल होंगे 40 जिलों के अधिकारी

दूसरे बैच में शामिल होने वाले ज़िलों में कुल 40 जिले आगरा, अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, आज़मगढ़, बहराइच, बलिया, बाराबंकी, बरेली, भदोही, बिजनौर, बदायूं, चित्रकूट, एटा, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गाज़ीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हापुड़, हरदोई, जौनपुर, कानपुर नगर, लखनऊ, मथुरा, मऊ, मिर्ज़ापुर, मुरादाबाद, मुज़फ्फरनगर, पीलीभीत, प्रयागराज, रायबरेली, सहारनपुर, शाहजहांपुर, शामली, उन्नाव और वाराणसी के अधिकारी शामिल होंगे।

**अमृत विचार:** योगी सरकार युवाओं में प्रशासनिक दक्षता, तकनीकी सक्षमता और नेतृत्व कौशल बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। इसके लिए शिक्षा व्यवस्था को सशक्त और आधुनिक बनाया जा रहा है, उक्त क्रम में ही 9 से 13 जून 2025 तक राजधानी स्थित वित्तीय प्रबंधन प्रशिक्षण एवं अनुसन्धान संस्थान में 35 ज़िलों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) के लिए पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ है। शेष 40 जिलों के बीएसए को दूसरे बैच में 23 से 27 जून के मध्य प्रशिक्षित किया जाएगा।

इस संबंध में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने सोमवार को कहा कि यह प्रशिक्षण अपने आप मंब एक ''शिक्षा प्रशासन के लिए नेतृत्व पाठशाला'' है, जो उप्र. की शिक्षा नीति में दूरगामी परिवर्तन का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का यह प्रयास केवल नीतिगत घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उन नीतियों को ज़मीन पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए दृढ़, शिक्षित और तकनीकी रूप से दक्ष नेतृत्व भी तैयार कर रही है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण से बीएसए को शासन की प्राथमिकताओं की स्पष्ट समझ मिलेगी और योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक तेजी आएगी। यह प्रशिक्षण प्रशासनिक दक्षता के साथ-साथ डेटा आधारित निर्णयों और समावेशी शिक्षा दृष्टिकोण को भी मज़बूती देगा। यह बीएसए के लिए एक परिवर्तनकारी अवसर है।

### किशोरी के अपहरणकर्ताओं को 3-3 साल की सजा

**अमृत विचार, उन्नाव :** ननिहाल में रह कर पढ़ाई कर रही किशोरी को झांसा देकर अगवा करने के दोषी दो युवकों को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए उन्हें तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने 19 मार्च-2019 को मोहल्ले के ही दो युवकों रोहित व जयकरन पर अपनी 13 वर्षीय नातिन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नाना के मुताबिक गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र निवासी उसकी बेटी की बेटी उसके पास रहकर पढ़ाई करती थी। घटना वाले दिन सुबह वह पानी बाहर लगे नल से पानी भरने गई थी। तलाश करने पर उसे जानकारी हुई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवकों को पकड़ कर जेल भेज दिया था।

# कहीं व्यापार का केंद्र बनकर न रह जाए अयोध्या

अयोध्या कार्यालय



महंत नृत्य गोपाल दास का अभिवादन करते साधु-संत। अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 87वें जन्मोत्सव पर मणिराम दास छावनी के श्रीराम कथा मंडपम में विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान यह चिंता जताई गई कि कहीं यह नगरी सिर्फ व्यापार का केंद्र न बनकर रह जाए। संत समिति के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्रानंद सरस्वती ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज जानकारी में है कि अयोध्या के 25 किलोमीटर के क्षेत्र में कोई जमीन खाली नहीं है। दुनिया का कोई ऐसा उद्योगपति नहीं है जो यहां आना नहीं चाहता, लेकिन संतों से यह निवेदन है कि अयोध्या धर्म नगरी ही बनी रहे सिर्फ व्यापार का केंद्र न बन कर रह जाए। यह चिंता यहां के साधु संतों को करनी होगी। श्री राम जन्मभूमि का आंदोलन कोई सामान्य आंदोलन नहीं था, हजारों वर्ष से दबाए गए समाज और तोड़े गए हजारों हजार मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की दिशा में बढ़ा हुआ यह पहला कदम था। कहा कि जो लोग राम मंदिर के निर्माण पर कह रहे थे कि इससे क्या किसी को रोटी मिलेगी। संतों के मंच से हमने कहा है कि काश तुमने पाकिस्तान में मंदिर नहीं तोड़ी होती तो जैसा भंडारा मणिराम दास छावनी में बिना जाति धर्म पूछे कराया जाता है, इस तरह पाकिस्तान के कराची के संकट मोचन मंदिर में भी हम सभी को बैठक खिला रहे होते और लोगों को 800 रुपये किलो आटा के लिए नहीं रोना पड़ता।

### मक्का-मदीना से भी अधिक भीड़ अयोध्या में हो रही: वेदांती

पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती ने कहा कि 87वें जन्मोत्सव मनाने के लिए एकजुट हुए हैं। कई बड़े-बड़े संत-महंत विराजमान थे और जो निर्णय लिया गया था उसका संकल्प पूर्ति 22 जनवरी 2024 में हुआ। वही कहा कि पहले भीड़ सबसे ज्यादा मक्का और मदीना में होती थी, लेकिन अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद विश्व में सबसे ज्यादा भीड़ दर्शन करने के लिए अयोध्या में हुई। इस संत सम्मेलन की अध्यक्षता अखिल भारतीय संत समिति के अध्यक्ष महंत अविचल दास ने की। संचालन डॉ.रामानंद दास ने किया। संत सम्मेलन में नेपाल से आए जगद्गुरु राम कृष्णाचार्य, महंत डॉ.राम विलास दास वेदांती, महंत गौरी शंकर दास, महंत डॉ.मिथिलेश नंदिनी शरण, महंत गोविंद दास जयपुर, महंत शक्ति शांतानंद केरल, महंत अखिलेश्वर दास गुजरात, महंत ज्योर्तिमयानंद हरिद्वार, महामंडलेश्वर दुर्गादास हरिद्वार, महामंडलेश्वर विष्णु दास हरिद्वार, महामंडलेश्वर गीता देवी निर्मल अखाड़ा, महंत डॉ.राघवेश दास वेदांती समेत अन्य मौजूद संतों उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

## पूर्व थानाध्यक्ष समेत पांच लोगों के खिलाफ अर्जी पर आज होगी सुनवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** ग्राम प्रतापपुर सुलेमनपुर, थाना करौंदी कलां निवासी मनोज कुमार द्वारा तत्कालीन करौदीकला थानाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह, सिपाही महेन्द्र पाल सहित पांच लोगों के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में दी अर्जी पर सीजेएम कोर्ट में सुनवाई 10 जून को होगी। मनोज कुमार ने आरोप लगाया है कि 14 अगस्त 2024 की शाम करीब छह बजे आरोपित एक राय होकर उसके घर में घुस आए और उससे दस लाख रुपये रंगदारी की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर उसे व उसकी पत्नी को गालियां दी गईं। अर्जी में कहा है कि विवादित गाटा संख्या 116 की जमीन को श्यामकली के नाम बैनामा करने का दबाव बनाया जा रहा है। थानाध्यक्ष द्वारा फर्जी मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी आरोप है।

## सार-संक्षेप

### चार सगे भाइयों समेत छह को उम्रकैद की सजा

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** सात साल पूर्व हुई हत्या के प्रकरण में न्यायालय ने चार सगे भाईयों समेत छह को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक को 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। थाना बदोसरांय क्षेत्र में हत्या की घटना के संबंध में हरिश्चन्द्र व विनोद, लल्लन उर्फ प्रेमचन्द्र व पप्पू उर्फ दीपचन्द्र, पिन्टू उर्फ अरूण कुमार व उत्तम उर्फ जयनरायन निवासीगण खुर्दा थाना रामनगर के विरूद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विभिन्न धाराओं के इस प्रकरण में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद न्यायालय जिला सत्र न्यायाधीश डीजे कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को दोषसिद्ध करार दिया और प्रत्येक को आजीवन कारावास व 10 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### यूपी व बिहार की निकटता से बदल सकती अर्थव्यवस्था

**कुमारगंज, अयोध्या :** उत्तर प्रदेश और बिहार की निकटता देश की अर्थव्यवस्था को बदल सकती है। हमारी सारी सभ्यता कृषि पर निर्भर करती है। ये बातें सोमवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहीं। वह आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट सभागार में सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कृषि को चमत्कारीय शक्ति का दर्जा देते हुए कहा कि किसान खेतों में एक बीज डालता है तो उससे कई पौधे निकलते हैं। वर्तमान समय में किसानों को वैज्ञानिक तकनीक से जोड़ने व सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने की जरूरत है।

### आप का प्रांतीय सम्मेलन आज, संजय सिंह होंगे मुख्यअतिथि

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी (आप) प्रदेश के आठों प्रांतों में प्रांतीय सम्मेलन एवं संकल्प शिविर आयोजित कर अपने संगठन को मज़बूत बनाने के प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में अयोध्या प्रांत का प्रांतीय सम्मेलन मंगलवार (आज) गन्ना संस्थान में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह होंगे। अयोध्या प्रांत के अध्यक्ष विनय पटेल ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य पार्टी की मजबूती के साथ-साथ जनता के ज्वलंत मुद्दों को जोर-शोर से उठाना है। इस कार्यक्रम में पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी भाग लेंगे।

### मेंथा टंकी फटने से परिवार के चार लोग झुलसे, तीन रेफर

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में मेंथा टंकी फटने का दूसरा हादसा हुआ है। सोमवार को मेंथा पेराई के दौरान टंकी फटने से दम्पत्ति व इनके दो पुत्र गंभीर रूप से झुलस गए। इन सभी को एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया जहां दम्पत्ति व एक पुत्र को लखनऊ रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मेंथा टंकी फटने की घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरा गजनी में सोमवार को हुई। यहां के रहने वाले राम कुमार (52) अपने मेंथा की फसल की पेराई कराने के लिए गांव के राजाराम की टंकी पर गया था। सोमवार की दोपहर उसकी पत्नी श्यामा देवी (48) पुत्र अजय कुमार (25) व सोना (19) के साथ मेंथा पेराई कर रहा थे।

# खेत में काम कर रहे वकील की गोली मारकर हत्या

अखंडनगर, सुलतानपुर



**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के मरूई कृष्णदासपुर गांव में सोमवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब खेत में सिंचाई कर रहे अधिवक्ता महेंद्र कुमार मौर्य (57) की गोली मारकर होत्या कर दी गई। घटना रात करीब 10 बजे की है। हत्या के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। इस वारदात से गांव में सनसनी फैल गई है, जबकि मृतक के परिजनों ने पुलिस पर जबरन शव उठाने और लाठीचार्ज करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतक महेंद्र मौर्य अपने पीछे पत्नी शकुंतला मौर्या, दो बेटे अजय मौर्या और प्रभात और दो बेटियां रंजना एवं भावना को छोड़ गए हैं। उनके बड़े भाई सीताराम मौर्य ने अज्ञात 3-4 लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। बताया गया कि महेंद्र शाम करीब 7 बजे खेत में धान की सिंचाई के लिए गए थे। रात 9 बजे उन्होंने लखनऊ में रह रही अपनी भाभी से फोन पर बात की थी। लेकिन जब रात 10 बजे तक वे घर नहीं लौटे और फोन नहीं उठा, तो परिजन खेत पहुंचे जहां उनका शव पड़ा मिला और पास में मोबाइल की लाइट जल रही थी। परिजनों ने बताया कि घटना की सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो वे शव को मृतक के बड़े बेटे के लखनऊ से आने तक रोकने की बात कर रहे थे। लेकिन पुलिस ने जबरन शव उठवाया और इसी दौरान पत्नी, बेटियों और अन्य परिजनों पर लाठीचार्ज भी किया गया।

### एसओ समेत एक दरोगा और सिपाही निलंबित

सीओ विनय गौतम ने बताया कि थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही संबंधित हल्के दरोगा और एक सिपाही पर कार्रवाई की गई है। कोर्ट सुरक्षा में तैनात रहे दीपक कुशवाहा को अखंडनगर थाने का चार्ज सौंपा गया है।

## पूर्व विधायक के केस में सुनवाई 25 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** कादीपुर के पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी और अन्य आरोपियों पर विचाराधीन मुकदमे में सोमवार को पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी फास्ट ट्रैक कोर्ट में हाजिर अदालत रहे। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई 25 जून तक टल गई। कादीपुर क्षेत्र के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने 17 दिसम्बर 2002 को सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। आरोप है कि घटना से आक्रोशित पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, अभिषेक सिंह राणा व रामार्य पाठक समेत 14 ने कादीपुर कोतवाली में पहुंचकर बलवा, नारेबाजी, पथराव और डकैती की थी।

# मौजूदा सरकार की नीतियां जनविरोधी हैं: माता प्रसाद

संवाददाता, शोहरतगढ़./सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर शोहरतगढ़ विधानसभा के मलगहिया और मिश्रौलिया में सोमवार को बैठक हुई। मुख्य अतिथि नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि मौजूदा सरकार की नीतियां जनविरोधी है। गरीबों की इस सरकार में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में संगठित होकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी पड़ेगी। विशिष्ट अतिथि समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि पीडीए सहित समाज के सभी वर्ग जिनके साथ उत्पीड़न हो रहा है। समाजवादी पार्टी उनके लिए संघर्ष कर न्याय दिलायेगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने पर ही यूपी समृद्ध और खुशहाल बन सकेगा। इस अवसर पर आयोजक मण्डल ने हाल ही में बढ़नी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु विशेष प्रयास के लिए माता प्रसाद पाण्डेय एवं मणेन्द्र मिश्रा मशाल को मल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेंट किया। बैठक में मुरली धर मिश्रा, संयोजक मसूद खान, राष्ट्रीय सचिव बहरैची प्रसाद प्रेमी, राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक इब्राहिम बाबा, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक शकील शाह, प्रदेश सचिव जावेद, सेक्टर प्रभारीगण हरिनाथ यादव, मकबूल मौजूद रहे।

# कपड़े नहीं आए तो कोर्ट में फफक पड़ी कुशाग्र की मां

**कुशाग्र हत्याकांड**

▶▶ कुशाग्र के पिता मनीष, मां सोनिया और चाचा सुमित कनोडया ने पुलिस कमिश्नर से की मुलाकात

**कानपुर, अमृत विचार:** चर्चित कुशाग्र हत्याकांड की सुनवाई एडीजे 11 की कोर्ट में जारी है। सोमवार को हुई सुनवाई में कुशाग्र की मां सोनिया अदालत में उस समय फफक पड़ीं, जब मालखाने से कुशाग्र के कपड़े नहीं आए। अदालत में कुशाग्र की मां से जैसे ही कपड़ों की बात पूछी गई तो उन्होंने कपड़ों का रंग बताया और फिर फफक कर रोने लगी। उन्होंने अदालत से जल्द से जल्द न्याय देने की बात कही। मामले की अगली सुनवाई 24 जून को होगी। पिछली सुनवाई में कुशाग्र की मां सोनिया कनौडिया ने अपनी गवाही में कोर्ट से कहा कि जिस तरह मेरे बच्चे को मारा गया, इन तीनों को भी फांसी की सजा दी जाए। वहीं इससे पहले आरोपी ट्यूशन टीचर की ओर से चौकीदार से जिरह करने के लिए फिर से समय मांगे जाने की अर्जी को एडीजे 11 की कोर्ट ने खारिज कर दी थी। वहीं सोमवार को अदालत में कपड़े पेश नहीं होने पर कुशाग्र के पिता मनीष, मां सोनिया और चाचा सुमित कनोड़िया ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मुलाकात की। उनको बताया कि कुशाग्र के कपड़ों की पहचान करनी है। इसके लिए कपड़े मालखाने से अभी तक नहीं आए हैं। चाचा सुमित ने बताया कि मालखाने के सिपाही का गाजियाबाद ट्रांसफर हो गया है। पुलिस कमिश्नर ने उनको भरोसा दिलाया है कि कुशाग्र के कपड़े जल्द कोर्ट में दाखिल किए जाएंगे। बता दें कि कानपुर के कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र की 30 अक्टूबर 2023 को बेरहमी से अपहरण करके हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रभात शुक्ला और शिवा गुप्ता को दोषी मानकर उनको जेल भेजा था।

# शिक्षकों की अल्फा ट्रेनिंग समय से हो पूर्ण : डीएम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनपद में प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से अल्फा कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अल्फा कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए, जिससे बच्चों को साक्षरता और गणितीय दक्षता तेजी से प्राप्त हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय तथा देवी संस्थान की संस्थापक डॉ. सुनीता गांधी प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। डॉ. सुनीता गांधी ने बताया कि अल्फा कार्यक्रम की जोड़ेमेंसीखनेकीपद्धतिकेतहतबच्चेकेवल45 दिनों में पढ़ना, लिखना और बुनियादी गणित सीखने में सक्षम हो सकते हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रथम चरण में बीईओ, एसआरजी, एआरपी और जिला समन्वयकों का प्रशिक्षण 15 जून तक और शेष शिक्षकों का प्रशिक्षण 30 जून तक पूर्ण करा लिया जाए।

### बाढ़ बचाव में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सुरेश राही

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले में बाढ़ नियंत्रण और राहत कार्यों की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री एवं कारागार मंत्री माननीय सुरेश राही की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, विधायक कुर्सी साकेंद्र प्रताप वर्मा, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह एवं पूर्व विधायक शरद अवस्थी भी मौजूद रहे। बैठक में अधीक्षण अभियंता बाढ़ खंड ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 4 नदियां सरयू, कल्याणी, रेठ और गोमती हैं। इस नदी पर बाढ़ से बचाव हेतु कुल 8 परियोजनाएं गतिमान है। इस नदी के बबुरीगांव, हेतमापुरधाम, चहलारी घाट गनेशपुर, अली नगर रानीमऊ सहित कई इलाकों में हर साल बाढ़ की समस्या विकराल रूप लेती है।

# जल्द बनायी जाएगी कटरा-दर्शननगर बाईपास रेलवे लाइन

अयोध्या कार्यालय।



**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे ने मनकापुर-अयोध्या जंक्शन रेलखंड पर स्थित कटरा स्टेशन से दर्शन नगर रेलवे स्टेशन के बीच 1.5 किमी. की बाईपास लाइन बनाने पर मुहर लगा दी है। इसके सर्वे के लिए चार लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके निर्माण के बाद गोरखपुर व गोंडा की ओर से आने वाली ट्रेनें अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन न जाकर सीधे दर्शननगर रेलवे स्टेशन पर रुकेंगी। इससे सीधे वाराणसी व अन्य जगह जाने वाले यात्रियों के समय की बचत तो होगी ही साथ ही अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का बोझ भी नहीं पड़ेगा।

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से पूर्व ही रेलवे को यह अंदाजा हो गया था कि भविष्य में यहां आने वाले यात्रियों की संख्या में भारी इजाफा होगा। यात्रियों व श्रद्धालुओं को आवागमन में तकलीफ न हो, इसके लिए कई योजनाएं बनाई गई थी। सबसे पहले लखनऊ-अयोध्या-जफराबाद का दोहरीकरण व विद्युतीकरण व मनकापुर-अयोध्या-प्रयागराज रेलखंड का विद्युतीकरण कराया गया। साथ ही अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया गया। रेलवे ने योजना बनाई थी कि अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन व यात्रियों का बोझ ज्यादा न पड़े, इसके लिए लखनऊ की ओर से आने वाली ट्रेनों को अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर व वाराणसी व गोरखपुर व गोंडा की ओर से आने वाली अधिकतर ट्रेनों को अयोध्या धाम की बजाए दर्शननगर रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराया जाए।

## धर्म दर्शन

# 21वीं सदी पर भी थी कबीर की दृष्टि



सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

समाजसुधारक संत कवि कबीर जन्मे थे तो 16 शताब्दी में लेकिन उनकी नजर थी 21वीं सदी पर भी थी। जब वे दोहा 'कबीरा खड़ा बाजार में मांगे सब की खैर, ना काहू से दोस्ती नहिं किसी से बैर' लिख रहे थे तो वे जानते थे कि अर्थवादी और भौतिकता के चलते समाज में संवेदनशून्यता की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी और पूरी दुनियां अर्थ की होड़ में गुटों में विभक्त हो जाएगी तब भारी संकटों के कारण गुट निरपेक्ष आन्दोलन के बिना लोक कल्याण नहीं होगा। कबीर की यह पंक्तियां संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका की ओर इशारा करती हैं कि कोई ऐसा व्यक्ति या संगठन हो जो मानव-कल्याण को महत्ता दे। प्रकारांतर से कबीर अपनी स्थिति 'ना काहु से दोस्ती ना काहु से बैर' के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र संघ की निरपेक्षता पर जोर देते है ताकि कहीं ऐसा न हो कि भौतिकता की होड़ में मनुष्य जानवर बन जाए। कबीर के एक दूसरे दोहे 'सांई से सब होत है बंदे ते कछु नाहिं, राई से पर्वत करे पर्वत राई माहि' में भी वे सांई शब्द प्रयोग करते हुए व्यक्ति में आदर्शो एवं संस्कारों की विशिष्टता का एहसास करा रहे है क्योंकि संरक्षण देने वाला ही सांई (मालिक) हो सकता है जबकि वंदे शब्द के माध्यम से निरन्तर वन्दगी, जी-हुजूरी, खुशामदी तथा दूसरों के बल पर जीवन जीने वालों से किसी उपलब्धि की आशा नहीं की जा सकती। इस दोहे में कबीर के वनस्पतिशास्त्र का ज्ञाता होना भी झलकता है। कबीर 'वंदा' नाम के उस पेड़ से परिचित दिखते है जो परजीवी है और आसपास के पेड़ों का खुराक लेकर बढ़ता है। यहां कबीर दूसरों का हक छीनने की कोशिशों पर कटाक्ष कर रहे हैं।

इस तरह के लोग ठाठ-बाट से भले जीते हैं पर समाज मे कुछ ऐसा बड़ा या नया काम नहीं कर सकते कि जमाना उनके पीछे चले या उन्हें लंबे दिनों तक याद करे। इसी दोहे में आगे कबीर का आधुनिक हाईटेक दुनियां का अनुमान शत प्रतिशत खरा है। हाईटेक युग मे राई जैसे पेन ड्राइव (चिप) में विशाल दुनियां के साथ अंतरिक्ष तक को समेट लेने की तकनीक सामने है। संत कबीर का भौतिकता पर भी कटाक्ष इस दोहे के जरिए देखा जा सकता है जिसमें वे लिखते है कि 'काकर पाथर जोड़ के मस्जिद दई बनाय, ता चढ़ी मुल्ला बाग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय'। यहां भौतिकता (आलीशान पत्थर के भवनों) के बल पर सम्मान पाने की कोशिशों पर व्यंग्य परिलक्षित होता है। मानवीय गुणों से हीन व्यक्ति येन-केन-प्रकारेण धन कमाकर और भौतिक उपकरणों के बल पर श्रेष्ठ बन रहा है। संत कवियों में गोस्वामी तुलसीदास ने भी रामचरित मानस में अनेक प्रसंगों में इस तरह की प्रवृत्तियों को रेखांकित किया है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सन्त कबीर ने अपने तीसरे नेत्र से आने वाले समय को देख लिया था। जाहिर है कि कबीर सचाई के बल पर जीवन मे तप किया जिसके चलते वें भगवान शंकर की तरह त्रिनेत्रधारी हो गए।


## वर्ग पहेली- 457

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर, जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर, छेद।




### वर्ग पहेली -456 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | ■ | ■ | 2 गों |
| रा | ■ | ■ | 3 ज़ो | ■ | द |
| लुं | ■ | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | ■ | ■ | दा | ■ | ■ |
| त | ■ | 5 अ | र | का | न |
| ■ | ■ | ज़ा | ■ | ■ | ■ |
| 6 लं | घ | न | ट | ■ | ■ |

## सुडोकू -4

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 3 | | | 2 | | |
| 4 | | 5 | | | | 6 | | 3 |
| | | | 8 | 9 | | | | 5 |
| 8 | | 1 | | | 3 | 5 | 2 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 9 | 2 | 4 | 5 | | | 8 | | 7 |
| 1 | | | | 4 | 5 | | | |
| 7 | | 6 | | | | 3 | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 1 | |

### सुडोकू - 3 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 1 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी-11.35 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 06.02 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज विवादों से दूर रहें वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। अपनी गलतियों को स्वीकार कर उसमें सुधार कर लेना हितकर होगा। स्वार्थी प्रवृत्ति के मित्रों के कारण आपको परेशानी होगी। आज यात्रा करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत कुछ खराब हो सकती है।

**वृष:** आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहने वाला है। घरेलू उलझनों से आपको छुटकारा मिलेगा। योजनाबद्ध तरीके से आप सभी काम करेंगे। व्यवसाय में आपको अचानक धन लाभ प्राप्त होगा। किसी बड़े प्रोजेक्ट की शुरुआत करने के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन:** आज आपकी कार्यशैली से लोग बहुत प्रसन्न रहेंगे। लंबे समय से चली आ रही कोई समस्या दूर होगी। काम की अधिकता के बावजूद आप अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। अपने सहकर्मियों पर विश्वास बनाये रखें। नई जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। लेकिन आप अपनी लापरवाही से उन अवसरों को खो सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर आज थोड़ा गंभीरता दिखाना आवश्यक है। व्यर्थ की यात्राओं में आपका समय व्यर्थ हो सकता है।

**सिंह:** आज आप दिखावे में अधिक धन खर्च कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप जल्दी में काम समेटने की कोशिश कर सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके प्रति सम्मान का भाव रखेगा। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। शुभचिन्तकों का निरादर न करें।

**कन्या:** आज किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। इसके कारण आपके आत्मविश्वास में अत्यन्त वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को कठिन समस्याओं का हल मिलेगा।

**तुला:** आज कार्यस्थल में आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। करियर को लेकर योजना बनाने के लिए बुजुर्गों से सलाह ले सकते हैं। आज आप गृहकार्यों में अत्यन्त व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक:** आज आप लगन और उत्साह से काम करेंगे। गूढ़ विद्याओं में आप रुचि लेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अनुशासन का अत्यधिक ध्यान रखेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। मानसिक शान्ति के लिए आप कुछ समय अकेले में बिताना चाहेंगे।

**धनु:** आज किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में किसी कारण झगड़ा हो सकता है। बच्चों को सिरदर्द की समस्या हो सकती है। महिलाओं को मासिक धर्म संबंधी समस्या होने की संभावना है। आज आपके खर्चों में वृद्धि होगी।

**मकर:** आज शेयर मार्केट से आपको बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आपकी मनोकामना की पूर्ति होगी। प्रिय मित्रों के साथ आप समय बिताना चाहेंगे। धन का लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**कुंभ:** आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। तकनीक संबंधी कार्यों में आपको धन लाभ मिलेगा। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आपको लाभ होगा।

**मीन:** आज व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। मित्रों के माध्यम से आपको शुभ सूचना मिल सकती है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। गैरकानूनी कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। आज वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं।

## एक नजर

### बरेली से राजस्थान तक नफरत फैला रहा हैदरी दल

**बरेली :** देश में नफरत फैलाने की फिराक में हैदरी दल ने कई आईडी बनाई हैं। इसका नेटवर्क बरेली से लेकर राजस्थान तक फैला है। इंस्टाग्राम पर हैदरी दल राजस्थान, हैदरी दल बरेली यूपी और हैदरी दल बरेली यूपी 25 के अलावा अन्य नाम से आईडी बनी हैं। सभी आईडी पर नफरत फैलाने के लिए ही लोगों को उकसाया जा रहा है। यही नहीं पिछले दिनों हैदरी दल के सदस्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद स्टेटस पर सीओ प्रथम का फोटो डालकर लिखा कि मामला सॉल्व हो गया है।

### 216 दुकानदारों को नशीले पदार्थ बेचते पकड़ा

**बरेली :** युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने और स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से बरेली पुलिस ने सोमवार से 15 दिवसीय अभियान शुरू किया है। इसमें समस्त थाना क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध विशेष चेकिंग कर कार्रवाई की जाएगी। पहले दिन 242 स्कूल-कॉलेज के समीप चेकिंग की गई। इसमें 216 दुकानदार नशीले पदार्थ बेचते पकड़े गए। 44 हजार रुपये समन शुल्क वसूला गया और तीन मामलों में मुकदमा दर्ज हुआ।

# सिंचाई करने गए किसान को बाघ ने बनाया निवाला

## जंगल से सटे इलाके के गांव मेवातपुर में सोमवार तड़के हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मुकेश (फाइल फोटो)

- डीएम-एसडीएम व सीओ मौके पर पहुंचे, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार :** गन्ने की सिंचाई करने गए किसान पर बाघ ने हमला कर उसे अपना निवाला बना लिया। किसान का अधखाया शव सुबह तड़के खेत में पड़ा मिला। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। डीएम, एसडीएम और सीओ सिटी भी मौके पर पहुंचे। डीएम के आश्वासन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

घटना पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज के वनकटी जंगल से सटे इलाके में हुई। गांव मेवातपुर उर्फ शेरगंज निवासी मुकेश कुमार (35) पुत्र मंगली प्रसाद रविवार देर शाम बड़े भाई योगेश के साथ गन्ने की सिंचाई करने गए थे। खेत में पानी छोड़ने के बाद दोनों भाई वापस लौट आए थे। मृतक के बड़े भाई के मुताबिक सोमवार सुबह तड़के मुकेश खेत देखने गया हुआ था। इस बीच जंगल से निकले बाघ ने मुकेश पर हमला कर मार डाला। काफी देर तक जब मुकेश घर नहीं लौटे तो परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की। कुछ देर बाद ही मुकेश का अधखाया शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। शव को देखते ही कोहराम मच गया।

घटना को लेकर ग्रामीण भी आक्रोशित हो उठे। सूचना मिलने के बाद न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। घटनास्थल के आसपास बाघ की मौजूदगी को देखते हुए निगरानी के लिए टीम लगाई गई है। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि जंगल से सटे इलाके में घटना हुई है। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम व क्षेत्रीय वनाधिकारी के नेतृत्व में टीम मौके पर लगी हुई है।

# 40 पीएसई को पारदर्शी बनाने में जुटी योगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- उपक्रमों (पीएसई) को सशक्त करने के लिए अपनाई जा रही चार-सूत्री रणनीति

**अमृत विचार :** योगी सरकार राज्य के 40 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसई) और अधिक कुशल, पारदर्शी और जन-हितैषी बनाने के लिए ठोस रणनीति लागू करने जा रही है। उपक्रमों को सशक्त करने के लिए चार-सूत्री कार्य तेजी से शुरू है। इसे नई ताकत और दिशा देने से सीधा फायदा आम जनता को होगा।

प्रदेश में 40 पीएसई संचालित हैं, जिनमें से 97.58 प्रतिशत पूंजी ऊर्जा क्षेत्र में निवेशित है, जबकि शेष 2.42 प्रतिशत पूंजी सेवा, निर्माण, उत्पादन, वित्त और व्यापार जैसे क्षेत्रों में लगी है। इनमें यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड और यूपी स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन जैसे प्रमुख उपक्रम राज्य की आर्थिक रीढ़ हैं। योगी सरकार ने इन उपक्रमों को सशक्त करने के लिए चार-सूत्री रणनीति अपनाई है। इसमें सुशासन को मजबूत करना, अधिकारियों की क्षमता निर्माण, आधुनिक तकनीक और बेंचमार्किंग का उपयोग और वित्तीय प्रबंधन को चुस्त-दुरुस्त करना शामिल है।

### आम जनता की जिंदगी पर दिखेगा असर

नई रणनीति से बिजली, पानी और अन्य जरूरी सेवाएं पहले से कहीं अधिक सुलभ और किफायती होंगी, जिससे हर परिवार का जीवन आसान होगा। इन सुधारों का असर आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी पर साफ दिखेगा। उदाहरण के लिए, यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के तहत बिजली आपूर्ति में सुधार से गांवों में छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। वहीं तकनीकी उन्नयन, जैसे स्मार्ट मीटर और साइबर सिक्योरिटी पहल से बिजली वितरण में पारदर्शिता और दक्षता आएगी। इसके अलावा, पीपीपी मॉडल और निजी भागीदारी के जरिए औद्योगिक विकास को गति मिलेगी, जिससे शहरों और कस्बों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। इन सबका फायदा हर वर्ग को, चाहे वह गांव का किसान हो या शहर का मध्यमवर्गीय परिवार, सबको मिलेगा।

**एआई और एमएल आधारित डेटा एनालिटिक्स :** सरकार ने प्रबंध निदेशकों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम तीन साल का कार्यकाल और प्रासंगिक पेशेवर अनुभव सुनिश्चित करने का प्रस्ताव रखा है। साथ ही, औद्योगिक सुविधा सेल और एआई और एमएल आधारित डेटा एनालिटिक्स जैसी पहलें शुरू की गई हैं। ये कदम न केवल सेवाओं को बेहतर करेंगे, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेंगे, जिससे वे अपने ही राज्य में बेहतर भविष्य बना सकेंगे। यह प्रयास प्रदेश को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# शहजिल इस्लाम को तलब करने को कोर्ट में अर्जी

**बरेली :** थाना शेरगढ़ क्षेत्र में 13 वर्ष पूर्व ताजिया उठने के दौरान हुए बवाल में अभियोजन ने सेशन कोर्ट में अर्जी देकर धारा 319 सीआरपीसी के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग कर विधायक भोजीपुरा शहजिल इस्लाम को बतौर अभियुक्त तलब किये जाने को अर्जी दी है। अदालत ने सुनवाई को 27 जून की तिथि नियत की है। सरकारी वकील हरेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक शेरगढ़ रामवीर सिंह यादव ने मुकदमा दर्ज कराया था कि 24 नवम्बर 2012 को कस्बापुर ग्राम में ताजिया जुलूस रखने के स्थान पर विवाद हुआ था। बवाल प्रकरण में पुलिस ने 18 नामजद व 30-35 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।

# अवैध रूप से बनी मजार पर चला बुलडोजर

संवाददाता, बहराइच



कार्रवाई के बाद जमींदोज मजार व मौके पर मौजूद सुरक्षा जवान।

- मुर्तिहा रेंज के जंगल में बनी थी लक्कड़ शाह व उनके 3 शागिर्दों की मजार

**अमृत विचार :** जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग की मुर्तिहा रेंज के घने जंगल में बनी लक्कड़ शाह व उनके तीन शागिर्दों की मजार को वन विभाग ने रात के अंधेरे बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। डीएफओ बी. शिवशंकर का कहना है कि दरगाह प्रबन्धन स्वामित्व के कोई सबूत पेश नहीं कर सका।

संरक्षित कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मुर्तिहा वन रेंज के बीट संख्या 20 के कक्ष संख्या 13 व 14 में बनी लक्कड़ शाह की मजार को विस्तार देकर उनके शागिर्दों भंवर शाह, चमन शाह व शहंशाह की मजारें भी तामीर कराकर विस्तृत क्षेत्र में दरगाह का निर्माण कराया गया था। इसके बाद भारत-नेपाल सीमा पर स्थित दरगाह में मेला लगने लगा और भारी भीड़ जुटने लगी। इधर, वन विभाग ने वन्यजीवों के निर्बाध विचरण की खातिर घने जंगल से अवैध निर्माण को हटाने की कवायद शुरू की और प्रकरण न्यायिक प्रक्रिया से होकर गुजरा तो वर्ष 1986 में वक्फ में पंजीकृत दरगाह प्रबन्धन स्वामित्व का कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। विगत 5 जून को वन विभाग ने नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने को कहा पर दरगाह प्रबन्धन ने नोटिस की अनदेखी कर दी।

# यूपी बोर्ड : अब हाईस्कूल के छात्रों को पढ़ने होंगे 10 विषय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीआईओएस बोले-पहले कोर्स में छह विषयों को ही पढ़ना होता था
- नए विषयों में कला शिक्षा स्वास्थ्य शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा शामिल

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने नई शिक्षा नीति के तहत हाईस्कूल के कोर्स में बदलाव किया है। अब छह की जगह 10 विषयों की छात्रों को पढ़ाई करनी होगी। नए विषयों में कला शिक्षा, शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा और व्यवसायिक शिक्षा शामिल है।

कला शिक्षा में छात्रों को चित्रकला, रंगमंच कला, गायन या वादन में से कोई एक विषय चुनना होगा। इसके साथ संस्कृत या अंग्रेजी में से कोई एक भाषा और 17 भारतीय भाषाओं में से एक भाषा का अध्ययन करना अनिवार्य होगा।

डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार के अनुसार यूपी बोर्ड हाईस्कूल में इस बार त्रिभाषा फॉर्मूला लागू किया गया है, जिसमें सभी छात्रों को हिंदी पढ़ना अनिवार्य होगा। उनके मुताबिक गणित, विज्ञान, और सामाजिक विज्ञान भी सभी छात्रों के लिए अनिवार्य विषय होंगे। अन्य में गृह विज्ञान, मानव विज्ञान, वाणिज्य, एनसीसी, कंप्यूटर, कृषि या पर्यावरण विज्ञान में से कोई एक विषय छात्रों को चुनना होगा। कला शिक्षा के तहत चित्रकला, रंगमंच कला, गायन या वादन में से कोई एक विषय छात्र ले सकेंगे।

वहीं, शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा में नैतिक शिक्षा, योग, खेल और शारीरिक शिक्षा और सोशल सर्विस सभी के लिए अनिवार्य कर दिए गए हैं। विषयों में बदलाव का उद्देश्य छात्रों को हर स्तर पर सक्षम बनाना है, ताकि पढ़ाई के साथ उन्हें व्यवसायिक गतिविधियों की जानकारी होगी और उन्हें आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ मंदिर के बाहर बैठे साधु-संन्यासी। ● एजेंसी

# खड़े ट्रक में घुसी कार, तीन की मौत, दो घायल

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार



मृतक शिवम

- गोरखपुर से नैनीताल जाते समय रोजा क्षेत्र में हुआ हादसा
- मृतक में एक गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का भतीजा

**अमृत विचार :** गोरखपुर से नैनीताल घूमने जा रहे होटल मालिक की कार सीतापुर हाईवे पर जमुका गांव के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। भीषण टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए और होटल मालिक, उनके बेटे व बहन की मौत हो गई। वहीं उनका भांजा व पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल भांजे को बरेली रेफर किया गया है। पत्नी का राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

गोरखपुर जिले के थाना बेलीपार के मोहल्ला मलालो निवासी होटल शिवाय के मालिक और गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरदेंदु के भतीजे शिवम पांडेय (35) सोमवार सुबह 6 बजे अपने परिवार व अन्य रिश्तेदारों के साथ दो कारों में सवार होकर गोरखपुर से नैनीताल घूमने के लिए जा रहे थे। होंडा सिटी कार में शिवम उनकी पत्नी शालिनी, ढाई साल का बेटा माधवन, उनकी बहन श्वेता द्विवेदी (42) और सात वर्षीय भांजा शिवांश थे। दूसरी कार में उनके चचेरे भाई अमृतेश और अन्य रिश्तेदार थे।

रविवार की सुबह 6 बजे सीतापुर हाईवे पर जमुका गांव के सामने ट्रक सड़क के किनारे खड़ा होकर बजरी उतार रहा था। अचानक शिवम की कार खड़े ट्रक में जाकर पीछे से घुस गई। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार सभी लोग कार में ही फंस गए। इसी बीच पीछे से शिवम का चचेरा भाई अमृतेश अपनी कार से आ गया। उन्होंने राहगीरों की मदद से कार का दरवाजा तोड़कर घायल शिवम, शालिनी, माधवन, श्वेता और शिवांस को बाहर निकाला। वह सभी घायलों को वाहन से मेडिकल कॉलेज लेकर गए। डॉक्टर ने शिवम, उनके बेटे माधवन और उनकी बहन श्वेता को मृत घोषित कर दिया। घायल शिवांश को बरेली रेफर कर दिया गया, जबकि मृतक शिवम की पत्नी शालिनी का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

# कनाडा में एमबीबीएस में दाखिला कराने के नाम पर 16 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपियों ने फर्जी हस्ताक्षर करके बना लिया समझौतानामा

**अमृत विचार :** कनाडा में एमबीबीएस में एडमिशन कराने के नाम पर पीलीभीत के जालसाज ने एक व्यक्ति से 16 लाख रुपये ठग लिए। जब व्यक्ति ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने पीड़ित और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी के निर्देश पर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिथरी थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी भीमसेन ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे संतोष कुमार वर्मा को पढ़ाई के लिए कनाडा भेजने के लिए लवप्रीत सिंह खोसा निवासी पीलीभीत से 16 अगस्त 2024 को संपर्क किया था। तब उसने झांसा देकर उससे झूठे प्रपत्रों पर हस्ताक्षर करा लिए थे। आरोपी ने उससे 10 लाख रुपये एडमिशन फीस और छह लाख रुपये जीआईसी का लिया, लेकिन संतोष का दाखिला नहीं हो सका। इस पर जब उन्होंने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो उसने कहा कि 2.75 लाख काट कर रुपये वापस करेगा। उस समय गवाह रुद्र प्रताप सिंह था। इसके बाद आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। आरोपी ने धमकी दी कि यदि पैसे मांगे तो तुम्हें और तुम्हारे बेटे को मौत के घाट उतार दिया जाएगा।

## उत्तराखंड

# कैंची धाम मेले की व्यवस्थाएं 12 तक पूरी करें

## नियमित साफ-सफाई करने व विभिन्न स्थानों में मोबाइल टॉयलेट रखने के डीएम ने दिए निर्देश

संवाददाता, नैनीताल



### दोपहिया वाहन भी बंद रहेंगे

पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी टैक्सी या निजी वाहन भवाली तक ही आएंगे, साथ ही दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था नगर पालिका मैदान भवाली में की जाएगी। यहां से भक्त शटल सेवा के माध्यम कैंची धाम को जा सकेंगे। इस दौरान एसएसपी पीएन मीणा, एडीएम विवेक राय, पीआर चौहान, सचिव प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल, मंदिर ट्रस्ट के मंजुल कुमार जोशी, आलोक चौपड़ा, शैलेश शाह, पवन रघुवंशी, प्रबंधक प्रदीप शाह आदि मौजूद रहे।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना ने सोमवार को कैंची धाम मंदिर परिसर में 15 जून को होने वाले स्थापना दिवस मेले को लेकर अधिकारियों व मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए विभिन्न स्थानों में बनाई गई पार्किंग स्थलों में पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, सफाई व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं को 12 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

डीएम ने लोनिवि के अधिकारियों को नैनीबैंड- सेनिटोरियम बाईपास और भीमताल बाईपास स्थित निर्माणाधीन नहर कवरिंग को जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए। लोनिवि के अधिशासी अभियंता को कैंची धाम में निर्माणाधीन पाथवे को तीन दिन के भीतर कार्य पूरा करने को कहा। वन विभाग के अधिकारियों को कैंची धाम और शिप्रा नदी के आसपास विशेष साफ-सफाई और सुरक्षा की दृष्टि के लिए बैरिकेड और ताड़बाड़ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ईओ भवाली व अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को भवाली से कैंची धाम तक नियमित साफ-सफाई करने व विभिन्न स्थानों में मोबाइल टॉयलेट रखने के निर्देश दिए।

# पानी भरने गई महिला को सांप ने डसा, मौत

**हल्द्वानी :** पानी भरने के लिए आंगन में लगी मोटर चलाने गई महिला को सांप से डस लिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। ग्राम घुडदौड़ा देवलचौड़ निवासी मुन्नी देवी (65) पत्नी चंदन सिंह बिष्ट रविवार की शाम 5 बजे घर के आंगन में पानी की मोटर चलाने के लिए गई थी। इसी बीच उनके पैर में सांप ने डस लिया। महिला के पैर से खून आने पर परिजन उन्हें आनन-फानन में डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के बेटे हेमंत बिष्ट ने बताया कि मामले की सूचना वन विभाग को दे दी है।

# शासन ने पंचायतों में नियुक्त किए प्रशासक

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- अधिसूचना जारी, पंचायत चुनाव या 31 जुलाई तक अधिकृत

**अमृत विचार :** शासन ने सोमवार को अधिसूचना जारी करते हुए पंचायतों को प्रशासकों के हवाले करते हुए अधिकारियों को नामित कर दिया है। ऐसे में साफ है कि फिलहाल प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव टल गए हैं।

सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, त्रिस्तरीय पंचायतों का सामान्य निर्वाचन न होने से प्रदेश में माह जुलाई, 2025 में प्रस्तावित आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव (जनपद हरिद्वार को छोड़कर) प्रक्रिया सम्पन्न होने तक/नवीन पंचायतों के गठन तक की तिथि तक अथवा 31 जुलाई, 2025 (जो भी पहले हो) तक पंचायतों की प्रशासनिक व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायतों (जनपद हरिद्वार को छोड़कर) में अधिकारियों को अधिकृत गया है। इनमें जिला पंचायतों में जिलाधिकारी, क्षेत्र पंचायतों में उपजिलाधिकारी, ग्राम पंचायतों में, संबंधित विकास अधिकारी (पंचायत) प्रशासक नियुक्त किए गए हैं।

# मेडिसिन वार्ड में टीबी मरीज की मौत से हंगामा

**हल्द्वानी:** मेडिसिन विभाग में टीबी पीड़ित एक मरीज की मौत के बाद तीमारदारों ने अस्पताल के चिकित्सकों व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। सूत्रों के अनुसार टीबी से पीड़ित मरीज की हालत बिगड़ने पर उसे मेडिसिन के बी वार्ड में भर्ती किया गया था। रविवार को हालत अचानक बिगड़ गई और कुछ देर में उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए वार्ड में हंगामा किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। एसटीएच के एमएस डॉ. गोविंद सिंह तितियाल ने बताया कि विभाग के एचओडी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# वनाग्नि की घटनाओं में आई गिरावट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



- पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता और प्री-मानसून की वजह से कुमाऊं में वनाग्नि की घटनाओं में दर्ज की गई भारी कमी

### 15 फरवरी से 15 जून तक वनाग्नि की पिछले तीन वर्षों की सूची

| वर्ष | वनाग्नि की घटनाएं | प्रभावित जंगल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|
| 2023 | 559 | 640 .14 |
| 2024 | 1186 | 1625 .51 |
| 2025 | 207 | 227 .54 |

नोट :- यह आंकड़े 9 जून तक के हैं, वन विभाग की ओर से जारी किए गए हैं।

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में प्री-मानसून और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से वनाग्नि की घटनाओं में गिरावट आई है। पिछले तीन वर्षों के मुकाबले इस वर्ष वनाग्नि की घटनाओं और वनाग्नि में जंगलों के जलने का क्षेत्रफल सबसे कम रहा है हालांकि एक व्यक्ति वनाग्नि में झुलस गया।

राज्य में अमूमन फायर सीजन 15 फरवरी से शुरू होता है जो कि 15 जून तक माना जाता है। अब फायर सीजन समाप्त होने में छह दिन बाकी हैं। सुकून की बात यह है कि इस बार वनाग्नि की घटनाएं सौ का आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकी हैं। अगर इस फायर सीजन के आंकड़ों पर गौर करें तो यह काफी राहत देने वाले हैं। कुमाऊं में अब तक वनाग्नि की कुल 75 घटनाएं हुई हैं इनमें आरक्षित जंगलों में 40 और सिविल-वन पंचायतों में 35 घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में कुल 88.71 हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हुआ।

इनमें सबसे ज्यादा नुकसान सिविल-वन पंचायतों में 56 हेक्टेयर और आरक्षित वन में 32.71 हेक्टेयर जंगल वनाग्नि की भेंट चढ़ गए। ये आंकड़े पिछले तीन वर्षों की अपेक्षाकृत काफी राहत देने वाले हैं। पिछले वर्ष 2024 में 1186 हेक्टेयर जंगल जले थे जो कि इस वर्ष के 13 गुना से ज्यादा है।

# सीमा पर विस्फोटक समेत नेपाली युवक गिरफ्तार

संवाददाता, पिथौरागढ़

- एक्सप्लोसिव इमल्शन, डेटोनेटर भारतीय व नेपाली मुद्रा बरामद

**अमृत विचार :** पिथौरागढ़ जिले में धारचूला स्थित भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पुल पर चेकिंग के दौरान सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने एक नेपाली नागरिक के पास से विस्फोटक सामग्री बरामद की है। एसएसबी ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद आरोपी को धारचूला पुलिस को सौंप दिया।

पुलिस के अनुसार, एसएसबी द्वारा रविवार देर रात पकड़े गए नेपाली नागरिक के पास से एक किलोग्राम एक्सप्लोसिव इमल्शन, पांच डेटोनेटर, भारतीय और नेपाली मुद्रा सहित अन्य दस्तावेज बरामद हुए है। एसएसबी से पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम यम बहादुर खत्री पुत्र श्याम बहादुर खत्री निवासी गांव पद्मपुर, जिला सुरखेत, नेपाल बताया। पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ रेखा यादव के निर्देश के बाद कोतवाली धारचूला में आरोपी नेपाली नागरिक के विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। धारचूला थानाध्यक्ष विजेंद्र शाह ने बताया कि आरोपी को पूछताछ के बाद सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# नौकुचियाताल में ठप पड़ी हेलीकॉप्टर सेवा

संवाददाता, भीमताल



- 75 लाख की लागत से बनाया गया था हेलीपैड

> मौसम खराब होने के कारण हेलीकॉप्टर के आने-जाने में परेशानी हो रही है, इसलिए कुछ समय के लिए हेलीकॉप्टर सेवा प्रभावित है।
>
> -हिमानी, बेस मैनेजर, देश हेरीटेज एवेशन कंपनी

**अमृत विचार :** भीमताल नगर से 4 किलोमीटर की दूरी पर नौकुचियाताल में लगभग 75 लाख से निर्मित हेलीपैड इन दिनों विरान पड़ा है। पिछले एक माह से इस हेलीपैड में कोई हेलीकॉप्टर नहीं उतरा है और ना ही यहां से किसी स्थान के लिए गया है।


इस स्थान पर 1998 में वन विभाग ने आग पर काबू पाने के लिए एक योजना के तहत यहां अस्थाई तौर पर हेलीपैड का निर्माण करवाया था। बाद में स्थानीय लोगों की मांग पर प्रदेश सरकार ने इसे दोबारा निर्मित कर हेलीपैड का निर्माण करवाया। चार माह पूर्व मुख्यमंत्री ने देहरादून से इस हेलीपैड का लोकार्पण किया था। कुछ माह तक तक यह सेवा सही चली।

इससे लोगों को सुविधा हो रही थी। पर्यटकों ने भी इस सेवा का लाभ लिया था। हालांकि अब एक माह से यह सेवा बंद है। इसे संचालित करने वाली कंपनी देश हेरीटेज एवेशन के कर्मचारी हेलीपैड में तैनात हैं और नियमित रूप से अपनी सेवा दे रहे हैं। हेलीकॉप्टर सेवा बंद होने से पर्यटन के साथ-साथ कारोबारियों पर इसका असर दिखाई दे रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि बद्रीनाथ व केदारनाथ खुला होने के कारण कंपनी ने अपने चौपर वहां के लिए भेजे हैं।

# सरकार को 8,076.84 करोड़ का दिया लाभांश

## एसबीआई के चेयरमैन ने वित्त मंत्री को सौंपा चेक

नई दिल्ली, एजेंसी



देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश का चेक दिया।

इस मौके पर वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और वित्त सचिव अजय सेठ भी थे। वित्त मंत्री के कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, निर्मला सीतारमण को भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8076.84 करोड़ रुपये का लाभांश चेक मिला। एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15.90 रुपये प्रति शेयर का लाभांश घोषित किया था। बैंक ने पिछले साल सरकार को 6,959.29 करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। एसबीआई ने 2024-25 के दौरान 70,901 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया, जबकि इससे पिछले साल यह आंकड़ा 61,077 करोड़ रुपये था।

## सीतारमण ने एसपीएमसीआईएल को जल्द नवरत्न का दर्जा मिलने की जताई उम्मीद

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को भारतीय प्रतिभूति मुद्रण एवं मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि यह जल्द ही नवरत्न कंपनी बन जाएगी। एसपीएमसीआईएल इस समय वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है और इसे भारत सरकार की अनुसूची 'ए' के तहत मिनीरत्न श्रेणी-1 कंपनी का दर्जा मिला हुआ है। सरकार कुछ पूर्व-निर्धारित मानदंडों के आधार पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) को महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न का दर्जा देती है। इसमें लाभ का पिछला रिकॉर्ड और कुल संपत्ति जैसे वित्तीय मानक शामिल हैं। वित्त मंत्री ने एसपीएमसीआईएल के कॉरपोरेट कार्यालय का उद्घाटन करते हुए उसके प्रदर्शन की सराहना की। सार्वजनिक उपक्रम मुद्रा नोटों की छपाई, प्रचलन के लिए सिक्कों की ढलाई और स्मारक सिक्के की ढलाई का काम करता है। इस अवसर पर सीतारमण ने उम्मीद जताई कि एसपीएमसीआईएल अपने वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर नवरत्न का दर्जा भी हासिल करेगी। सीतारमण ने कहा कि 2015 में अपनी पूंजी पुनर्गठन के बाद कंपनी ने 2016-17 तक ब्याज सहित अपना पूरा ऋण चुका दिया और मजबूत प्रतिफल देना जारी रखा। वित्त वर्ष 2023-24 में इसने 364 करोड़ रुपये का लाभांश दिया, जबकि पिछले साल इसने 534 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश दिया था। वित्त मंत्री ने कहा कि निगम ने सीमा शुल्क विभाग द्वारा जब्त किए गए सोने से लगभग 3 .4 टन परिष्कृत सोना भारतीय रिजर्व बैंक को दिया।

# चीन का अमेरिका को निर्यात 35% घटा, अर्थव्यवस्था पर बढ़ा दबाव

बीजिंग, एजेंसी



- सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों से मिली जानकारी, उम्मीद से कम हुई निर्यात वृद्धि

चीन का अमेरिका को निर्यात मई माह में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 35 प्रतिशत घटा है। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है, क्योंकि अमेरिका से व्यापार वार्ता का नया दौर सोमवार को लंदन में शुरू होने वाला है।

पिछले महीने चीन के कुल निर्यात में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो उम्मीद से कम है। अप्रैल में सालाना आधार पर चीन का निर्यात 8.1 प्रतिशत बढ़ा था। मई में चीन का आयात 3.4 प्रतिशत घट गया। इससे चीन का व्यापार अधिशेष 103.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। चीन ने मई में अमेरिका को 28.8 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 44 अरब अमेरिकी डॉलर था। सीमा शुल्क विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका से इसका आयात घटकर 10.8 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। इसके बावजूद दक्षिण-पूर्व एशिया और यूरोपीय संघ को निर्यात मजबूत रहा, और इसमें सालाना आधार पर क्रमशः 14.8 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। थाइलैंड, वियतनाम और इंडोनेशिया को निर्यात में तेजी से वृद्धि हुई। जर्मनी को निर्यात 12 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया।

आईएनजी इकनॉमिक्स की लिन सॉन्ग ने एक टिप्पणी में कहा, अन्य अर्थव्यवस्थाओं को निर्यात में तेजी ने व्यापार युद्ध के बावजूद चीन के निर्यात को अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ने में मदद की है। कई कंपनियों ने ऊंचे शुल्क से बचने के लिए साल की शुरुआत में ऑर्डर दिए थे। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुल्क में भारी बढ़ोतरी को टालने के लिए चीन के साथ एक समझौता किया है।

# बैंक शेयरों में बढ़त से सेंसेक्स 256 अंक मजबूत, निफ्टी 100 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 256 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 100 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी और आरबीआई के रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती के बाद निवेशकों की धारणा में सुधार से बाजार बढ़त में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 256.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,445.21 अंक पर बंद हुआ। मुख्य रूप से बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबार के दौरान एक समय यह 480.01 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 100.15 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,103.20 अंक पर बंद हुआ।

## सेबी का शोध विश्लेषक संबंधी एफएक्यू पर परामर्श पत्र जारी

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शोध विश्लेषकों से संबंधित मानकों में किए गए हाल के संशोधन को लेकर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) में कुछ नए बिंदुओं को शामिल करने का सोमवार को प्रस्ताव रखा। इस का उद्देश्य लोगों की प्रतिक्रिया जानना और सवाल-जवाब के प्रारूप में शोध विश्लेषक पर लागू विभिन्न प्रावधानों पर अधिक स्पष्टता लाना है। सेबी (शोध विश्लेषक) विनियमन, 2014 शुरू में नौ दिसंबर, 2014 को प्रकाशित एफएक्यू से समर्थित था। लेकिन हाल ही में समीक्षा के बाद सेबी ने दिसंबर 2024 में सेबी (शोध विश्लेषक तीसरा संशोधन) विनियम, 2024 को अधिसूचित किया। इन बदलावों को सुविधाजनक बनाने के लिए बाजार नियामक ने जनवरी 2025 में एक परिपत्र भी जारी किया, जिसमें शोध विश्लेषक के लिए अद्यतन दिशानिर्देशों का विवरण दिया गया था। नियामक ने मसौदा परिपत्र पर 30 जून तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

## चार यूरोपीय देशों के समूह से व्यापार समझौता सितंबर तक

**बर्न।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच एफटीए इस साल सितंबर से लागू होने की संभावना है। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



इसके तहत भारत को इस समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मिली है जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और कटे एवं पॉलिश किए गए हीरे जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति होगी। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लिश्टेंसटाइन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। गोयल ने यहां संवाददाताओं से ईएफटीए के साथ व्यापार समझौते पर कहा, यह सितंबर तक लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते को सभी चार देशों की संसदों से मंजूरी मिल गई है। हालांकि स्विट्जरलैंड में इस पर 10 जुलाई तक आपत्ति की जा सकती है।

# सुपर बिल्ट अप व कार्पेट एरिया में बढ़ा फासला

नई दिल्ली, एजेंसी



- आवासीय परियोजनाओं में साझा सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर बिल्डरों ने औसत लोडिंग को 40%तक पहुंचाया

प्रमुख शहरों की आवासीय परियोजनाओं में साझा सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर बिल्डरों ने औसत लोडिंग को 40 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है जिससे पिछले कुछ वर्षों में फ्लैट के भीतर इस्तेमाल लायक जगह काफी कम हो गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। किसी आवासीय परियोजना में साझा सुविधाओं के लिए इस्तेमाल हुई जमीन को भी जोड़कर फ्लैट की बिक्री की जाती है।

इस संपूर्ण क्षेत्रफल को सुपर बिल्टअप एरिया कहा जाता है जबकि फ्लैट के भीतर की जगह कार्पेट एरिया कही जाती है। इन दोनों के बीच के अंतर पर लोडिंग अनुपात कहा जाता है। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक के मुताबिक, वर्ष 2019 में औसत लोडिंग अनुपात 31 प्रतिशत था लेकिन जनवरी-मार्च 2025 की तिमाही में यह बढ़कर 40 प्रतिशत पर पहुंच गया। फ्लैट मालिकों को अब रहने लायक कम जगह मिल रही है और वे साझा सुविधाओं के नाम पर अधिक पैसे चुका रहे हैं। ग्रुप के क्षेत्रीय निदेशक व प्रमुख प्रशांत ठाकुर ने कहा, हालांकि नियामक रेरा के तहत अब डेवलपरों के लिए घर खरीदने वालों को दिए जाने वाले कुल कार्पेट एरिया का उल्लेख करना जरूरी है लेकिन कानून में परियोजनाओं के लोडिंग फैक्टर को सीमित नहीं किया गया है।

## लंदन टेक वीक में 350 से अधिक भारतीय कंपनियां शामिल

**लंदन।** सोमवार को शुरू हुए लंदन टेक वीक में 350 से अधिक भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियां शामिल हुईं, जो इस आयोजन में देश का अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल है। इन कंपनियों में द ब्लैक बॉक्स, डिजी ऑस्मोसिस, बहवान साइबरटेक, आर्य डॉट एआई, एमफैसिस, हेलिओस बैटरीज, फाइंड, हाइपररेडी, मनीहॉप और सियाम कंप्यूटिंग शामिल हैं। लंदन के मेयर कार्यालय ने भारतीय भागीदारी में वृद्धि को भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हाल ही में हस्ताक्षर किए जाने के बाद दोनों देशों के तकनीकी परिवेश के बीच मजबूती का उदाहरण बताया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने लंदन टेक वीक में 'एक्सट्रैक्ट' को पेश करने की घोषणा की थी।



# मशाल जुलूस निकाल सरकारी इमारत फूंकी

## मणिपुर में प्रदर्शनकारियों का विरोध प्रदर्शन जारी, सुरक्षाबलों से हुई झड़प, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे

मणिपुर, एजेंसी

मणिपुर में मेइती संगठन के एक नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात को प्रदर्शनकारियों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए मशाल जुलूस निकाले, एक सरकारी इमारत में आग लगा दी और सुरक्षा बलों से उनकी झड़प हुई।

एक अधिकारी ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के क्वाकेइथेल और सिंगजमै क्षेत्र में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़पें हुईं, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और रबर की गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि इंफाल पूर्व जिले के याइरीपोक तुलिहाल स्थित उप-विभागीय कलेक्टर (एसडीसी) कार्यालय में आग लगा दी गई, जिससे इमारत को आंशिक नुकसान पहुंचा और आधिकारिक दस्तावेज जल गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आगजनी करने वालों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र में कोई और अप्रिय घटना ना हो, इसके लिए इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों की आवाजाही को रोकने के लिए इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई और कोइरेंगी क्षेत्रों में सड़कों पर मिट्टी के ढेर लगा दिए। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई, याइरीपोक और खुरई में सड़कों के बीच टायर जलाए और सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प हुई जिसके बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। सोमवार सुबह इंफाल के कई इलाकों में सड़कों पर जले हुए टायर और धुआं उठता देखा गया। स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। प्रदर्शनकारी कई सड़कों को बांस की बल्लियों से बंद कर रहे हैं।



प्रदर्शनकारियों के उपद्रव के बाद इंफाल में तैनात किया गया सुरक्षाबल।

हालांकि, सुरक्षा बलों ने कई अवरोधों को, विशेष रूप से इंफाल हवाई अड्डे की ओर जाने वाली तिद्दिम रोड पर लगे अवरोधकों को हटा दिया है। महिला समूहों ने भी प्रदर्शन में भाग लिया और खुरई में मशाल जुलूस निकालकर राज्य में सरकार के तत्काल गठन की मांग की। मणिपुर में अभी राष्ट्रपति शासन लागू है। मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल के नेता कानन सिंह और चार अन्य की गिरफ्तारी को लेकर शनिवार से मणिपुर में प्रदर्शन जारी है।

## पूर्व हेड कांस्टेबल कानन को मार्च में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था : पुलिस

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने कहा कि सीबीआई द्वारा एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया अशेम कानन सिंह राज्य पुलिस में हेड कांस्टेबल था और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के कारण उसे मार्च में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। सीबीआई ने मणिपुर में 2023 में हुई हिंसा से संबंधित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए रविवार को मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल (एटी) के सदस्य कानन सिंह को गिरफ्तार किया है। अशेम कानन सिंह (46) को सीबीआई ने इंफाल में गिरफ्तार किया।

# पिछले 11 साल देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक तानेबाने पर हुआ हमला : खरगे

- कहा-सरकार ने संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही पोती

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पिछले 11 साल में देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि सरकार ने इन 11 सालों में संविधान के हर पन्ने पर सिर्फ तानाशाही की स्याही पोती है।

उन्होंने कहा, भाजपा-आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमजोर किया है व उनकी स्वायत्तता पर हमला किया है। चाहे जनमत के खिलाफ जाकर पिछले दरवाजे से सरकारें गिराना हो या जबरन एक दलीय तानाशाही लागू करना हो, इस दौरान राज्यों के अधिकारों की अनदेखी की गई है और संघीय ढांचा कमजोर हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लगातार घृणा, धमकी व भय का माहौल फैलाने की कोशिश की जा रही है। दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है।

## वर्तमान की बात करना छोड़ अब 2047 के सपने बेच रही है सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल में कोई जवाबदेही नहीं बल्कि सिर्फ प्रचार हुआ है। उन्होंने कहा, भाजपा नीत केंद्र सरकार वर्तमान के बारे में बात करना छोड़ अब 2047 के सपने बेच रही है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर चार यात्रियों की मौत और नौ के घायल होने की घटना के बाद राहुल गांधी ने सरकार पर यह हमला किया है।

## सबसे बड़ा जहाज



दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज एमएससी इरिना को केरल के तिरुवनंतपुरम में विझिनजाम इंटरनेशनल सीपोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) पर पहुंचने पर पानी की बौछारों से सलामी दी गई। एजेंसी

## एक नजर

### उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर सेवाओं के ऑडिट का आदेश दिया

**मुंबई।** डीजीसीए ने चार धाम यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टरों से जुड़ी एक के बाद एक घटनाओं को देखते हुए उत्तराखंड में शटल सेवाओं में शामिल हेलीकॉप्टर परिचालनों की विशेष ऑडिट/बढ़ी हुई निगरानी के आदेश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि एहतियाती उपाय के तौर पर डीजीसीए आवश्यकता पड़ने पर चार धाम के लिए हेलीकॉप्टर परिचालन में कटौती की आवश्यकता की भी समीक्षा कर रहा है।

### पटना में महिला और उसकी पुत्री की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के आलमगंज इलाके में सोमवार को अज्ञात हमलावरों द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी में एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की सेवानिवृत्त नर्स महालक्ष्मी और उनकी बेटी संथाली के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि महिला के पति धनंजय भी गोलीबारी में घायल हुए हैं और उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

## भड़काऊ भाषण मामले में फरार वजाहत कोलकाता से गिरफ्तार

**कोलकाता।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली द्वारा सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो अपलोड करने के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले और भड़काऊ भाषण देने के मामले में फरार चल रहे वजाहत खान को कोलकाता पुलिस ने सोमवार शाम गिरफ्तार कर लिया। खान को आमहर्स्ट स्ट्रीट इलाके में एक फ्लैट से पकड़ा गया, जहां वह छिपा हुआ था। खान पर धर्म, नस्ल आदि के आधार पर विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्यता फैलाने, धर्म का अपमान करने या अपमान का प्रयास करने से जुड़ी धाराएं शामिल हैं।

## जासूसी मामला: पंजाब के यूट्यूबर जसबीर को न्यायिक हिरासत में भेजा

**चंडीगढ़।** मोहाली की एक अदालत ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद सिंह को अदालत में पेश किया गया था।

चार जून को गिरफ्तारी के बाद उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया था जिसे बाद में दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। सिंह के वकील मोहित धूपर ने कहा कि उसे 23 जून को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। रूपनगर जिले के महलान गांव का रहने वाला जसबीर सिंह उर्फ जान महल (41) एक यूट्यूब चैनल जान महल वीडियो चलाता था जिसके 11 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं। वह यात्रा और खाना पकाने के वीडियो ब्लॉग पोस्ट करता था। सिंह पर पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेजी गयी हरियाणा की इंफ्लुएंसर ज्योति मल्होत्रा के साथ निकट संपर्क में होने का आरोप है।

# बेंगलुरु भगदड़ पर आरसीबी अधिकारी ने कोर्ट में दावा किया, मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई गिरफ्तारी

- हाईकोर्ट ने आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल को नहीं दी अंतरिम राहत, आज फिर होगी सुनवाई

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को अंतरिम राहत नहीं दी तथा मामले की सुनवाई मंगलवार के लिए स्थगित कर दी। सोसले को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ के सिलसिले में 6 जून को गिरफ्तार किया गया था।

हाईकोर्ट ने पुलिस को आरसीबी और इवेंट पार्टनर डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के खिलाफ 12 जून तक कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया और मामले की अगली सुनवाई उसी दिन तय कर दी। अपनी याचिका में सोसले ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री के निर्देश पर गिरफ्तार किया गया था। आरसीबी और डीएनए ने चार जून को आरसीबी के आईपीएल जीतने के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के संबंध में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

## अनावश्यक गिरफ्तारियों के खिलाफ सरकार को चेतावनी

न्यायाधीश ने राज्य सरकार को अनावश्यक गिरफ्तारियों के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा, यह भद्र लोगों में आम समझ है - जब तक हम मामले को अपने हाथ में नहीं ले लेते, तब तक कुछ भी मत कीजिए। सोमवार को सोसले के वकील ने अदालत के समक्ष दलील दी कि केंद्रीय अपराध शाखा के अधिकारियों ने आरसीबी अधिकारी को इसलिए गिरफ्तार किया क्योंकि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया था। आरसीबी के अधिकारी को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह दुबई जा रहे थे।

## निर्वाचन आयोग हरियाणा-महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ा डेटा कब तक सौंपेगा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा और महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़े डेटा साझा करने संबंधी निर्वाचन आयोग के कथित फैसले की सोमवार को सराहना करते हुए इसे पहला अच्छा कदम करार दिया। उन्होंने आयोग से अनुरोध किया कि वह उस तारीख का ऐलान करे, जब डिजिटल और 'मशीन द्वारा पठनीय' प्रारूप में डेटा सौंपा जाएगा।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया की एक खबर का 'स्क्रीनशॉट' साझा किया, जिसमें दावा किया गया है कि निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2009 से 2024 तक हरियाणा और महाराष्ट्र के लिए मतदाता सूची का डेटा साझा करने का रास्ता साफ कर दिया है। इसमें कहा गया है कि निर्वाचन आयोग ने इससे पहले इस साल की शुरुआत में दिल्ली उच्च न्यायालय को इस संबंध में आश्वासन दिया था।

# अगस्ता वेस्टलैंड : मिशेल की सुरक्षा रिपोर्ट गायब, कोर्ट ने कहा- गंभीर चिंता का विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

- तिहाड़ जेल प्रशासन को रिपोर्ट पेश करने का आदेश, मिशेल ने जान से मारने की साजिश का आरोप लगाया

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कहा कि जेल में बंद अगस्ता वेस्टलैंड मामले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की सुरक्षा पहलू से जुड़ी जांच फाइल का गायब होना गंभीर चिंता का विषय है। अदालत ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को फाइल ढूंढने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश संजय जिंदल ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को 7 जुलाई तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया, क्योंकि उन्हें बताया गया कि अदालत द्वारा मांगी गई मूल रिपोर्ट काफी प्रयासों के बावजूद भी नहीं मिल सकी है।

अदालत ने कहा, अभियुक्तों द्वारा उठाए गए मुद्दों की गंभीरता और जेम्स की शिकायत पर हाल की सुनवाई के दौरान रिकॉर्ड पर आए तथ्यों को देखते हुए, यह गंभीर चिंता का विषय है कि जांच की केस फाइल, जिसके आधार पर 29 अगस्त, 2019 की रिपोर्ट दी गई थी, का पता नहीं चल पा रहा है। न्यायाधीश ने कहा, तिहाड़ जेल के महानिदेशक (कारागार) को उपरोक्त जांच फाइल का पता लगाने और उसे पेश करने के लिए कहा जाए और यदि केस फाइल का अब भी पता नहीं लगता है, तो अगली सुनवाई की तारीख पर जांच फाइल के पता न चलने के तथ्यों और परिस्थितियों के बारे में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अदालत ने स्पष्ट किया कि जेम्स की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएंगे।

# भारत को इंग्लैंड में हालात के अनुकूल ढलना होगा

## पूर्व क्रिकेटरों ने टेस्ट सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के लिए दी सलाह, रोहित व विराट के संन्यास के बाद शुभमन पर बड़ी जिम्मेदारी



शुभमन गिल। (फाइल फोटो)

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व क्रिकेटरों ने सोमवार को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड में कामयाबी के लिए हालात के अनुकूल ढलने की सलाह दी। वहीं माइकल वॉन का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए 'कुछ खास' की शुरुआत हो सकती है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस दौरे के लिए नहीं चुने गए हैं।

चेतेश्वर पुजारा ने कहा भारत को इंग्लैंड के हालात के अनुरूप तुरंत ढलना होगा। इंग्लैंड के हालात और टीम संयोजन को समझने के कारण मैं कह सकता हूं कि अनुशासन, संयम और एक दूसरे का सहयोग अहम होगा। उन्होंने भारत के इंग्लैंड दौरे के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोटर्स से कहा हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा और चुनौती का सम्मान करना होगा। मुझे यकीन है कि हर खिलाड़ी के विकास और सफलता के लिये यह बड़ा मौका होगा। पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा इंग्लैंड दौरा हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन मजेदार भी रहता है। हालात के अनुकूल ढलना अहम होगा और मुझे यकीन है कि खिलाड़ी ऐसा कर सकेंगे। गेंदबाजी में हमारे पास अनुभव और स्थिरता है। पूर्व हरफनमौला



चेतेश्वर पुजारा।



इरफान पठान।

इरफान पठान ने कहा भारत की नयी टीम के सामने इंग्लैंड की कठिन चुनौती है लेकिन एक हरफनमौला होने के नाते मैं कह सकता हूं कि हालात के अनुरूप ढलना अहम होगा। गिल की कप्तानी, पंत की ऊर्जा और भारत के युवा खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने कहा कि 25 वर्ष के गिल को टेस्ट कप्तान बनाना साहसिक फैसला है और यह निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा शुभमन गिल भारतीय टेस्ट क्रिकेट का नया चेहरा है। इंग्लैंड श्रृंखला के लिये उसे कप्तान बनाने का फैसला साहसिक है। उसे बहुत कुछ साबित करना होगा लेकिन उसने दिखा दिया है कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है। ऋषभ पंत उपकप्तान है और यह टीम खुद को साबित करने के लिये बेताब है। इंग्लैंड का दौरा भारत की अगली पीढ़ी के लिए किसी खास का आगाज हो सकता है।

### ऑफ साइड के बाहर की गेंद पर जूझने के कारण कोहली ने संन्यास लिया : पनेसर

**नई दिल्ली :** पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर का मानना है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर बार-बार जूझने की समस्या का संभवत: समाधान नहीं मिलने के कारण विराट कोहली ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट खेलने वाले और 2012 में भारत में अपनी टीम को टेस्ट सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले पनेसर का मानना है कि कोहली को इंग्लैंड के अपने पिछले दौरों की तुलना में ऑफ स्टंप के आसपास घूमती गेंदों से निपटना अधिक कठिन लगता। कोहली ने 2014 के खराब दौरे के बाद 2018 में इंग्लैंड में शानदार वापसी की। वर्ष 2014 में जेम्स एंडरसन ने इस दिग्गज बल्लेबाज को काफी परेशान किया। बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर पनेसर ने पीटीआई से कहा कोहली के साथ जो हुआ है वह यह है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद, पांचवें स्टंप की लाइन, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया में तेज उछाल वाली पिचों पर वह संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने शायद सोचा होगा कि इंग्लैंड में गेंद और ज्यादा स्विंग करेगी, उन्होंने शायद ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर समस्या का समाधान नहीं निकाला। शायद यही एक कारण रहा होगा कि उन्होंने संन्यास लेने और अपनी सारी ऊर्जा आरसीबी और भारत के लिए एकदिवसीय क्रिकेट में लगाने के बारे में सोचा। कोहली के पास 2018 में वापसी करने के लिए जवाब थे पर अपने करियर के इस पड़ाव पर ऐसा करना बहुत कठिन होगा।

### कोटियान और काम्बोज के अर्धशतक, मुकाबला रहा ड्रा

**नार्थम्पटन :** तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल काम्बोज (नाबाद 51/ दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया दूसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे दिन सोमवार को ड्रा रहा। कोटियान और काम्बोज की जोड़ी ने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों की खूब परीक्षा ली और की आठवें विकेट के लिए 149 रनों की अविजित साझेदारी कर इंडिया ए के लिए 92 ओवर में सात विकेट पर 417 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। इंग्लैंड लायंस को जीत के लिए 439 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड लायंस की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक 26 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। टॉम होंज (सात), एमिलियो गे (पांच) और जार्डन क्रॉक्स (शून्य) पर आउट हुये। इंग्लैंड के 11 ओवर में तीन विकेट पर 32 रन बनाये जाने के बाद मैच को ड्रा घोषित कर दिया गया। अंशुल काम्बोज ने दो विकेट लिये और तुषार देशपांड़े ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंडिया ए ने कल के चार विकेट पर 163 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। इंडिया ए का पांचवां विकेट ध्रुव जुरेल (28) के रूप में गिरा। इसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी (42), शार्दुल ठाकुर (34) रन बनाकर आउट हुए।

## खेल डायरी

### मुझे कप्तानी पसंद है, इससे जिम्मेदारी आती है : अय्यर



**मुंबई :** कोलकाता नाइट राइडर्स को पिछले साल आईपीएल खिताब दिलाने के बाद इस साल पंजाब किंग्स को फाइनल में ले जाने वाले भारत के स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर ने कहा कि उन्हें कप्तानी पसंद है क्योंकि इससे वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। अय्यर ने पंजाब किंग्स को आईपीएल फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हुए 604 रन बनाये, लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके। अय्यर ने सोबो मुंबई फाल्कंस को टी20 मुंबई लीग सेमीफाइनल में पहुंचाने के बाद कहा कप्तानी से काफी परिपक्वता और जिम्मेदारी आती है। आपसे हमेशा अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है और आप टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहते हैं। किसी भी तरह की विषम परिस्थिति या प्रतिकूलता में टीम कप्तान के ही पास आती है।

### मैच में अश्विन के अशिष्ट व्यवहार ने ध्यान खींचा

**कोयंबटूर :** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में डिंडीगुल ड्रैगन्स और आईड्रीम तिरुप्पुर तमिलियंस के बीच मैच के दौरान विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद मैदान पर अचानक गुस्से में आ गए। ड्रैगन्स की अगुआई कर रहे अश्विन पारी की शुरुआत करने आए और पांचवें ओवर में अश्विन स्पिनर आर साई किशोर की गेंद पर पगबाधा आउट करार दिए गए। अश्विन ने पांचवें ओवर में पैडल स्वीप खेलने की कोशिश की पर गेंद उनके पैड पर लगी। अंपायर वेंकटेशन कृतिका ने गेंदबाज की अपील पर अपनी उंगली उठाई क्योंकि अश्विन तेजी से एक लेने के लिए दौड़ रहे थे। रीप्ले से यह स्पष्ट था कि गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हुई थी। अश्विन डीआरएस नहीं ले सके क्योंकि उन्होंने और जोड़ीदार शिवम सिंह डीआरए ले चुके थे।

### पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है: अल्फारो

**साओ पाउलो :** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्वकप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कोरिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा, "यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं जिसके लिए हम प्रयासरत रहे हैं। यह एक ऐसा सपना है जो 15 वर्षों से पूरा नहीं हुआ है। पैराग्वे, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जो चौथे स्थान पर मौजूद ब्राजील से दो अंक आगे है।

### दिल्ली ओपन में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली :** शीर्ष वरीयता प्राप्त एस एल नारायणन की अगुवाई में भारत के ग्रैंड मास्टर नॉर्म प्राप्त खिलाड़ियों का दिल्ली अंतरराष्ट्रीय जीएम ओपन शतरंज में सोमवार को चौथे दौर में शानदार प्रदर्शन जारी रहा। नारायणन ने वियतनाम के ग्रैंड मास्टर गुयेन डुक होआ को हराया, जबकि दिप्तायन घोष और दो अन्य घरेलू ग्रैंड मास्टर ने भी शानदार जीत दर्ज कर तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिनेश शर्मा और अंतरराष्ट्रीय मास्टर हर्ष सुरेश ने भी अपने अपने मुकाबले में जीत के साथ दबदबा कायम किया है। ग्रैंड मास्टर आदित्य एस सामंत ने भी लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा है। दिल्ली जीएम ओपन एशिया के सबसे बड़े क्लासिकल प्रारूप के ओपन शतरंज टूर्नामेंट के रूप में वैश्विक ध्यान आकर्षित कर रहा है। इस टूर्नामेंट में 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है।

# यानिक सिनर शीर्ष पर बरकरार

- डब्ल्यूटीए रैंकिंग में बोइसों ने 296 स्थान की लंबी छलांग लगाई

पेरिस, एजेंसी

फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करने वाली लोइस बोइसों सोमवार को जारी नवीनतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 296 अंक की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

फ्रांस की बोइसों फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले 361वें स्थान पर थीं, लेकिन पिछले हफ्ते इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में जगह बनाने की बदौलत लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में बोइसों को हराया और फिर अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता।



यानिक सिनर। ● एजेंसी

डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। एरिना सबालेंका शीर्ष पर बरकरार हैं। गॉफ और उनकी साथी अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सबालेंका को रोलां गैरो पर फाइनल में गॉफ के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। वाइल्ड कार्ड धारक बोइसों ने तीसरी वरीय पेगुला को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी और फिर छठे नंबर की खिलाड़ी मीरा आंद्रीवा को हराया।

रोलां गैरो पर सबसे लंबे फाइनल में शीर्ष वरीय यानिक सिनर को हराकर अपने खिताब की रक्षा करने वाले कार्लोस अल्कारेज पुरुष एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। इटली के सिनर फाइनल में हार के बावजूद शीर्ष पर हैं। सिनर ने अल्कारेज पर 2030 अंक की बढ़त बना रखी है। एलेक्जेंडर ज्वेरेव तीसरे स्थान पर हैं। जैक ड्रैपर चौथे जबकि नोवाक जोकोविच पांचवें पायदान पर हैं।

# धोनी आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल

- आईसीसी हॉल ऑफ फेम 2025 में सात क्रिकेटरों को शामिल करेगी, जिसमें पांच पुरुष और दो महिला खिलाड़ी होंगे

लंदन, एजेंसी

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी मैथ्यू हेडन और दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज हाशिम अमला के साथ वर्ष 2025 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। आईसीसी अपने हॉल ऑफ फेम 2025 में सात क्रिकेटरों को शामिल करेगी जिसमें पांच पुरुष और दो महिला खिलाड़ी हैं।

आईसीसी ने बयान में कहा दबाव में अपने शांत स्वभाव और बेजोड़ रणनीतिक कौशल के लिए मशहूर, साथ ही छोटे प्रारूपों में एक अग्रणी खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी की खेल के सबसे महान फिनिशर, नेतृत्वकर्ता और विकेटकीपर के रूप में



महेंद्र सिंह धोनी। ● एजेंसी

विरासत को आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल करके सम्मानित किया गया है। बयान के अनुसार भारत के लिए 17,266 अंतरराष्ट्रीय रन, 829 शिकार और विभिन्न प्रारूपों में 538 मैच के साथ धोनी के आंकड़े ना केवल उत्कृष्टता बल्कि असाधारण स्थिरता, फिटनेस और लंबे करियर को दर्शाते हैं।

भारत को 2007 में टी20 विश्व कप, 2011 में एकदिवसीय विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले धोनी ने आईसीसी द्वारा साझा किए गए बयान में कहा आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होना सम्मान की बात है जो दुनिया भर के विभिन्न पीढ़ियों के क्रिकेटरों के योगदान को मान्यता देता है। उन्होंने कहा, ऐसे सर्वकालिक महान खिलाड़ियों के साथ आपका नाम याद किया जाना एक अद्भुत एहसास है। यह कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।

# अनुभवी इलावेनिल से पदक की उम्मीद

म्यूनिख, एजेंसी

दो बार की पदक विजेता इलावेनिल वालारिवन से मंगलवार को यहां आईएसएसएफ (अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) के साल के तीसरे विश्व कप के पहले दिन पदक की सबसे ज्यादा उम्मीदें होगी। क्योंकि उनके अलावा देश के तीन निशानेबाज महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में पहली बार इस आयोजन में भाग लेंगे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल मंगलवार को होंगे। इसके अलावा 10 स्पर्धाओं में से चार के लिए एलिमिनेशन और क्वालीफिकेशन शुरू होंगे।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस टूर्नामेंट के लिए निशानेबाजों की 22 सदस्यीय दल भेजी है। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के अलावा किरण अंकुश जाधव दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेंगी। भारत पहले दिन दो पदक स्पर्धाओं में विश्व कप में पदार्पण करने वाले तीन खिलाड़ियों को

**आईएसएसएफ विश्व कप**



इलावेनिल वालारिवन। ● एजेंसी

मैदान में उतार रहा है। इसमें राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू महिला स्पर्धा में तथा आदित्य मालरा और निशांत रावत पुरुष स्पर्धा में इस स्तर पर पहली बार किस्मत आजमायेंगे।

भारत की दूसरी एयर राइफल निशानेबाज आर्या बोरसे भी सीनियर स्तर पर अपने शुरुआती साल में है। वह हालांकि शानदार फॉर्म में है। उसने ब्यूनस आयर्स और लीमा में वर्ष के पहले दो विश्व कप चरणों में क्रमशः एक व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई तथा दो मिश्रित टीम रजत पदक जीते। इससे दो बार की ओलंपियन और दो बार की व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता इलावेनिल और एशियाई चैंपियनशिप विजेता और चार बार के विश्व कप पदक विजेता वरुण तोमर को दोनों स्पर्धाओं में सीनियर की जिम्मेदारी संभालनी होगी। भारतीय राइफल कोच दीपाली देशपांडे ने सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा म्यूनिख निशानेबाजी परिसर से हमारे निशानेबाज अच्छी तरह परिचित है। ये सभी यूरोपीय सर्किट पर विभिन्न आयोजनों के लिए कई बार यहां आ चूके है। वे अभ्यास में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, देखते हैं मुकाबले में क्या होता है। भारत ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अमेरिका में हुए विश्व कप के पहले दो चरणों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय निशानेबाज विश्व कप के साल के शुरुआती दो चरण की सफलताओं को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

राष्ट्रीय पिस्टल कोच समरेश जंग ने कहा हमारे निशानेबाज लय में हैं। सभी फिट है इसलिए हम अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त है। प्रतियोगिता के शुरुआती दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और पुरुषों की थ्री पी टीम भी चुनौती देती दिखेगी। मनु भाकर, ईशा सिंह और सिमरनप्रीत कौर की तिकड़ी एक बार फिर अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने की कोशिश करेगी।

### भारतीय हॉकी टीम को नीदरलैंड से 3-2 से मिली हार

**एम्सटेलवीन :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के दूसरे मैच में सोमवार को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा।

एम्सटेलवीन के वागेनर स्टेडियम में आज खेले गए रोमांचक मुकाबले का पहला क्वार्टर गोलरहित रहा और दूसरे क्वार्टर में दोनों ही टीमों ने 1-1 गोल किया। तीसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने एक गोलकर स्कोर 2-0 से कर दिया। चौथा क्वार्टर निर्णायक रहा। भारत के लिए अभिषेक (20वें मिनट में) और जुगराज सिंह (54वें मिनट में) ने गोल किए। नीदरलैंड के लिए थिज डैम वैन (24वें मिनट), होडेमेकर्स टीजेप (33वें मिनट में) और जानसेन जिप (57वें मिनट में) ने गोल किए। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब अपने अगले मैच बुधवार को अर्जेंटीना से भिड़ेगी।

# कोलकाता व दिल्ली के टेस्ट मैचों में बदलाव

- विंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने हैं मुकाबले

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुताबिक कोलकाता के ईडन गार्डन्स और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के आगामी घरेलू सत्र के दौरान क्रमशः वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने आवंटित टेस्ट मैचों की अदला-बदली करेंगे। दिल्ली को पहले 14 से 18 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट की मेजबानी करनी थी, लेकिन अब वह 10 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

बीसीसीआई की ओर से स्थल परिवर्तन का कारण नहीं बताया गया है, लेकिन समझा जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर के मध्य में वायु प्रदूषण के स्तर के खतरनाक होने के कारण यह फैसला लिया गया है। कुछ साल पहले भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दौरान खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस मैच के दौरान श्रीलंकाई क्षेत्ररक्षकों ने मास्क पहने हुए थे और कुछ को कथित तौर पर सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

समझा जाता है कि बीसीसीआई की क्रिकेट संचालन टीम ने पिछले कुछ वर्षों के एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) डेटा को एकत्रित किया और निर्णय लिया कि स्थल परिवर्तन एक व्यवहार्य विकल्प है। भारत का घरेलू सत्र वेस्टइंडीज के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों से शुरू होगा। इसकी शुरुआत दो अक्टूबर को अहमदाबाद में होगी।

# पुर्तगाल ने जीता यूईएफए नेशंस लीग का खिताब

- शूटआउट में स्पेन को हराकर दूसरी बार हासिल की ट्रॉफी

म्यूनिख, एजेंसी

पुर्तगाल ने स्पेन को शूटआउट में हराकर यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ वह दो बार यह कारनामा करने वाली पहली टीम बन गई है। म्यूनिख फुटबॉल एरिना में रविवार रात खेले गए फाइनल में दोनों टीमों के बीच अतिरिक्त समय के बाद मुकाबला 2-2 से बराबरी रहने के बाद हुए शूटआउट में पुर्तगाल ने स्पेन पर 5-3 से जीत दर्ज कर दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया।





जर्मनी के म्यूनिख में पुर्तगाल की टीम ट्राफी के साथ जश्न मनाती हुई। ● एजेंसी

40 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और नेशंस लीग फाइनल में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। स्पेन के लिए पहले हाफ में मार्टिन जुबिमेंडी ने 21वें मिनट में गोलकर अपनी टीम बढ़त दिलाई। इसके पांच मिनट बाद पुर्तगाल के नूनो मेंडेस अपने पहले अंतरराष्ट्रीय गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मिकेल ओयार्जाबल ने पेड्री के पास को गोल में बदलकर स्पेन को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में रोनाल्डो मैच के 61वें मिनट मे गोलकर पुर्तगाल को 2-2 बराबरी पर ला दिया। यह रोनाल्डा का 938वां गोल था। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पायी। स्कोर बराबरी पर रहने के बाद हुये शूटआउट में पुर्तगाल ने पांच और स्पेन ने तीन गोल किये। पेनल्टी शूटआउट में गोंसालो रामोस ने पुर्तगाल की ओर से पहला, विटिना ने दूसरा गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस ने तीसरा गोल किया। चौथा गोल नूनो मेंडेस के हिस्से में आया। पुर्तगाल की ओर से रूबेन नेवेस ने पांचवां गोलकर अपनी टीम को 5-3 से जीत दिला दी। स्पेन के लिए मेरिनो, एलेक्स बेना और इस्को ने गोल किए।



क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

### एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग से चुनौती

**कोवलून (हांगकांग) :** टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम एएफसी एशियाई कप फुटबॉल 2027 के तीसरे दौर के क्वालीफायर मैच में मंगलवार को हांगकांग से खेलेगी तो यह चुनौती भी उसके लिए आसान नहीं होगी।

स्थानीय मीडिया रपटों के अनुसार मैच के 50 हजार टिकट बिक चुके हैं जो हांगकांग फुटबॉल में एक नया रिकॉर्ड है। मनोलो मार्केज की टीम का सामना ऐसी हांगकांग टीम से है जिसके मैनेजर एशले वेस्टवुड हैं और जो भारतीय फुटबॉल के बारे में काफी कुछ जानते हैं। वह 2013 से 2016 तक बेंगलुरू एफसी के कोच रहे जिसके बाद एटीके और राउंडग्लास पंजाब एफसी के भी कोच रहे। विश्व रैंकिंग में 127वें स्थान पर काबिज भारत ने मार्च में बांग्लादेश से ड्रॉ खेला था।

गर्मी से राहत



दिल्ली के कई इलाके भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं, इसके बावजूद सोमवार को चाणक्यपुरी के संजय कैंप में पानी का टैंकर पहुंचा तो गर्मी से परेशान बच्चे पीने के पानी का संकट भूलकर पानी से खेलने में मशगूल हो गए। एजेंसी

कोई नहीं जानता...

# देश में गर्मी से कितनी मौतें..!



पिछले साल मई की तपती दोपहर में दिल्ली के गाजीपुर इलाके में एक कूड़ा बीनने वाला व्यक्ति गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर पड़ा। पेशे से सफाई कर्मचारी मजीदा बेगम ने उसे इस हालत में देखा और बताया कि परिवार उसे अस्पताल ले गया। लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। उनके पास इस बात का कोई सबूत नहीं था कि वह गर्मी के कारण मरा है, इसलिए उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला। उसकी मौत को कभी आधिकारिक तौर पर गर्मी से मौत के रूप में नहीं गिना गया। यह भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण मरने वाले अनगिनत लोगों में से एक मामला है, जो कभी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किए गए और न ही उन्हें कभी मुआवजा दिया गया।

### गर्मी से मौतों की निगरानी के तीन माध्यम

वर्तमान में तीन अलग-अलग आंकड़ों में लू और गर्मी से मौत के मामलों की निगरानी की जाती है। सबसे अधिक स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) और गृह मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े उद्धृत किए जाते हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) भी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में लू या गर्म हवाओं के कारण होने वाली मौत के आंकड़े रखता है, जो मुख्य रूप से मीडिया में आई खबरों से प्राप्त आंकड़े होते हैं।

### कोई भी निगरानी सटीक नहीं

ये तीनों स्रोत व्यापक रूप से मौतों की अलग संख्याएं बताते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय से आरटीआई के जरिए प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के तहत 2015 से 2022 के बीच गर्मी से संबंधित मौत के 3,812 मामले दर्ज किए गए। एनसीआरबी के मुताबिक इसी अवधि में ये आंकड़ा 8,171 मौतों का है। इसी अवधि में आईएमडी की वार्षिक रिपोर्ट में लू से मौत के 3,436 मामले दर्ज हैं।

### राज्य नहीं देते आंकड़े

कई राज्यों ने अपने आंकड़े केंद्र के साथ साझा नहीं करते। इन राज्यों में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु शामिल हैं। इससे लू और गर्मी से होने वाली मौतों का सही आंकड़ा प्राप्त नहीं होता।

### अलग-अलग एजेंसियों के अलग-अलग आंकड़े

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक एनसीआरबी के आंकड़े काफी हद तक सार्वजनिक स्थानों, घरों और अन्य जगहों पर मृत पाए गए लावारिस लोगों की संख्या दर्शाते हैं। एनसीआरबी के अनुसार 2022 में लू/गर्मी से 730 लोगों की मौत हुई, 2021 में 374 और 2020 में 530 लोगों की मौत हुई। इसके विपरीत, एनसीडीसी के आंकड़ों के अनुसार 2022 में गर्मी से संबंधित मौत की संख्या केवल 33 है, 2021 में गर्मी से किसी की मौत नहीं हुई और 2020 में गर्मी के कारण चार लोगों की मौत हुई।

### रिपोर्टिंग के लिए पर्याप्त तंत्र नहीं

दिल्ली में केंद्र सरकार संचालित एक अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर के मुताबिक अधिकतर अस्पतालों में कर्मचारियों की कमी से उचित डाटा संग्रह और रिपोर्टिंग में बाधा आती है। मई में इंडिया हीट समिट 2025 में स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाहकार सौम्या स्वामीनाथन ने भी देश की मृत्यु-रिपोर्टिंग प्रणालियों की कमियों को उजागर किया था।

## एक नजर

### सऊदी अरब ने भारतीयों पर नहीं लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब द्वारा भारतीय यात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। सूत्रों ने आज यहां कहा कि सऊदी अरब की यात्रा करने वाले भारतीयों पर किसी भी प्रतिबंध के बारे में रिपोर्ट गलत है। सऊदी सरकार ने इस मामले में कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। सूत्रों ने बताया कि हर साल हज के दौरान भीड़भाड़ से बचने के लिए अल्पकालिक वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाता हैं, जो हज के समापन के साथ समाप्त होता है। इस साल भी वही किया गया है।

### सिंगापुर: चोरी करते पकड़ी गईं दो भारतीय महिलाएं

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर अलग-अलग दुकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में दो भारतीय महिलाओं को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। 'स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार ने पुलिस के बयान का हवाला देते हुए बताया कि 29 और 30 साल की उम्र की इन महिलाओं ने दो जून को चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों महिलाओं को देश छोड़ने से पहले हिरासत में लिया गया।

### बम की धमकी, गल्फ एयर का विमान कुवैत में उतरा

**कुवैत सिटी।** कुवैत में गल्फ एयर के एक विमान को उडान भरने के कुछ समय बाद बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर लिया गया। विमान से सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। कुवैत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बयान में कहा कि उड़ान जीएफ213 के आगमन पर पूरी सुरक्षा जांच की गई और डीजीसीए और आंतरिक मंत्रालय के समन्वय में आपातकालीन प्रक्रियाएं सक्रिय की गईं। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### दिल्ली से 66 अवैध बांग्लादेशी पकड़े गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने वजीरपुर और नयी सब्जी मंडी इलाकों में 66 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जिनमें 20 पुरुष, 16 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल हैं। हिरासत में लिए गए ये लोग 11 परिवारों से हैं और राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे थे। एक गुप्त सूचना मिलने के बाद छह जून को अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार, ये विदेशी नागरिक हाल ही में हरियाणा के नूंह (पूर्व में मेवात) से यहां आए थे, जहां वे ईंट भट्ठों में काम करते थे।

# लॉस एंजिलिस: सैनिकों की तैनाती से भड़के प्रदर्शनकारी, वाहन फूंके

## हजारों प्रदर्शनकारियों ने हाईवे जाम किया, अफसरों ने दागे आंसू गैस के गोले

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

- आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ तीन दिन से प्रदर्शन जारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर लॉस एंजिलिस में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की असाधारण तैनाती को लेकर रविवार को तनाव और बढ़ गया, जहां हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए, उन्होंने एक प्रमुख राजमार्ग पर जाम लगा दिया और स्वचालित गाड़ियों में आगजनी की। स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाईं।

इस दौरान पुलिसकर्मियों को घोड़ों पर सवार होकर सड़कों पर गश्त करते देखा गया और शील्ड पहने कुछ पुलिसकर्मी संघीय केंद्रों की सुरक्षा के लिए तैनात सैन्य जवानों के पीछे खड़े देखे गए। सैन्य जवानों को उस हिरासत केंद्र की सुरक्षा में भी तैनात किया गया है जहां हाल के दिनों में कुछ अप्रवासियों को ले जाया गया था। पुलिस ने प्रदर्शन को गैरकानूनी सभा घोषित किया और शाम होते-होते कई प्रदर्शनकारी लौटने लगे लेकिन मौके पर डटे प्रदर्शनकारियों ने पास के एक पार्क से कुर्सियां लाकर एक अस्थायी अवरोधक बना दिया तथा दूसरी तरफ खड़े पुलिसकर्मियों पर वस्तुएं फेंकना शुरू कर दिया।

कुछ प्रदर्शनकारियों ने राजमार्ग 101 अवरुद्ध कर पुलिस पर पथराव किया और उनकी तरफ पटाखे फेंके, जिसके बाद खुद को बचाने के लिए पुलिसकर्मियों को एक पुल के नीचे छिपना पड़ा। आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ पिछले तीन दिन से प्रदर्शन किया जा रहा है। सेना के 300 जवानों की तैनाती के बाद स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई है। नेशनल गार्ड के जवान सुबह से ही लॉस एंजिलिस में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर के बाहर बंदूकें लिए और शील्ड पहने खड़े हैं। प्रदर्शनकारियों ने सैन्य जवानों के खिलाफ 'शर्म करो' और 'वापस जाओ' के नारे लगाए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने सैन्य जवानों के करीब पहुंचने की कोशिश की लेकिन वर्दीधारी अधिकारियों ने उन्हें को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।



प्रदर्शनकारियों ने नेशनल गार्ड की तैनाती के विरोध में कई वाहनों में आग लगा दी।

### आव्रजन पर बढ़ते तनाव के बीच नए यात्रा प्रतिबंध लागू

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 12 अफ्रीकी और पश्चिम एशियाई देशों के नागरिकों के अमेरिका यात्रा करने पर लगाए गए नए प्रतिबंध सोमवार से प्रभावी हो गए। यह प्रतिबंध राष्ट्रपति के आव्रजन प्रवर्तन अभियान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच लगाया गया है। ट्रंप ने बीते बुधवार को इस नई घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे। यह प्रतिबंध अफगानिस्तान, म्यांमा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन के नागरिकों पर लागू होते हैं। इसके अलावा बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेज़ुएला के उन नागरिकों पर भी सख्त शर्तें लागू की जाएंगी जो अमेरिका के बाहर हैं और जिनके पास वैध वीजा नहीं है।

कुछ ही मिनट बाद लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए भीड़ नियंत्रण हथियारों का इस्तेमाल किया। इसके बाद प्रदर्शकारियों ने राजमार्ग 101 पर यातायात जाम कर दिया, लेकिन बाद में 'कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल' के अधिकारियों ने उन्हें सड़क से हटा दिया, लेकिन दक्षिण की ओर जाने वाली लेन पर यातायात बंद है। पास में, कम से कम चार स्वचालित कारों में आग लगा दी गई, इलेक्ट्रिक वाहनों के जलने के साथ विस्फोट की आवाज भी सुनाई दी।

## जम्मू-कश्मीर में सैनिक ने खुद को गोली मारी, मौत

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग इलाके में एक शिविर में एक सैनिक ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला जिले के गुलमर्ग स्थित 9वीं राज राइफल कैंप के लांस नायक बनवार लाल सरन ने रविवार रात अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि राजस्थान के रहने वाले जवान की मौके पर ही मौत हो गई। शव को चिकित्सकीय और कानूनी औपचारिकताओं के लिए तंगमर्ग उप जिला अस्पताल ले जाया गया।

## समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ अमेरिकी विमान

**सैन डिएगो।** सैन डिएगो के निकट सागर तट से आठ किलोमीटर दूर समुद्र में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हादसे के वक्त विमान में छह लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर प्वाइंट लोमा के निकट मलबे का एक क्षेत्र पाया गया, जहां हादसाग्रस्त विमान की तलाश शुरू की गई।

# शिक्षा मद के 2291 करोड़ रोकने के मामले में तत्काल सुनवाई से सुप्रीम इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- तमिलनाडु सरकार का अनुरोध शीर्ष कोर्ट ने ठुकराया

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर समग्र शिक्षा योजना (एसएसएस) की 2291.30 करोड़ रुपए की धनराशि रोकने का आरोप लगाते हुए उसका भुगतान करने का निर्देश देने की तमिलनाडु सरकार की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने मामले का विशेष उल्लेख करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन की तत्काल सुनवाई की दलीलें सुनने के बाद कहा, इसमें कोई जल्दबाजी नहीं है, इसे आंशिक कार्य दिवसों (ग्रीष्मकालीन अवकाश) के बाद इस पर सुनवाई की जा सकती है। तमिलनाडु सरकार ने लाखों बच्चों की पढ़ाई के नुकसान का हवाला देते हुए याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था।

अपनी याचिका में उसने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और पीएम श्री के कार्यान्वयन न करने के कारण के केंद्र सरकार एसएसएस के तहत तमिलनाडु को मिलने वाली धनराशि रोक रही है। राज्य की द्रमुक सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर अपनी मूल याचिका में उसने केंद्र सरकार को 2,291.30 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग की, जिसमें एक मई, 2025 से लेकर डिक्री की प्राप्ति तक 2,151.59 करोड़ रुपये की मूल राशि पर छह फीसदी प्रति वर्ष ब्याज शामिल है।

### ठग लाइफ: कर्नाटक थिएटर एसोसिएशन से कहा- हाईकोर्ट जाएं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के सिनेमाघरों में कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की स्क्रीनिंग के लिए सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर भी तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कर्नाटक के थिएटर एसोसिएशन से कहा कि वे इसके बजाय कर्नाटक हाईकोर्ट का रुख करें। याचिकाकर्ता के वकील ने सिनेमाघरों में आग लगाने की धमकियों का जिक्र किया। मगर न्यायमूर्ति मिश्रा ने तत्काल सुनवाई से इन्कार करते हुए कहा, अग्निशामक यंत्र लगाएं।

# रूस ने यूक्रेन पर बमबारी के लिए एक रात में 479 ड्रोन से किया बड़ा हमला

कीव, एजेंसी

यूक्रेनी वायु सेना ने सोमवार को कहा कि रूस ने युद्ध के दौरान एक रात में सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया जिसके तहत बमबारी के लिए 479 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। वायु सेना के अनुसार, ड्रोन के अलावा यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न प्रकार की 20 मिसाइलें दागी गईं।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि हमले के दौरान मुख्य रूप से यूक्रेन के मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। वायु सेना के एक बयान में कहा गया है कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने 277 ड्रोन और 19 मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। बयान में दावा किया गया कि केवल 10 ड्रोन या मिसाइल ही अपने लक्ष्य तक पहुंच सके। लेकिन इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।

रूस के हवाई हमले आमतौर पर देर शाम को शुरू होते हैं और सुबह खत्म होते हैं, क्योंकि अंधेरे में ड्रोन को पहचानना मुश्किल होता है। रूस ने तीन साल से ज्यादा समय से जारी युद्ध के दौरान लगातार यूक्रेन के नागरिक इलाकों में शाहिद ड्रोन से हमला किया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इन हमलों में 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं। रूस का कहना है कि वह सिर्फ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाता है।

### अमेरिका के दिए 26 अब्राम टैंकों को रूस ने किया नष्ट

**मास्को।** रूसी सशस्त्र बलों ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दिए गये 31 अब्राम टैंकों में से अबतक 26 को नष्ट कर दिया है। यह जानकारी स्पूतनिक ने सोमवार को दी। जनवरी 2023 में, तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को 31 एम1 अब्राम टैंक देने की घोषणा की थी। स्पूतनिक की गणना के अनुसार, रूसी सेना ने फरवरी 2024 से अब तक 26 टैंकों को नष्ट कर दिया है। इस तरह के पहले टैंक को 26 फरवरी, 2024 को अवदेयेवका दिशा में त्सेंट्र समूह की सेनाओं ने नष्ट कर दिया था। अब्राम्स अमेरिका का मुख्य युद्धक टैंक है। एम1 जनरल अब्राम्स का लगातार उत्पादन 1980 में शुरू हुआ था। इस टैंक का नाम जनरल क्रेयटन अब्राम्स के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एक टैंक बटालियन की कमान संभाली थी।

## एक्सिओम-4 मिशन 11 जून तक स्थगित

**नई दिल्ली।** इसरो ने सोमवार शाम को बताया कि मौसम की स्थिति के कारण भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन को 11 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

आईएसएस की यात्रा के लिए कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन-9 रॉकेट को मंगलवार शाम को अमेरिका में फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरनी थी। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा, मौसम की स्थिति के कारण, भारतीय गगनयात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजने के लिए एक्सिओम-4 मिशन का प्रक्षेपण 10 जून 2025 के बजाय 11 जून 2025 के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# केरल तट के पास जहाज में आग लगी

- चालक दल के 22 में 18 सदस्यों ने जहाज छोड़ा, चार लापता

कोच्चि, एजेंसी

सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज एमवी वान हाई 503 पर सोमवार सुबह केरल तट के पास आग लगने की सूचना मिलने के बाद चालक दल के सदस्यों को उससे निकाला जा रहा है। एक रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि जहाज एमवी वान हाई 503 पर सवार चालक दल के 22 सदस्यों में से 18 ने जहाज छोड़ दिया है, चार सदस्य अभी लापता हैं।

जनसंपर्क अधिकारी ने कहा, जहाज में अभी आग लगी हुई है और वह बिना नियंत्रण के गतिमान है। भारतीय तटरक्षक जहाज सचेत, अर्नवेश, समुद्र प्रहरी, अभिनव, राजदूत और सी-144 बचाव अभियान में शामिल हैं। अधिकारियों ने पहले कहा था कि जहाज एमवी वान हाई 503 पर विस्फोट की सूचना मिली है, लेकिन बाद में स्पष्ट किया कि उस पर आग लगी है। भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल ने बचाव अभियान शुरू किया है।



सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज में आग लगने के बाद उठता काला धुआं।

### बचाव के लिए भेजा गया आईएनएस सूरत

पीआरओ ने बताया, नौ जून को सुबह लगभग 10 :30 बजे, एमओसी (कोच्चि) को एमओसी (मुंबई) से जहाज के निचले डेक पर आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद भारतीय नौसेना ने तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए आईएनएस सूरत को उस जगह रवाना किया, जो कोच्चि में लंगर डालेगा। पीआरओ ने कहा कि नौसेना की पश्चिमी कमान ने पूर्वाह्न 11 बजे पोत को घटना वाली जगह की ओर रवाना किया।

# इजराइली सेना ने गाजा में मदद ले जा रहा जहाज रोका

यरुशलम, एजेंसी

- ग्रेटा धनबर्ग समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

इजराइल की सेना ने सोमवार की सुबह गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए जा रहे एक जहाज को रोक दिया और उसमें सवार सामाजिक कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' संगठन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने और इजराइली नाकाबंदी तथा युद्ध में उसके आचरण का विरोध करने और फलस्तीनियों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए ये यात्रा शुरू की थी। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' ने आरोप लगाया कि सामाजिक कार्यकर्ताओं का इजराइली सेना ने अपहरण कर लिया है और उसने उनके पहले से रिकॉर्ड किए गए संदेश जारी किए।

संगठन ने कहा, जहाज पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया। जहाज के निहत्थे असैन्य चालक दल के सदस्यों का अपहरण कर लिया गया और इस पर मौजूद जीवन रक्षक राहत सामग्री जैसे कि शिशु फॉर्मूला, भोजन और चिकित्सा आपूर्ति को जब्त कर लिया गया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने यात्रा को एक 'जनसंपर्क का हथकंडा' बताया और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सेलिब्रिटी लोगों का 'सेल्फी जहाज' सुरक्षित रूप से इजराइल के तट पर पहुंच रहा है।

## आतंकी तहव्वुर राणा को मिली फोन पर परिजनों से बातचीत की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जेल में बंद मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को अपने परिवार के सदस्यों से फोन पर बात करने की सोमवार को अनुमति दे दी। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक बार यह छूट दी।

न्यायाधीश ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुरूप और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में होगी। अदालत ने सोमवार से 10 दिन के भीतर राणा के स्वास्थ्य पर एक नई रिपोर्ट भी देने को कहा है। राणा को नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं, न्यायाधीश ने इस पर जेल अधिकारियों को अपना रुख स्पष्ट करने के लिए एक रिपोर्ट भी दाखिल करने का निर्देश दिया।

# राजा रघुवंशी की हत्या की सारी परतें उधेड़ेगी मेघालय पुलिस

## पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी ने कहा- हत्या के केंद्र में सोनम और उसके पिता के शोरूम पर काम करने वाला राज

शिलांग, एजेंसी

- सोनम को अपने कब्जे में लेने के लिए शिलांग की पुलिस टीम गाजीपुर रवाना हुई

मेघालय पुलिस इंदौर से हनीमून मनाने आए राजा रघुवंशी की हत्या के चार आरोपियों की गिरफ्तारी और उसकी पत्नी सोनम के आत्मसमर्पण के बाद अब इस निर्मम हत्या के पीछे के तथ्यों को उजागर करने के लिए कड़ियों को जोड़ेगी। सोनम को गिरफ्तार करने के लिए एक और टीम यूपी के गाजीपुर जा रही है जो अभी वहां के नानगंज थाने में आत्मसमर्पण करने के बाद वन स्टॉप सेंटर में है।

पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक सिम ने कहा, हमें नहीं पता कि राजा की हत्या के पीछे क्या मकसद था। सभी आरोपियों से पूछताछ करने के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। जांच से हत्या के सही मकसद या मामले में और लोगों के शामिल होने के बारे में भी पता चलेगा।

उन्होंने कहा कि चारों आरोपियों की गिरफ्तारी पर्याप्त सबूतों के आधार पर की गई है। राजा की हत्या को पूर्व नियोजित बताते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जब हमने बिंदुओं को जोड़ा तो यह राज कुशवाह और सोनम को केंद्र में रखता है। राज कुशवाह सोनम के पिता के शोरूम पर काम करता है। जब वे यहां आएंगे तो इसकी पुष्टि हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आकाश, विशाल और आनंद, वही लोग थे जिन्हें नोंग्रियाट गांव से लौटते समय एक स्थानीय टूर गाइड ने देखा था।

### सोनम ने जाने की टिकट बुक कराया, लौटने की नहीं



**इंदौर।** राजा रघुवंशी की मां उमा रघुवंशी ने सोमवार को कहा कि सोनम ने ही हनीमून पर शिलांग जाने की योजना बनाई थी, लेकिन उसने वहां से वापसी का टिकट बुक नहीं कराया था। उमा ने बताया, मेरा बेटा इतनी जल्दी हनीमून पर नहीं जाना चाहता था। मैंने उससे कहा था कि अगर टिकट बुक हो चुका है तो उसे जाना चाहिए। उमा ने कहा कि उन्हें सोनम की ताजा तस्वीर देखकर झटका लगा क्योंकि उसके शरीर पर खरोंच का एक निशान तक नहीं है। उमा ने कहा, मैं सोनम के मुंह से सुनना चाहती हूं कि उसने राजा को कहां, क्यों और किस हालत में छोड़ा था। उन्होंने कहा कि सगाई के बाद सोनम उनके बेटे को पर्याप्त वक्त नहीं दे रही थी। उन्होंने कहा कि अगर वाकई सोनम ने उनके बेटे की हत्या कराई है तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

### लोगों ने सोनम की तस्वीर जलाकर जताया गुस्सा

सहकार नगर में राजा रघुवंशी के घर के बाहर स्थानीय लोगों ने सोनम की तस्वीर जलाकर राजा की हत्या पर गुस्सा जताया। प्रदर्शनकारियों ने राजा के घर के बाहर लगाए गए उस विशाल बैनर को भी फूंक दिया जिसमें उसकी हत्या की सीबीआई जांच की मांग की गई थी। इस बैनर पर लिखा था, केंद्र और राज्य सरकार से राजा की आत्मा करे पुकार- मैं मरा नहीं, मुझे मारा गया है। सीबीआई से कराई जाए जांच। बैनर पर राजा रघुवंशी और उसकी पत्नी सोनम की शादी तस्वीरें भी छापी गई थीं।



सोनम को मेडिकल के लिए ले जाती पुलिस।